ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 07 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 185 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

टीम में वापसी के लिए योग्य बनाती है ... पेज 10 पर



## मुख्यमंत्री हेमंत ने अधीक्षण अभियंता के खिलाफ पीई दर्ज करने की दी अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर अमल करते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लगातार एक्शन में हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग के विरुद्ध आयकर विभाग द्वारा आय से अधिक धनार्जन करने से संबंधित जांच प्रतिवेदन के आधार पर पीई दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।



**यह है मामला :** आयकर विभाग के द्वारा अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग के आवास पर 22 नवंबर 2022 को की गई तलाशी के दौरान कुल 406.28 लाख रुपए की चल- अचल संपत्ति मिली थी। इसमें 17.13 लाख रुपए नकद, 170.15 लाख रुपए का गहना एवं बहुमूल्य धातु, 64 लाख रुपए बैंक खातों में जमा राशि और 155 लाख रुपए परिवार के नाम पर अचल संपत्ति के रूप में मिले थे, जिसे जब्त कर लिया गया था। इस सिलसिले में प्रधान आयकर निदेशक (अन्वेषण) कार्यालय, पटना द्वारा तलाशी और जब्ती से संबंधित प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया था।

## किसानों की उम्मीदों पर मानसून ने फेरा पानी

### मोटे अनाज की खेती से जगी आस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में इस साल भी अभी तक सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है। राज्य के 24 में से 22 जिलों में स्थिति बेहद खराब है। ऐसे में अब तक धान की खेती करने वाले किसानों को राज्य सरकार मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 में भारत सरकार भी राज्य सरकार की मदद कर रही है। भारत सरकार की ओर से 9000 किलोग्राम 'श्रीअन्न' के बीज झारखंड को दिए हैं। जिसे प्रखंड स्तर पर मिनी किट बनाकर किसानों के बीच वितरित किया गया है। राज्य सरकार ने अपने स्तर से भी किसानों को मडुआ, ज्वार और



बाजरा के बीज उपलब्ध कराए गए हैं। ताकि किसान मोटे अनाज की खेती की ओर आकर्षित हों। 48 हजार हेक्टेयर में होगी खेती: राज्य में 28 लाख हेक्टेयर जमीन पर खेती की जाती है। इसमें मोटे अनाज सिर्फ 2200 हेक्टेयर में होती है। अब झारखंड सरकार ने लक्ष्य रखा है कि इस वर्ष कम से कम 53 हजार हेक्टेयर में 'श्रीअन्न' यानी मोटे अनाज की खेती की जाएगी। जिसमें अकेले मडुआ की खेती 48 हजार हेक्टेयर में होगी। राज्य सरकार ने मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए 50 करोड़ की राशि का अलग से बजट भी रखा है।

रांची में कृषि पदाधिकारी राम शंकर सिंह कहते हैं कि कई कारण हैं जिस वजह से धान, गेहूं की जगह मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से लगातार कम होते वर्षापात में मोटे अनाज की खेती आसानी से की जा सकती है। जलवायु के अनुकूल होने की वजह से मोटे अनाजों पर क्लाइमेट चेंज का कोई खास असर नहीं होता। इसलिए इसकी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कृषि पदाधिकारी ने बताया कि इसके साथ-साथ यह भी देखा गया है कि हरित क्रांति के बाद धान और गेहूं की पैदावार काफी बढ़ी है। इसका उपयोग भी बढ़ा है। इसकी उपज बढ़ाने में इस्तेमाल किये गए उर्वरक और रसायन का साइड इफेक्ट मानव स्वास्थ्य पर पड़ना शुरू हो गया है। डिजीज बढ़ें हैं। ऐसे में कई तरह के न्यूट्रियंट्स, माइक्रो न्यूट्रियंट्स, अच्छे किस्म के फाइबर्स प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट की वजह से मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छे होते हैं।

कृषि विशेषज्ञ रामशंकर सिंह कहते हैं कि इसके साथ साथ यह जमीन की उर्वरा शक्ति को बनाये रखने में मदद करता है। इतने सारे लाभ को देखते हुए ही दुनिया मोटे अनाज की खेती शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### विधायक सरयू राय ने पुलिस की नोटिस का दिया जवाब



**रांची।** विधायक सरयू राय ने रांची के डोरंडा थाना पुलिस के नोटिस का जवाब अनुसंधानकर्ता इंस्पेक्टर सिद्धेश्वर महथा को दिया है। उन्होंने जवाब में कहा है कि जो भी धाराएं उनपर लगाई गई हैं वह कहीं से भी उचित प्रतीत नहीं होती हैं। राय ने रविवार को दिये गये जवाब में कहा है कि 07 अप्रैल, 2022 को रांची स्थित आवास में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कागजातों के अध्ययन से इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि ये कागजात कोविड कर्मियों को प्रोत्साहन भत्ता देने के निर्णय की आड़ में झारखंड सरकार के नीतिगत झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के संगीन भ्रष्ट आचरण के पुख्ता प्रमाण हैं।

### देवघर में डोभा में डूबने से भाई-बहन की मौत

देवघर। जिले के मोहनपुर प्रखंड के जियापानी गांव में रविवार को डोभा में डूबने से गांव के राजेंद्र यादव के दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में प्रियंका कुमारी (9) और उसका छोटा भाई प्रिंस कुमार (4) हैं। इस घटना से पूरे गांव में मातम है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बच्चे गांव के अन्य बच्चों के साथ अपने घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में खेल रहे थे। इसी दौरान प्रिंस कुमार का पैर फिसल गया और वह डोभा में गिरकर डूबने लगा। उसे बचाने के लिए बहन प्रियंका कुमारी भी डोभा में कूद गई। डोभा की गहराई करीब आठ फुट बताई जा रही है।

### महिला से 1.70 लाख की ठगी, केस दर्ज

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के मोरहाबादी हरिहर सिंह रोड निवासी प्रणीता सत्याजीत को साइबर ठगों ने किराए पर मकान लेने का झांसा देकर उनके खाते से 1.70 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने इस घटना को बीते चार अगस्त को अंजाम दिया है। इस संबंध में प्रणीता ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### विवाद : चाकू मारकर पत्नी की हत्या, खुद को भी मारा चाकू

**दुमका।** पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद पति जयकांत दास ने खुद भी चाकू मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के बिराजपुर गांव में शनिवार को देर रात घटी। स्थानीय लोगों की सूचना पर रविवार की सुबह जरमुंडी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पति को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतक पत्नी लीला देवी (45) है। दोनों को दो बच्चे हैं।

### पीएम ने देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी

# विश्वस्तरीय होंगे राज्य के 20 रेलवे स्टेशन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार पूर्वाह्न 11:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में कुल 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। झारखंड में भी राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन समेत 20 रेलवे स्टेशनों का 886.70 करोड़ रुपये की राशि से कायाकल्प होगा। इस योजना के तहत हटिया स्टेशन के उन्नयन के लिए सर्वाधिक 355 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया की नजर भारत पर है। भारत में आधुनिक ट्रेनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। साथ ही उम्दा व्यवस्था देने की कोशिश की गयी है। उन्होंने कहा कि भारत, जो विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अपने अमृत काल की शुरूआत में है। नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए संकल्प हैं और इसी भावना के साथ, भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है।

#### इन स्टेशनों का होगा विकास

**अमृत** भारत स्टेशन योजना के तहत हटिया के अलावा बोकारो स्टील सिटी में 33.5 करोड़, बड़काकाना रेलवे स्टेशन में 32.6 करोड़, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस-गोमो जंक्शन में 32.4 करोड़, घाटशिला स्टेशन में 31 करोड़, पारसनाथ स्टेशन में 30.4 करोड़, कोडरमा स्टेशन में 30.3 करोड़, राजखरसावां स्टेशन में 30 करोड़, डालटनगंज स्टेशन में 29.2 करोड़, साहिबगंज स्टेशन में 29 करोड़, हजारीबाग रोड स्टेशन में 28.1 करोड़, मनोहरपुर स्टेशन में 27 करोड़, पिस्का स्टेशन में 27 करोड़, कतरासगढ़ स्टेशन में 26.9 करोड़, चन्द्रपुरा स्टेशन में 26.5 करोड़, नगरऊंटारी स्टेशन में 26.3 करोड़, गढ़वा टाउन स्टेशन में 25.5 करोड़, लातेहार स्टेशन में 24.5 करोड़, गढ़वा रोड स्टेशन में 24.5 एवं कुमारडुबी रेलवे स्टेशन के लिए 17 करोड़ की राशि उपलब्ध करायी गई है।

#### पीएम देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : राज्यपाल

**अमृत** भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर हटिया रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत के दूरस्थ इलाकों की समस्याओं से अवगत हैं और उसे दूर करने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। रांची के हटिया एवं पिस्का रेलवे स्टेशन सहित राज्य एवं देश के विभिन्न स्टेशनों को विकसित करने की योजना इसका ज्वलंत प्रमाण है।

### टीपीसी का एक उग्रवादी गिरफ्तार

**रांची।** उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटि (टीपीसी) के खिलाफ रांची पुलिस ने बुढ़मू और ठाकुरगांव थाना में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विकास गंझु उर्फ टुनटुन गंझु नाम के एक उग्रवादी को रविवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि टीपीसी उग्रवादी संगठन के कुछ उग्रवादी ठाकुर गांव और बुढ़मू थाना क्षेत्र में जमा होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे इलाके में अन्य उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान चला रही है।

## आदिवासी महोत्सव की तैयारियां शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय एक ऐतिहासिक स्थल है। इस ऐतिहासिक स्थल की पावन धरा पर झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023 का वृहत और भव्य आयोजन किया जा रहा है। कला, संस्कृति के अनुपम संगम स्थल पर आदिवासी आन,बान और शान का गौरवशाली इतिहास और आदिवासी भव्यता को प्रदर्शित करता स्मृति उद्यान स्थल पल पल प्रतिपल



आकार ले रहा है। आइए जानते है आयोजन की तैयारियों के बारे में। 09-10 अगस्त शेष पृष्ठ 11 पर

## स्कॉलरशिप परीक्षा 18 अगस्त को

### 9वीं से 12वीं तक के चयनित बच्चों को साल में 12,000 रुपये मिलेंगे

### राज्यभर में 5000 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलने वाले स्कॉलरशिप चयन परीक्षा 18 अगस्त को होगी। यह परीक्षा जैक की ओर से ली जाएगी। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। इस परीक्षा के आधार पर राज्यभर में 5000 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। सभी जिलों के विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिले, इस उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने प्रत्येक जिले से चार-चार सौ विद्यार्थियों को चयनित करने का प्रावधान किया है। स्कॉलरशिप के लिए एक परीक्षा आयोजित की जाएगी, जो 90-90 मिनट की होगी और इसमें दो खंड में प्रश्न पूछे जाएंगे, खंड एक में 90 प्रश्न होंगे, जिसमें रिजनिंग इंग्लिश और प्रोफिशिएंसी से संबंधित प्रश्न होंगे। खंड-2 में एप्टिट्यूड टेस्ट होगा। इस परीक्षा में बच्चों को 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य किया गया है। हालांकि, एससी एसटी छात्रों को सरकार ने राहत शेष पृष्ठ 11 पर

## सिरमटोली की सेना की जमीन होगी जब्त

### गलत तरीके से रजिस्ट्री व म्यूटेशन की वजह से जमीन जब्त करेगी ईडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना के द्वारा भू-अर्जन कर अधिग्रहित की गई जमीन को ईडी जब्त करेगी। सेना की सिरमटोली स्थित 5.883 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री विष्णु अग्रवाल ने अपने नाम कर करायी थी, वहीं इस जमीन पर पोजिशन नहीं होने के बाद भी अफसरों की मिलीभगत से जमीन का म्यूटेशन करा लिया गया था। रजिस्ट्री व म्यूटेशन दोनों ही विष्णु अग्रवाल के नाम शेष पृष्ठ 11 पर

#### विष्णु-भानु से पूछताछ

रविवार को भी रांची जोनल कार्यालय में विष्णु अग्रवाल व रांची जेल में बड़गाई अंचल के पूर्व राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद से पूछताछ की। विष्णु अग्रवाल ने कई जमीन की खरीद में गलती कबूली है, लेकिन रविवार को पूछताछ में स्मार्ट सिटी में जमीन की डील से जुड़े सवालों का जवाब नहीं दिया। ऐसे में ईडी अब स्मार्ट सिटी में जमीन लेने वाले दूसरे खरीदारों को समन कर सकती है। वहीं भानु ने रांची के कई जमीन माफियाओं व नेताओं को जमीन कारोबार में मदद करने की बात स्वीकारी है।

### हथियार के बल पर ज्वेलरी दुकान से 70 लाख की लूट

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के लाल बिल्डिंग चौक के समीप स्थित ईश्वर लाल ज्वेलरी दुकान में तीन नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे 70 लाख के आभूषण लूट लिए। बताया जा रहा है कि शादी के गहने खरीदने के नाम पर अपराधी दुकान में घुसे और दुकानदार से आभूषण निकलवाया। इसके बाद पिस्तौल सटाकर वैसे ही गहने भरकर चलते बने। जाते-जाते बदमाशों ने दुकान का शटर गिरा दिया और सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गए।

## संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई : अजय कुमार सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग/रांची**

डीजीपी अजय कुमार सिंह ने रविवार को हजारीबाग समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक की। बैठक में हजारीबाग, चतरा, रामगढ़, कोडरमा एवं गिरिडीह के पुलिस अधीक्षकों तथा अन्य वरीय अधिकारी शामिल थे। बैठक में हजारीबाग रेंज में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था संधारण के लिए तथा नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों पर समीक्षा की गई। डीजीपी ने हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गृहभेदन, स्नेचिंग, आर्म्स एक्ट,




फिरौती के लिए अपहरण, संगठित आपराधिक गिरोह की ओर से रंगदारी, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट एवं अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रतिवेदित कांडों तथा उसके निष्पादन पर चर्चा की। डीजीपी ने अपराध नियंत्रण के लिए संगठित आपराधिक गिरोहों के सरगना और उसमें शामिल सदस्यों को चिन्हित करते हुए सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शेष पृष्ठ 11 पर

### बस नदी में गिरी पांच यात्रियों की मौत, 16 घायल

**गिरिडीह।** झारखंड की राजधानी रांची से गिरिडीह आ रही यात्री बस (सम्राट) शनिवार रात करीब नौ बजे हादसे का शिकार हो गई। बस 55 फीट ऊंचे पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे बराकर नदी में गिर गई। इसके बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग नदी की तरफ भागे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल यात्रियों को बाहर निकाला। देर रात तीन और रविवार सुबह दो घायलों की मौत हो गई। 16 घायल यात्रियों का इलाज चल रहा है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है।

### झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर बिछने लगी बिसात

# एनडीए को जवाब देने की तैयारी में है इंडिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में अगले साल लोकसभा के तुरंत बाद विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। इसलिए, सभी अपनी-अपनी जमीन पुख्ता करने में लगे हुए हैं। एनडीए में दो दल भाजपा और आजसू पार्टी हैं तो विपक्षी गठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) हैं। लगातार दो बार से लोकसभा चुनाव में एनडीए मजबूत बना हुआ है, लेकिन इस बार उसे पछाड़ने के लिए विपक्ष ने भी कम तैयारी नहीं की है। झारखंड में अभी गैर एनडीए यानी जेएमएम के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की सरकार है। जेएमएम के सामने एक साथ दो चुनौतियां हैं। पहला, लोकसभा में एनडीए की सीटें कम करना और दूसरा विधानसभा में अपना वर्चस्व बचाए रखना। एनडीए के सामने भी यही दो



चुनौतियां हैं। पहले की तरह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर जीत हासिल करना और विधानसभा में खोया रुतबा हासिल करना। दोनों ओर से अपने-अपने मकसद में कामयाब होने के लिए जबरदस्त होड़ लगी है।

राज्य की सत्ता में विपक्षी गठबंधन यानी इंडिया की सरकार है। जेएमएम की अगुआई वाले गठबंधन सरकार में कांग्रेस और आरजेडी भी शामिल हैं। जेएमएम के पास 30 विधायक हैं। आरजेडी का तो एक ही विधायक है, लेकिन कांग्रेस के 17 विधायक हैं। 82 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में कांग्रेस के पास कभी इतने विधायक नहीं रहे हैं। सरकार में भी कांग्रेस को वाजिब हिस्सेदारी मिली है। वित्त मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण विभाग कांग्रेस के ही पास है। सत्ता में रहने का लाभ कांग्रेस को हो सकता है। इसलिए कि उसके पास अब संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की छवि भी पहले से थोड़ी बेहतर हुई है। जहां तक जेएमएम की बात है तो सीएम हेमंत सोरेन ने कई ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर फैसले लिए हैं, जो न सिर्फ जेएमएम, बल्कि उसके सहयोगी दलों को भी लाभ दिला सकते हैं।

हेमंत सोरेन सरकार ने 1932 के खतियान के आधार पर झारखंड की पुरानी मांग डोमिसाइल नीति का प्रस्ताव विधानसभा से पास करा कर आदिवासी समाज पर मनोवैज्ञानिक असर डाल दिया है। भले ही राज्यपाल ने बिल को आपत्ति के साथ राज्य सरकार को लौटा दिया है और अभी तक यह कानून का रूप नहीं ले सका है, लेकिन झारखंड के आदिवासी समाज में यह संदेश तो जा ही चुका है कि हेमंत ने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी है। जेएमएम आरोप भी लगाता है कि राज्यपाल बीजेपी के इशारे पर काम कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने डोमिसाइल नीति का बिल पास होने के बाद भी लटका दिया है। अगर विपक्ष जनता तक यह संदेश प्रचारित-प्रसारित करने में कामयाब रहा तो इसका लाभ शेष पृष्ठ 11 पर

#### विपक्ष की कमजोर कड़ी को भुनाना चाहेगा एनडीए

**एनडीए** खेमे की बात करें तो उसके पास पहले से उसका अपना जनाधार बना हुआ है। बीजेपी तो आरएसएस के कारण कैडर बेस्ड पार्टी मानी जाती है। यानी उसके कोर वोटर बड़ी मुश्किल से विशेष परिस्थिति में ही इधर-उधर होते हैं। एनडीए डोमिसाइल-आरक्षण बिलों के बारे में यह सफाई देने की कोशिश करेगा कि सरकार जान-बूझ कर लोगों को गुमराह कर रही है। सरकार ने ऐसे विधेयक ही पास कराए, जिनमें कई तरह की कमियां हैं। सरकार की मंशा इन बिलों को कानून बनने देने की कभी रही ही नहीं। एनडीए के पास विपक्षी गठजोड़ को शिकस्त देने के लिए सबसे बड़ा हथियार हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के मामलों का उजागर होना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जिस तरह मनरेगा घोटाला, जमीन घोटाला, खनन घोटाला और बिचौलिया कल्चर का पदार्फाश किया है, उसे एनडीए ने ठीक से भुनाया तो फायदा हो सकता है।

# भारत की शान तिरंगा अभियान के तहत घरों में लगाएं तिरंगा : रघुवर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा ने भारत की शान तिरंगा अभियान की शुरूआत की है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अभियान की शुरूआत करते हुए युवाओं को झंडा प्रदान कर अभियान की शुरूआत की। मौके पर रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज रांची से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की जा रही है, उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने आस-पड़ोस, मोहल्ले-टोले आदि में जाकर हर घर तिरंगा अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों से जोड़ें और लोगों को तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। इस अभियान से लोगों में राष्ट्रीयता की भावना और प्रगाढ़ होगी। हमें आजादी के लिए लड़ने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन देश के लिए कुछ करने का अवसर अवश्य मिला है। अपने-अपने घरों पर झंडा अवश्य फहराएं। यह उन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने तिरंगे के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि इस अभियान के तहत बस्तियों में एवं विभिन्न मुहल्ले में जाकर जरूरतमंदों के बीच तिरंगा झंडा का वितरण किया जाएगा साथ मे जागरूकता भी फैलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रकाश राम, टुनटुन सिंह, शुभम जायसवाल तरुण जायसवाल, आशीष कुमार, अभिषेक कुमार, अशेष मिश्रा, कुमकुम गुप्ता, प्रिंस यादव, अंकित राज, विपिन राजपूत, सत्या सिंह, अंकित सोनी, अभिषेक सिंह, मनीष सिंह, किशन महतो, रोहित साहू, शिवानन्द , सन्नी तिवारी, केशव जयसवाल उपस्थित थे।

# अभाविप की सदस्यता अभियान सात अगस्त से




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
अभाविप परिषद की सदस्यता अभियान 7 अगस्त से पूरे झारखंड में होगी। अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है इसकी सदस्यता अभियान ने छात्रों को जोड़ने के माध्यम से वह समाज में राष्ट्रहित व राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करने के लिए कृतसंकल्प है। अभाविप द्वारा स्वच्छता अभियान इस बार 7 अगस्त से प्रारंभ होगी, इसके नियमित रांची ग्रामीण के मांडर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी कार्यकर्ताओं ने एक श्वर में कहा कि प्रांत की ओर से रांची ग्रामीण को जितना भी लक्ष्य दिया गया है उसको कार्यकर्ता पूरे तन मन धन लगाकर पूरा करेंगे। वह नये छात्रों को परिषद में जोड़ेंगे राष्ट्र हित की भावना को छात्रों के अंदर पूरी सफलता के साथ सुदृढ़ करने का प्रयास करेंगे।

## आउटर राजधानी को सेफ बनाने के लिए तैयार हो रहा सुरक्षा घेरा

# 17 स्थानों पर बनायें जायेंगे पोस्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में अपराध की घटनाओं पर ब्रेक लगाने के लिए रांची पुलिस की तरफ से हर प्रयास किया जा रहा है। अब रांची पुलिस के द्वारा आउटर रांची को भी सेफ बनाने के लिए 17 पुलिस पोस्ट बनाने का निर्णय लिया गया है, इसके लिए बकायदा तैयारियां भी शुरू कर दी गई है और जगह को चिन्हित कर लिया गया है।

**17 पुलिस पोस्ट :** राजधानी में क्राइम कंट्रोल के लिए शहर के बाहरी भाग में सुरक्षा घेरा तैयार किया जा रहा है। इसके लिए शहर के बाहरी इलाकों में 17 स्थानों को चिन्हित किया गया है ,जहां पुलिस पोस्ट तैयार किया जाएगा। पोस्ट पर पुलिस की चेकिंग की व्यस्था 24 घंटे रहेगी। पोस्ट पर 3 या फिर से ज्यादा जवान तैनात रहेंगे इसके लिए प्लानिंग पूरी कर ली गई है। रांची पुलिस के द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया गया है जैसे ही पुलिस मुख्यालय से इसकी मंजूरी मिलेगी तुरंत पोस्ट के निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल वैकल्पिक रूप से रांची के आउटर इलाके में रात में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**क्या मिलेगा फायदा :** रांची पुलिस के द्वारा पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल प्रदान करने की पेशकश की गई है। रांची पुलिस के द्वारा अगर आउटर रांची में 17 पोस्ट का निर्माण कर लिया जाता है तो अपराधीक घटनाओं में काफी कमी आ सकती है। अक्सर यह देखा जाता है कि अपराधी किसी घटना को अंजाम देकर रांची से दूसरे जिलों में भाग जाते हैं ,लेकिन बाहरी क्षेत्रों में चेकिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण पुलिस वाले फरार हो रहे अपराधियों को पकड़ नहीं पाते हैं। ऐसे में अगर राजधानी के सभी 17 आउटर पोस्ट काम करने लगेंगे तो अपराधियों की धरपकड़ में काफी मदद मिलेगी।

### डीएसपी का पोस्ट भी बढ़ेगा

राजधानी रांची के ग्रामीण इलाकों में क्राइम कंट्रोल के लिए रांची पुलिस के द्वारा रातू डीएसपी के पद का सृजन करने के लिए भी पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा है। रांची की जनसंख्या तेजी के साथ बढ़ी है।ऐसे में अब पुलिस अफसरों और कर्मियो की संख्या बढ़ानी भी बेहद जरूरी है।

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों की हुई बैठक, कहा-

# मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा आन्दोलन



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ की बैठक प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में रविवार को महादानी मैदान स्थित स्टेडियम में किया गया। बैठक में राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक संघ के द्वारा 12 अगस्त को आहुत भिक्षाटन आंदोलन की तैयारी पर विचार विर्मश किया गया। ज्ञात हो कि पंचायत स्वयं सेवक अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष पिछले 29 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में हैं। बैठक में प्रखंड के सभी सक्रिय स्वयं सेवकों की सूची तैयार कर जिला भेजा गया। पंचायत सचिवालय स्वंय सेवक पंचायत सचिव स्तर पर सरकार द्वारा संचालित योजना पीएमवाईजी, समाजिक सुरक्षा, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कल्याण, आईसीडीएस का डाटाबेस तैयार कर संबंधित विभागों को उपलब्ध कराना है। सहित कृषि विभाग की विभिन्न गतिविधियॉ, समाजिक सुरक्षा के कार्यक्रमों की जानकारी देना व पंचायत से गांव स्तर पर संचालित सभी योजनाओ के क्रियान्वयन और जानकारी देना है। बैठक में रामदयाल प्रजापति, तबरेज अंसारी, दिलीप लोहरा, प्रदीप उरांव, मो नसिम, चमरा उरांव, दिलीप तिर्की, मंजु कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नकल विधेयक के विरोध में अभाविप ने फूंका पुतला



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची ग्रामीण के तत्वावधान में रविवार को सदस्यता कार्यशाला के निमित्त एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूरे रांची ग्रामीण के प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए। बैठक के बाद हेमंत सरकार द्वारा सदन में पारित नकल विधायक जो कि पूर्ण रूप से छात्र विरोधी विधेयक है जिसके अंतर्गत जो भी छात्र प्रतियोगिता परीक्षा का विरोध करता है या उसके ऊपर नकल करने का आरोप लगता हैं तो उसके ऊपर एफआईआर के माध्यम से उसे प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया जाएगा। इस तरह से कानून में अन्य नियम बनाए गए हैं जो पूर्ण रूप से छात्र विरोधी है इसको लेकर अभाविप ने हेमंत सरकार का पुतला फूंका एवं इस कानून को वापस लेने का मांग किया। उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन की नियुक्ति और नियत बिल्कुल छात्र विरोधी है उनका नियत छात्रों को रोजगार एवं नौकरी देना नहीं है। इसके लिए वह तरह-तरह के पैंतरें अपना रहे हैं। मौके पर मुख्य रुप से रांची विभाग संयोजक प्रेम प्रतीक, विभाग सह सयोजक आकाश रक्षित,जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी, सोनम कुमारी, रोहन सेठ, दिवाकर महतो, रोहन कुमार ,गौतम कुमार,लक्षमण कुमार, अर्जुन कुमार अनूप, श्रवन नितेश, संकेत पाठक, राहुल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक पर रातू में जश्न, बांटी गई मिठाइयां



**रातू।** मोदी सरनेम केस में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हु दोषी करार दिए जाने के फैसले पर रोक लगा दिया है। इसकी खुशी में कोंग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने रविवार की शाम काठीटांड चोंक में पटाखे फोड़ व मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई। प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव के नेतृत्व में जुलूस भी निकाला गया। वक्ताओं ने कहा की राहुल गांधी की सजा पर उच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट की रोक असत्य पर सत्य की जीत है। राहुल गांधी के खिलाफ रचा गया साजिश नाकाम हुई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मी नारायण भगत, मंसूर अंसारी, कुमार अतुल राज, सनी सिंह, सुखमणि उरांव, लगन देवी, पार्वती उरांव, सिंबगी उरांव, खलील अंसारी, चिंतामणि गोप, सोमनाथ और लखन गोप, गोयंदा उरांव, किशोर पोद्दार, अभिराज राय आदि लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने जाहिद के घर पर इश्तेहार चिपकाया



**मुरी।** मुरी ओपी थाना अंतर्गत रविवार के दिन मुरी पुलिस के द्वारा मस्जिद मोहल्ला खटाल के बगल में जाहिद हुसैन पिता सिकंदर हुसैन के स्थायी आवास पर न्यायालय में हाजिर होने हेतु इश्तेहार चिपकाया गया। मौके पर पुलिस द्वारा बताया गया कि जाहिद हुसैन काफी दिनों से न्यायालय ना जाकर फरार चल रहे हैं। इस मौके पर मुरी ओ पी के सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन, आरक्षी अर्जुन उरांव, निर्मल बेदिया समेत आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

# एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीबों की बढ़ी परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए लाइफ लाइन 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से गरीब मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीमार लोग समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन गरीब मरीजों को हो रही है, जिनके पास अस्पताल तक जाने के लिए साधन नहीं है। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में 108 एंबुलेंस खड़ी कर दी गई है।जिससे मरीज निजी वाहनों से भाड़े पर अस्पताल पहुंच रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी हैं जिनको चिकित्सको ने रिम्स रेफर कर दिया गया है, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के चलते वे अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। इधर स्वजनों ने 108 एंबुलेंस में फोन लगाया तो पता चला कि चालक हड़ताल पर है। जिसके कारण गरीब को घायलों व बीमार लोगों को निजी वाहन से रिम्स ले जाना पड़ रहा है। वही ग्रामीण क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है।

## विवाहिता बच्चे के साथ गायब, अपहरण की दर्ज हुई प्राथमिकी

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के सेक्टर थ्री की रहने वाली एक विवाहिता और उसके दो साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया है। अपहरण का आरोप मूरहू निवासी अमित लुक्का पर लगा है। इस संबंध में विवाहिता के पति गाजी सिंह मुंडा ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। गाजी ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी बीते 20 जुलाई को घर से बच्चे के साथ निकली थी। देर शाम तक जब वह नहीं लौटी तो वे उसकी खोजबीन की। मगर उसका कुछ पता नहीं चला। खोजबीन के दौरान उन्हें यह पता चला कि उनकी पत्नी मुरहू निवासी अमित से बातचीत किया करती है। अमित को वह भी जानते थे। पता चला कि अमित भी काफी दिनों गायब है। अमित से जब उन्होंने संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका भी मोबाइल स्वीच ऑफ आ रहा था। इसके बाद वह सीधे थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में रविवार को इफेक्टिव क्लासरूम मैनेजमेंट पर इन हाउस कार्यशाला पर आयोजन किया गया। डॉ.एस. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कंपलेक्स के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य अमित कुमार सिंह ने विद्यालय में कक्षा प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का आधार फलक बहुत विस्तृत है। शिक्षकों को अपने बच्चों की अच्छाई और कमजोर पक्ष को जानकार उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित और सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों भूमिका अहम होती है। शिक्षक कक्षा में जाने से पहले विषयवस्तु की अच्छी तरह से तैयारी कर लें। बच्चों की पढ़ाई में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कहानी, खेलकूद एवं अन्य क्रियाकलापों के माध्यम से अध्ययन अध्यापन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छी किताबें शिक्षकों के लिए शिक्षण का सर्वाधिक सशक्त साधन है। मौके पर कैंब्रियन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों को संस्कार पूर्ण और रोजगारोन्मुख बनाए साथ-साथ यह रोचक एवं उद्देश्यपूर्ण हो। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला। इससे पहले अमित कुमार सिंह और प्राचार्या डॉक्टर नीता पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया ।बच्चों ने सतीश मिश्रा के संगीत निर्देशन पर "गुंजित है चारों दिशाएं पुलकित है धरती" शीर्षक गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

## झामुमो सिल्ली कार्यालय में बैठक संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाम( सिल्ली) झामुमो कार्यालय में 5 अगस्त को प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका की अध्यक्षता में एक अति आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में झामुमो कार्यकताओं के बीच संगठन की मजबूती तथा सदस्यता अभियान को लेकर गहन रूप से विचार-विमर्श किया गया तथा पार्टी के सिद्धांतों को हर घर तक पहुंचाने का निर्णय भी लिया गया। मौके पर झामुमो विधानसभा सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया,अमित कुमार महतो, प्रवीण कुमार महतो, हेमंत कोई री, अनिल बेदिया, भागीरथ महतो, अजीत कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, फलाहारी महतो, पांडे महतो, दशरथ महतो, दिलीप कुमार महतो, उपेंद्र महतो, भोंदू सिंह नायक, मुहर्रम मोमिन, हेमंत महतो, बंसी कोईरी, विमलेश महतो, भरत प्रमाणिक, राजेश चौधरी, राजेश महतो, गोपाल महतो समेत दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**मांडर।** मांडर बुढ़मू मुख्य पथ पर मुन्ना स्टील दुकान के निकट एक बाईक सवार असंतुलित होकर गिरकर घायल हो गया।प्रखंड के बरगड़ी निवासी 18 वर्षीय सुमित एक्का शनिवार देर रात दस बजे अपने घर जाने के क्रम मेंअपने ही बाइक से गिरकर घायल हो गया था। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उसे ईलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी सामान्य स्थिति को देखते हुए उसे घर भेज दिया।

**बैठक** | आदिवासी पर हो रहे हमले निंदनीय : निरंजना

# आदिवासी दिवस समारोह में 30 सामाजिक संगठन होंगे शामिल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड आदिवासी दिवस समारोह में 30 सामाजिक संगठन शामिल होंगे। इसके मद्देनजर रविवार को विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों को लेकर कई निर्णय लिए गए। विश्व आदिवासी दिवस समारोह में 30 सामाजिक संगठन संयुक्त रूप शामिल होंगे।

बैठक में समिति की अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि देश के कई राज्य में आदिवासियों के ऊपर हो रहे हमले, हत्या, दुष्कर्म सहित अन्य घटनाओं पर कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र और कॉरपोरेट घरानों के कारण प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन करने वाले आदिवासी जनजाति समाज विलुप्तता के कगार पर पहुंच रहे हैं। इस तरह के हमले आदिवासी समाज निंदा करती है और इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकती।

पाहन महासंघ झारखंड प्रदेश, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद, अखिल भारतीय एसटीएससी परिसंघ, राष्ट्रीय आदिवासी इंडीजिनस धर्म समन्वय समिति, भारत सरना समिति नगडा टोली, सिंहभूम हो आदिवासी समाज, प्राकृतिक धर्म सेवा केंद्र रांची, आदिवासी विकास सरना प्रार्थना सभा अनगड़ा, आदिवासी सरना सतड सहयोग समिति रांची, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, राजस्थान आदिवासी मीणा समाज झारखंड, सरना प्रार्थना सभा महुआ टोली होटवार, नेम्हा बेली फाउंडेशन, ग्रामसभा बड़ा घाघरा रांची, झारखंड प्रदेश आदिवासी गोंड महासभा, राजी पड़हा रांची, आदिवासी सरना समिति जगन्नाथपुर रांची, ट्रायबल एडवोकेट एसोसिएशन, केंद्रीय सरना प्रार्थना समिति, आदिवासी धर्म सेवा केंद्र, आदिवासी भूमिज समाज रांची, आदिवासी सरना ग्राम सभा बड़गाई, सरना प्रार्थना सभा बूटी, आदिवासी सरना प्रार्थना सभा किशनपुर सहित 32 संगठन एक साथ शामिल होकर हुंकार भरेंगे। महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा तीर धनुष, कुल्हाड़ी टांगा, हंसुआ, लाठी, डंडा, गुलेल, बलवा, फरसा, नगाड़ा, ढोल, वाद्य यंत्र के साथ रांची महानगर के मुख्य सड़क पर प्रदर्शन करेंगी। परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर झारखंड प्रदेश सहित देश के आदिवासी वीरांगना योद्धा स्वतंत्र सेनानी महापुरुषों योद्धाओं कट आउट चित्र लगाकर आदिवासी दिवस पर विशेष श्रद्धांजलि पाहन धार्मिक अगवा द्वारा दिया जाएगा। सरना झंडा, आदिवासी झंडा ,मुंडा झंडा , पडहा झंड से विश्व आदिवासी दिवस में इंद्रधनुषी माहौल दिखेगा।

## बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, रिम्स रेफर



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो सांई मंदिर मार्ग पर हरिहरपुर जामटोली गांव में रविवार की अपराह्न लगभग तीन बजे एक बाइक सवार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे समाज सेवी चरवा उरांव व 12 पड़हा राजा विशाल उरांव ने स्वजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। यहां डा काजल सिंह के प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए घायल को रिम्स रेफर कर दिया। जामटोली निवासी विशेश्वर हज्जाम ने बताया कि उसकी पत्नी 45 वर्षीय कमला देवी चापाकल से पानी लेकर घर रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

# श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 100 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को सावन के अधिक मास एवं पुरुषोत्तम मास के कृष्ण पक्ष पंचमी रविवार को 101 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन दुबई निवासी अपने पुत्र पुत्रवधू हरीओम तनु अग्रवाल एवं पोती अकीरा अग्रवाल के नाम से सावन माह के अधिक मास पुरुषोत्तम मास एवं कृष्ण पक्ष की पंचमी को रविवार के दिन मोहनलाल कुसुम देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल एवं पुरणमल सर्राफ की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्या चन्दा देवी अग्रवाल एवं संतोष देवी अग्रवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले 1400 जरुरतमंद परिवार के सदस्यों व श्रद्धालुओं 101 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 101 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया।

### महाशिवपुराण यज्ञ के छठवें दिन श्रावण उत्साह आयोजित

# धर्म की रक्षा के लिए की गई हिंसा क्षमा योग्य है : स्वामी श्री परिपूर्णानन्द जी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मन्दिर के सुसज्जित प्रांगण में श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित महाशिवपुराण यज्ञ के छठवें दिन श्रावण के फुवारो के बीच भक्तों का उत्साह एवम उमंग चरम पर था। अपराह्न 4 बजे स्वामी श्री परिपूर्णानन्द जी व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात पारंपरिक पूजन वंदन के साथ स्वामी जी के श्री मुख महाशिवपुराण व्याख्यान का अमृत रस की वर्षा प्रारम्भ हुई। स्वामी जी ने कहा की महादेव हर जीव के जीवन में अनुग्रह करने वाले देव हैं साथ ही शिव पूजन से लोक एवम परलोक दोनों सुधरता है , इस जगत में हर मनुष्य को सदेव मर्यादा का पालन करना चाहिए - मयार्दा रहित जीवन, जीवन को धिक्कार है- परमात्मा के साथ वात्सल्य रूप से तारतम्य



स्थापित करने से जीवन सुखमय एवं मंगलमय हो जाता है-सदाशिव कृपा सिंधु हैं, धीनबंधु हैं और दया के अथाह सागर हैं-व्यास रचित महाभारत महाग्रंथ का महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने कहा की जिस घर में यह ग्रंथ रहता है वह घर पवित्र ही जाता है। परहित के समान दूसरी पूजाधर्म नहीं है- परपीडा को दूर करना अत्यंत शुभ है। आगे स्वामी जी कहते हैं अहिंसा परमो धर्म है-इस सूक्त वाक्य का विस्तृत व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा की धर्म की रक्षा के लिए की गई हिंसा क्षमा योग्य है साथ ही विश्वकर्मा द्वारा निर्मित रथ जिसके सारथी स्वम ब्रम्हा हैं और बाण स्वम भगवान विष्णु हैं उसपर सवार होकर शिव जी ने त्रिपुर राक्षस का संहार कर त्रिपुरारी नाम



पाया। स्वामी जी ने महाशिवपुराण में राधा प्रसंग का वर्णन करते हुए अति सुंदर भजन प्रबल प्रेम के पाले पड़कर - प्रभु को नियम बदलते देखा , भक्तगण इस भजन की तान पर प्रेम रस में गोता लगाने लगे साथ ही स्वामी जी ने कहा की सत्य ही परब्रम्ह हैं - सत्य ही परम तप हैं - सत्य ही श्रेष्ठ यज्ञ है और सत्य ही उत्कृष्ट ज्ञान शास्त्र है- एक सहस्त्र अश्वमेघ और लाखों यज्ञ तराजू के एक पलड़े पर रखें और दूसरे पलड़े पर सत्य रखें तो सत्य का पलड़ा ही सदेव भारी रहेगा। व्याख्यान समाप्ति के बाद श्री गंगाधर जी जाजोदिया एवम उनके परिवार के द्वारा आज के समापन महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ आज के क्रायक्राम का समापन किया गया।

## हेमंत सरकार में सच बोलने का किसी को हक नहीं : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और समाज के बुद्धिजीवियों पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में कोई सच नहीं बोल सकता है, नहीं तो उसपर कार्रवाई भी हो सकती हे। उन्होंने रविवार को ट्विट कर कहा कि राज्य में सरकार प्रायोजित और पोषित क्रैकडाउन की तैयारी चल रही है, जो इस सरकार के खिलाफ बोलेगा या लिखेगा उसपर पुलिस की मदद से सरकार जुल्म करेगी। उन्हें जेल भेजेगी।बाबूलाल ने दावा किया कि कुछ महा भ्रष्ट सरकारी मुलाजिमों को यह गलत काम करने की सुपारी दी जा रही है। ऐसे में झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं और मीडियाकर्मियों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये लोग फर्जी मुकदमा करवाने में माहिर हैं। परिवारवाद, लूट और तानाशाही मानसिकता में सरकार आकंठ डूबी हुई है। इस सरकार को अगर लगता है कि आम जनता को जेल में डालकर और उन्हें पुलिस से प्रताड़ित कर सच को दबा देंगे।

## आचार्यकुलम के प्रिन्स कुमार का चयन झारखण्ड जूनियर वुशु टीम में हुआ



**रांची।** 6 से 11 अगस्त तक पटना में आयोजित 22वीं जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता के लिए स्कूल के प्रिन्स कुमार महतो का चयन झारखण्ड टीम में किया गया है प्रिन्स ने धनबाद में हुए राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था जिससे उसका चयन झारखण्ड टीम में हुआ इसके चयन पर प्रिंसपल श्रीमती सुजाता कौरा, स्वामी दिव्यादेव, कोच दीपक गोप ने शुभकामनाएं दी।

## जातीय जनगणना करने का विचार स्वागत योग्य : राजेश गुप्ता



**रांची।** झारखंड सरकार ने जातीय जनगणना करने की मंशा जाहिर की है। जिसके लिए मुख्यमंत्री को आभार। राज्य सरकार बिहार की तर्ज पर शीघ्र ही राज्य में जातीय जनगणना कराएं। तथा केंद्र सरकार पर देश में राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराने की भी दबाव बनाए। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में कही। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी मांग किया है कि सात जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य है। वहां पर तत्काल आरक्षण बढ़ाई जाए। तथा राज्य में ओबीसी का लागू 14% आरक्षण को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा के अनुसार 50% करने की अनुशंसा महामहिम राज्यपाल को भेजी जाय। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का यह मांग इसलिए है कि राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ईडब्ल्यूएस की आरक्षण उनके जनसंख्या के बराबर है।

## मुक्ति संस्था ने जुमार नदी पर 21 अज्ञात शवों का किया सामूहिक दाह संस्कार



**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 21 अज्ञात शवों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी तट लेकर गए। संस्था के वरीय सदस्य सीताराम कौशिक ने शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था ने अबतक कुल 1588 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया है। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, सौरभ बथवाल, उज्ज्वल जैन, रतन अग्रवाल, आरके गांधी, संदीप पपनेजा, संदीप कुमार, कमल चौधरी, हरीश नागपाल, सुनील अग्रवाल और आशीष भाटिया मौजूद थे।

## बस दुर्घटना के घायलों का हो उचित इलाज : चंद्रप्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रांची से गिरिडीह जा रही बस के बराकर नदी में गिरने से चार लोगों की हुई मौत पर दुःख जताया है। उन्होंने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुःख की घड़ी ताकत प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि इस घटना से मन व्यथित है। बस में सवार कई लोग घायल हो गये हैं। अपने संसदीय क्षेत्र में हुई इस बस दुर्घटना के तुरंत उन्होंने ने राज्य सरकार के आला अधिकारियों से घायलों का समुचित इलाज कराने और राहत व बचाव कार्य तेजी से करने के संदर्भ में बात की। साथ ही उन्होंने जिले के अधिकारियों से भी बात की है। उन्होंने राज्य सरकार से मरने वालों के परिजनों को मुआवजा व घायलों को आर्थिक सहायता देने की मांग भी की है।

## शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस को लेकर बैठक

**रांची।** शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस और विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर रविवार को अनगड़ा डाकबंगला में आजसू पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा आठ अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस और नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर महिला और पुरुष वर्ग की मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी।

# हर बीमारियों को दूर करता है देसी गायों का दूध : डॉ. नन्दनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की पशु आनुवंशिकी विशेषज्ञ डॉ. नन्दनी कुमारी ने बेहतर स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए देशी गायों से प्राप्त ए2 दूध के उपभोग पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि करनाल, हरियाणा स्थित राष्ट्रीय पशु आनुवंशिकी संसाधन ब्यूरो ने अबतक गोवंश की 53 भारतीय नस्लों की पहचान और गुण निर्धारण किया है। झारखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाने वाली छोटी-छोटी गोवंश नस्लों को यद्यपि नाम नहीं दिया जा सका है किन्तु वह भी देशी हैं। जर्सी, एचएफ और संकर गायों से प्राप्त ए1 दूध के लगातार प्रयोग से मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है तथा सेंट्रल नर्वस सिस्टम और आंतरिक



हार्मोन सिस्टम पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ए1 दूध में मौजूद हिस्टामाइन के कारण बच्चों में त्वचा की एलर्जी, नाक बहना, अस्थमा, खांसी जैसी समस्या बढ़ सकती है। इस दूध में उपलब्ध लिपिड के कारण बच्चों का चयापचय प्रभावित होता है। लंबे समय तक उपभोग से बच्चों में मोटापा और मधुमेह का खतरा पैदा हो सकता है। बच्चियों में समय से पूर्व तरुणाई की भी समस्या पैदा हो सकते हैं। डॉ. नन्दनी, कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र में 'ए1 एवं ए2 दूध तथा देशी गोवंश के अन्य' लाभ विषय पर व्याख्यान दे रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय देशज नस्लों से प्राप्त अ2 दूध को कोलेस्ट्रोल और ब्लड शुगर स्तर घटाने में सहायक पाया गया है। ए2 दूध, इम्यूनिटी बूस्टर एजेंट होने के साथ-साथ ऑटिज्म और न्यूरो डिसऑर्डर्स से भी मनुष्य को बचाता है। देसी गायों में रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्थानीय परिस्थिति में ढलने की क्षमता, रीप्रोडक्टिव स्वास्थ्य, गर्मी सहने की क्षमता बेहतर होती है तथा उनके खानपान एवं रखरखाव में भी लागत कम आती है।, उन्होंने किसानों को देशी गाय एवं भैंस पालने के लिए प्रोत्साहित करने तथा इसके लिए विशेष सुविधा एवं सब्सिडी देने पर जोर देते हुए कहा इससे न केवल हमारी देसी नस्लों का संरक्षण होगा बल्कि जर्सी की तुलना में उनसे प्राप्त होने वाले विशेष स्वास्थ्य लाभों को भी प्राप्त किया जा सकेगा।

## विहिप सदस्य के आवास में हुआ महारुद्राभिषेक



रांची। सावन पुरुषोत्तम मास में विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग झारखंड के तत्वावधान मे विहिप सेवा विभाग के सदस्य कृष्ण कुमार गाड़ोदिया के आवास मे महारुद्राभिषेक समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में उनके पुत्र हर्ष गाड़ोदिया पत्नी गायत्री अग्रवाल, पौत्र माणविक, पुत्रवधु आयुषी,भतीजे मोहित और सुनील, रामभगत जालान, मिनी शर्मा, मालती शर्मा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग झारखंड के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, रांची विभाग सेवा प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद सिंह मुंडा व महानगर अध्यक्ष कैलाश कुमार केशरी ने विधि विधान और सद्भावना के साथ भाग लिया. इस अवसर पर भगवान शिव का भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। विहिप सेवा विभाग के प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस महा रुद्राभिषेक के प्रधान पुरोहित पं सूर्यकांत त्रिपाठी अपनी मंडली के साथ आये थे, जो वर्तमान में वृन्दावन निवासी विहिप झारखंड के पूर्व प्रदेश मंत्री श्याम नारायण दूबे के प्रधान शिष्य है। उन्होंने पूरे विधि विधान एवं शिव जी के मधुर भजनों के साथ महा रुद्राभिषेक कराया। पूरा परिसर भोले शंकर की जय कारे के साथ गुंजयमान हो गया?। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं महाआरती के साथ महा रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ। सोमवार को कृष्ण कुमार गाड़ोदिया सपत्नीक वृन्दावन धाम की तीर्थयात्रा पर प्रस्थान कर रहे हैं।

## डीएसपीएमयू में सीनेट की बैठक आज, कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) की द्वितीय सीनेट की बैठक सोमवार को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सुबह 11:30 बजे से आयोजित की गई है। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक दो सत्रों में होगी। पहले सत्र में राज्यपाल का संदेश पढ़ा जाएगा। इसके बाद कुलपति का अभिभाषण होगा। साथ ही, प्रथम सीनेट की कार्रवाई की संपुष्टि की जाएगी। इसके अलावा 7वीं सिंडिकेट के निर्णयों को संपुष्ट किया जाएगा। द्वितीय सत्र दोपहर दो बजे से शुरू होगा। इसमें 8वीं से 15वीं सिंडिकेट के निर्णयों को संपुष्ट किया जाएगा। इसके अलावा वित्त समिति से अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के अनुमानित बजट के प्रस्ताव पर मुहर लगेगी।

### विधायक ने राज्यपाल से की मुलाकात, कहा-

# कुलपति ने चार कालेजों में बंद कर दी पीजी की पढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मिलकर विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्याओं ,अनियमितताओं व भ्रष्टाचार की चर्चा कर इसकी जांच कराने की मांग की?। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल से बोकारो स्टील सिटी कॉलेज समेत चार कॉलेज में बंद पीजी की पढ़ाई को शुरू करने पर जोर दिया। कहा कि कुलपति ने मनमाने तरीके से इन कालेजों में पीजी की पढ़ाई बंद कर दी है। उन्होंने क्षेत्रीय भाषा खोरठा, कुरमाली ,पंचपरगानिया व नागपुरी



की पढ़ाई पीजी में चालू करने और गोमिया डिग्री कॉलेज में जल, बिजली एवं संपर्क पथ की समस्या का समाधान करने और गोमिया डिग्री कॉलेज का नाम स्वतंत्रता सेनानी होपन मांझी के नाम पर करने की मांग की है ।साथ ही उन्होंने हुरलुंग से गझंडी एवं ललपनिया रजरप्पा सड़क का निर्माण की मंजूरी को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को मांगों से संबंधित राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा। राज्यपाल ने विधायक बातों को गंभीरता से सुन कर समाधान करने को लेकर आश्वस्त किया है।

## गठबंधन सरकार के कामों से घबराई भाजपा : कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने कहा कि गठबंधन की सरकार के कामों को देखकर भाजपा घबरा गई है। राज्य सरकार ने जो वादा किया था उससे पूरा करने में कामयाब रही है। 2024 के लोकसभा इलेक्शन में भाजपा का झारखंड में खाता नहीं खुलेगा और राज्य में सरकार बना ना तो दूर की बात है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा एक बार फिर से संकल्प लेकर मोमेंटम झारखंड घोटाला, कंबल घोटाला, चॉकलेट- टीशर्ट घोटाला, मैनहर्ट घोटाला की तरह सत्ता में आकर नये घोटाले को अंजाम देना चाहती है। भाजपा चाहे जितनी यात्रा निकाले अब जनता उनके ऊपर भरोसा करने वाली नहीं है। तौसीफ ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि झारखंड की जनता ने भाजपा को बहुत मौका दिया लेकिन इनकी सरकारें छात्रों, महिलाओं, किसानों, व्यापारी वर्ग के लोगों और आम जनता के लिए कोई भी ऐसी नीति नहीं बनाया जिससे उन्हें फायदा पहुंचे।

## सेंट्रल एकेडमी स्कूल ने 300 लोगों को कराया भोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। कोई भूखा न सोए अभियान के तहत रिम्स परिसर के रोटी बैंक रांची के सेवा केंद्र के माध्यम से सेंट्रल एकेडमी स्कूल ने रविवार को 300 जरूरतमंदों को भोजन कराया। मौके पर समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि रोटी बैंक रांची की ओर से साल के 365 दिन रात 08 बजे से जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता है। इसी उद्देश्य से सेंट्रल एकेडमी स्कूल की ओर से 300 जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल एकेडमी स्कूल के निदेशक एचएच चतुवेर्दी, सचिव राहुल रत्न, प्राचार्य सुतापा भट्टाचार्य, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के प्राचार्य ए के रॉय और रोटी बैंक रांची के संचालक विजय पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चुनाव झारखंड जदयू ने किया कमिटी का विस्तार

# प्रदेश पदाधिकारियों की पहली सूची जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड ने कमिटी का विस्तार करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम सूची रविवार को जारी की गयी है। इस सूची में चार उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 20 सचिव, तीन प्रवक्ता और विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि आगे चलकर और भी लोगों को संगठन में जोड़कर कमिटी का विस्तार किया जाएगा। झारखंड को तीन प्रभारी मिले है और सभी संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। जिला से लेकर पंचायत तक संगठन को मजबूत करना है। पदाधिकारियों को जो दायित्व दी गई है, उसका निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। सूची जारी करने के दौरान बिहार के विधान पार्षद और झारखंड जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह, महासचिव श्रवण कुमार और प्रवक्ता सागर कुमार मौजूद थे।

### किन्हें कौन सा मिला पदभार

**प्रदेश उपाध्यक्ष :** कामेश्वर नाथ दास, पूर्व विधायक (देवघर), डॉ आफताब जमील(रांची), त्रिवेणी वर्मा(देवघर), कुमेश्वर महतो(रामगढ़)। **प्रदेश महासचिव :** श्रवण कुमार(रांची), भगवान सिंह(रांची), संजय कुमार सिंह(रांची), रामाकांत मंडल (रामगढ़), संजय ठाकुर (जमशेदपुर), मुन्ना मलिक (हजारीबाग), रुद्रकांत लाल दास (गिरिडीह), कौशल कुमार(जमशेदपुर), दीपनारायण सिंह(धनबाद), अंजली सिंह(जमशेदपुर), रंजीत जयसवाल (दुमका), उपेंद्र नारायण सिंह(रांची), अभय महतो(लोहरदगा), जगदीश महतो (रामगढ़), राजू महतो(रामगढ़)। **प्रदेश प्रवक्ता :** सागर कुमार, रेणु गोपीनाथ पणिकर, डॉ विनय भरत। **प्रदेश सचिव :** लालचन महतो(रांची), जनकधारी मेहता(डालटेनगंज), डिंपल मुंडा (पश्चिमी सिंहभूम), वैद्यनाथ पासवान(रांची), राजेंद्र प्रसाद (साहिबगंज), राजू सिंह(धनबाद), मोहम्मद रकीब अंसारी(देवघर), बेनी माधव झा(देवघर), सरयू गोप(गिरिडीह), मिथलेश सिंह (हजारीबाग), लकेश्वर मेहता (गिरिडीह), नंद कुमार निराला (चतरा), डॉ राज नारायण पटेल (पलामू), मनोज सिंह(बोकारो), प्रकाश महतो(लोहरदगा), रंजीत सिंह(धनबाद), सत्यप्रकाश (सरायकेला खरसावां), सुभाष राय(धनबाद), नागमणि सिन्हा (रांची), अर्जुन कुमार मेहता (हजारीबाग)।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्टेट कॉर्डिनेटर ने राष्ट्रीय संयोजक से की मुलाकात

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर गजेंद्र सिंह ने रविवार को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया विभाग के दो नवनियुक्त राष्ट्रीय संयोजक प्रणव वछराजानी एवं रुचिरा चतुवेर्दी से मुलाकात की और नई जिम्मेदारी के लिए उनको बधाई दी। साथ ही राज्य में सोशल मीडिया की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। गजेन्द्र सिंह ने कहा कि 2024 के चुनाव में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें झारखंड के तमाम जिले के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से जिला कोड नेटवर्क को पूर्णरूपेण सशक्त बनाया जाएगा।

# मतदाता सूची से हटाए जाएंगे मृत मतदाताओं के नाम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रांची, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राहे एवं इंटकी को निर्देश दिया है। योजना एवं विकास विभाग ने 18.07.2023 से 18.08.2023 तक जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने इस अभियान के तहत संबंधित रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) से समन्वय स्थापित करते हुए मृत मतदाताओं का नाम नियमानुसार मतदाता सूची से विलोपित करने को कहा है। आगामी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 तथा लोकसभा एवं विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 को लेकर 01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित 01.06.2023 से पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जो 16.10.2023 तक चलेगा।

### प्रधानमंत्री के अमृत स्टेशन शिलान्यास कार्यक्रम में बाघमारा विधायक बोले ढुल्लू महतो, बंद पड़ी गाड़ियों को पुनः कराएंगे चालू

# 27 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक बनेगा कतरासगढ़ स्टेशन




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री ने कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पुनर्विकास का ऑनलाइन शिलान्यास किया. इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो ने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने कतरास के लोगो को कतरासगढ़ स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के लिए 27 करोड़ की आधुनिकीकरण योजना का सौगात दिया है. ढुल्लू महतो ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को भरोसा दिलाया कि बंद ट्रेनों के पुनः परिचालन के लिए वो हर जरूरी कोशिश करेंगे. उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सम्पदा को किसी भी कीमत पर लुटने नहीं देंगे. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है. कार्यक्रम में रेलवे के अनुभाग अभियंता आरके सिंह, विवेकानंद प्रसाद, आईडब्लू राजेश प्रसाद पासवान, मुख्य यार्ड मास्टर आलोक नाथ गुप्ता, यातायात इस मौके पर रेलवे धनबाद निरीक्षक श्रीकांत दसौंधी, वाणिज्य निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा, ऑफिस इंचार्ज विजय महाजन, स्टेशन प्रबंधक महेंद्र विश्वकर्मा, ट्रेन मैनेजर संतोष कुमार, हैदर अली खान, राजेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार महतो, अमित किशोर के साथ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, शरद महतो, कतरास मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा, पूर्व पार्षद महेश पासवान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बलवीर सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थे.

### चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का पीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

**बोकारो।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर में रेलवे स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है. इसी निमित्त चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अगस्त को इस कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया. इस मौके पर राज्य सरकार की मंत्री बेबी देवी, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल सहित रेल विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे. इस कार्यक्रम को लेकर चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन में व्यापक तैयारी की गई थी. मौके पर मंत्री बेबी देवी ने कहा कि इस स्टेशन के विकास से इलाके के लोगों को आधुनिक सुविधा मिलेगी. सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए सौभाग्य का दिन है कि पीएम मोदी ने उनके क्षेत्र के स्टेशन को इस महत्वपूर्ण योजना में शामिल किया है. सांसद ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत 26 करोड़ 50 लाख की लागत से चन्द्रपुरा रेलवे स्टेशन का पुनरुद्धार होगा. इस दौरान स्टेशन परिसर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. दूसरी ओर पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने के लिए कई बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए गए थे. इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष भरत यादव, अर्चना सिंह, टुनटुन तिवारी, भैरव महतो, रमेश स्वर्णकार, दिनेश यादव, अशोक रविदास, दिनेश सिंह, श्रीकांत यादव, जितेंद्र सिंह, बीणा देवी, सुमन कुमारी, नवल किशोर सिंह, मनोज रवानी, अभय विश्वकर्मा, रविन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे.

### घाटशिला : अमृत भारत स्टेशन योजना का पीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

**जमशेदपुर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिमोट दबाकर किया. इसके तहत घाटशिला रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा. यह सुविधाएं पहले सिर्फ बड़े-बड़े स्टेशनों में ही हुआ करते थे लेकिन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अन्य 508 रेलवे स्टेशन में भी उपलब्ध होगें. इस योजना के तहत 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास में कुल 25 हजार करोड़ रुपया खर्च होगा. उन्होंने कहा कि अगस्त का महीना क्रांतिकारी का महीना है. इस महीने में कई ऐतिहासिक दिवस हैं. कहा कि 9 अगस्त भी एक महत्वपूर्ण दिन है जिस दिन क्विट इंडिया मूवमेंट की शुरूआत की गई थी।

### मनोहरपुर : प्रधानमंत्री ने अमृत भारत योजना का किया ऑनलाइन शिलान्यास

**चाईबासा।** मनोहरपुर रेल परिसर में निर्धारित अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम के तहत पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा रविवार को रेल परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया. परियोजना के तहत चक्रधरपुर रेल डिवीजन अंतर्गत चार प्रमुख स्टेशनों समेत राज्य के बीस रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प के लिए आधारशीला का शिलान्यास किया जाना है. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गुरुचरण नायक एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव एवं चक्रधरपुर रेल मंडल के आलाअधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम के शुभारंभ करने से पूर्व आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया. वहीं मुख्य अतिथियों व विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपने क्षेत्र के स्टेशनों के कायाकल्प एवं महत्वकांक्षी रेल परियोजना से जुड़े योजनाओं को लेकर रेल प्रशासन की प्रसंशा किया गया. मौके पर निर्धारित समयानुसार पीएम नरेंद्र मोदी ने विधिवत्त दिल्ली से ऑन लाइन अमृत भारत कार्यक्रम के तहत एक साथ देश के 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास हेतु आधारशिला रखी. साथ ही 25.000 करोड़ की राशी से उन स्टेशनों के महत्वकांक्षी रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए राष्ट्र के नाम समर्पित किया. इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लाइभ प्रसारण दिखाया गया. वहीं पीएम मोदी ने रेल परियोजनाओं से जुड़े महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे अपनी जानकारी साझा किया. इस दौरान डीएबी संत नरसिंह बालिका स्कूल मनोहरपुर के बच्चों के अलावा स्काउट गाइड एवं सीकेपी रेल मण्डल सांस्कृतिक संस्था के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान, देश भक्ति एवं रेल सुरक्षा से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए. उद्घाटन समारोह में उपस्थित सीकेपी रेल मंडल के एडीआरएम राजीव गुप्ता ने लोगों को रेल परियोजनाओं के बारे विस्तारपूर्ण जानकारी दी. इस मौके पर पूर्व विधायक गुरुचरण नायक,जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव, सीपीएम राजीव गुप्ता, सीनियर डीईएन संतोष कुमार, एसीएम अश्वनीकुमार मिश्रा, रेलमंडल सांस्कृतिक संस्था प्रमुख राजीव शुक्ला, शंकर डे, सीआई अतुल कुमार, मनोहरपुर स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार आदि थे।

## हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए निकाला प्रतिवाद मार्च, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गावां निवासी मनु मुसहर के हत्यारों की गिरफ्तिारी की मांग को लेकर अनुसूचित जाति जागृति संघ की प्रखंड कमेटी ने 6 अगस्त रविवार को प्रतिवाद मार्च निकाला. यह मार्च गावां अंबेडकर भवन से निकालकर पूरे बाजार का भ्रमण किया. इसमें जिप सदस्य पवन चौधरी, भुइयां समाज के जिलाध्यक्ष लालो भुइयां समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए. लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. वक्ताओं ने कहा कि बीते दिनों माल्डा नदी के पास खेत से मनु मुसहर का नरकंकाल बरामद किया गया था. लेकिन एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है. मनु मुसहर की हत्या पुलिस की लापरवाही से हुई है. जब मनु मुसहर लापता हुआ था तो उसी समय परिजनों ने गावां थाना में सनहा दर्ज कराया था. लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया और उसकी हत्या कर शव को नदी के पास फेंक दिया गया. इसी तरह पिहरा के घाघरा में एक दलित परिवार के घर कुछ दबंग लोगों ने घुसकर हमला कर दिया. थाना में शिकायत के बाद भी पुलिस मौन है. यदि हत्याकांड का शीघ्र उद्भेदन नहीं किया गया, तो ग्रामीण पुलिस के खिलाफ जोरदार आंदोलन छेड़ेंगे. मौके पर अध्यक्ष सुरेश रविदास, सचिव सुरेश चौधरी, सागर चौधरी, उदय मुसहर, सुधीर भुइयां, मोहन रविदास, संजय पासवान, बबलू दास, संजय दास, अरुण चौधरी, सुधीर भुइयां, मुकेश रजक, सुरेश रजक, प्रदीप दास, मालती देवी, संजु देवी, ममता देवी, कारु मुसहर, राजू रविदास आदि मौजूद थे.

### धनबाद : विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**धनबाद।** शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित जेसी मल्लिक रोड में शनिवार पांच अगस्त की देर शाम एक विवाहिता ने पंखे से झूल कर जान दे दी. विवाहिता की पहचान सुबोध कुमार साव की पत्नी शिल्पी कुमारी (22 वर्ष) के रूप में हुई है. परिजनों को पता चला तो उसे आनन-फानन में फंदे से उतार कर एसएनएमएमसीएच ले गए. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं दूसरी ओर विवाहिता के मायके वालों ने सदर थाना पहुंचकर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है. मृतका के पिता दुहा टांड निवासी उमेश साव ने बताया कि सुबोध होमियोपैथी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) का काम करता है. विवाह के बाद दो लाख रुपया के लिए बेटी को ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे थे. जब उन्होंने दो लाख रुपया दे दिया तो दोबारा पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी.

## डाक विभाग ने हर घर तिरंगा को लेकर निकाली प्रभातफेरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** डाक विभाग के कर्मियों ने आजादी का अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए 6 अगस्त को सेक्टर-2 प्रधान डाकघर से बैंड-बाजा के साथ प्रभातफेरी निकाली. प्रभातफेरी एडीएम बिल्डिंग चौक होते हुए नया मोड़ बिरसा चौक, सेक्टर-2 से वापस प्रधान डाकघर लौटा. जहां राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. डाक कर्मियों ने कहा कि आजादी का महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में डाक विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. प्रधान डाकघर में तिरंगे की मात्र 25 रुपए में बिक्री की जा रही है. घर बैठे ही बिना किसी होम डिलीवरी चार्ज के इसे मंगाया जा सकता है. प्रभात फेरी में संतोष सिंह, अमर मिश्रा, देवेंद्र कुमार, जनार्दन कपादार, केके उपाध्याय, भोला ठाकुर आदि शामिल थे.

### बेरमो : अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित

**बोकारो।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक 6 अगस्त को फुसरो में हुई. बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष जगन्नाथ राम ने की. इस दौरान 13 अगस्त को होने वाली अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक को सफलता बनाने पर विचार-विमर्श किया गया. इसके लिए कार्यकताओं में जिम्मेवारी बाटी गई. महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह गया विधायक प्रेम कुमार का भव्य तरीके से करने का निर्णय लिया गया. बैठक में चंद्रावंशी समाज को मजबूत बनाने, राजनीतिक दृष्टिकोण से समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने सहित कई विषयों पर विचार किया गया. बैठक में सुंदरलाल चंद्रवंशी, प्रदीप रवानी, कालीचरण रवानी, भरत कुमार वर्मा, अमित कुमार ,विजय कुमार, किशोर कुमार, अमित कुमार राम, प्रदीप रवानी, गौतम राम, पवन सिंह चंद्रवंशी, सूरज देव प्रसाद, जितेंद्र कुमार, राजेश वर्मा, सुखदेव प्रसाद, मदन वर्मा, अवधेश कुमार, राम कुमार राम, भीम रवानी आदि उपस्थित थे.

### गुड़ाबांदा : सांसद व विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**जमशेदपुर।** गुड़ाबांदा प्रखंड के बालिजुड़ी धीवर टोला शिव मंदिर से बालिजुड़ी पंचायत भवन तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जाएगा. रविवार को पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद विद्युत वरण महतो और विधायक समीर कुमार महंती ने नारियल फोड़कर किया. इस मौके पर विधायक ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को जर्जर सड़क से मुक्ति मिलेगी. बता दें कि विधायक की अनुशंसा से सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई है. मौके पर बीस सूत्री असित मिश्रा, मुखिया कड़िया हेंब्रम, पूर्व जिला परिषद बेलबोती मुर्मू, प्रखंड सचिव बुकाई सोरेन, बिनोद बागाल, बीस सूत्री सदस्य साकीला हेंब्रम, पंचायत अध्यक्ष मेघराय हेंब्रम, उप मुखिया स्वपन साव, हाड़ीराम सोरेन, सुनाराम सोरेन, बीरबल बेरा, दसमत सोरेन, पलास पंडा, लालमोहन मांडी आदि उपस्थित थे.

### धनबाद : गैंगेस्टर प्रिंस खान को हथियार सप्लाई करने वाले किशन खान को पुलिस ने भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद में आतंक का पर्याय बन चुका प्रिंस खान खाड़ी देश में जाकर छिपा है. वहीं पुलिस अब उसपर और उसके नेटवर्क पर धीरे-धीरे शिकंजा कसती जा रही है. इस बीच प्रिंस खान को हथियार सप्लाई करने वाले उसके गुर्गे किशन खान को बैंक मोड़ पुलिस ने शनिवार 5 अगस्त को जेल भेज दिया है. किशन ने पूछताछ में कई खुलासे किए है. उसने बताया कि प्रिंस के गुर्गों ने अब तक जितनी फायरिंग की है, उसमें हथियार उपलब्ध कराने का काम उसी ने किया है. इसके अलावा उसने रंगदारी के पैसे की वसूली भी प्रिंस के कहने पर की है. पूछताछ में उसने बताया कि सूरज सिंह गैंग के सक्रिय सदस्य राजेश चौहान से भी किशन खान का संबंध रहा है. किशन ने पुलिस को पुछताछ में कई नाम बताए है, जो अभी तक फरार चल रहे है. उसके बयान पर पुलिस ऐसे अपराधियों की तलाश में जुट गई है. किशन खान के दिए गए बयान की सूचना एटीएस रांची को भी दी गई है. एटीएस की टीम भी प्रिंस खान के गुर्गों की गिरफ्तारी में बैंक मोड़ पुलिस का सहयोग कर रही है. एटीएस की एक टीम बिहार गई हुई है. प्रिंस खान के कुछ गुर्गे इन दिनों बिहार-नेपाल बॉर्डर के जिलों में छिपे हुए है. एटीएस इसके साथ प्रिंस के भाई गोपी खान की तलाश भी कर रही है.

## झरिया में लगे कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में बदमाशों ने मचाया उत्पात, तोड़ डाले उपकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** शनिवार 5 अगस्त की देर रात नशे में धुत दो-तीन युवकों ने श्री श्याम प्रभु भवन में चल रहे अंग प्रत्यारोपण शिविर में जमकर तोड़ फोड़ मचाया. बदमाशों ने कार्यक्रम के लिए बनाये जा रहे है कृत्रिम पांव और हांथ समेत कई उपकरणों को तहस नहस कर दिया. झरिया मारवाड़ी युवा मंच व समृद्धि शाखा की ओर से दो दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर की शुरूआत शनिवार 5 अगस्त को श्री श्याम प्रभु भवन झरिया में हुई थी. देर रात श्याम प्रभु ग्राउंड में नशे में धुत जन्मदिन मना रहे 2-3 युवकों ने अचानक जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया. बदमाशों ने धमकियां देते हुए विकलांगों के लिए बन रहे कृत्रिम हांथ-पांव व लाभार्थियों के हांथ पांव के नाप को तोड़ कर नष्ट कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही मारवाड़ी युवा मोर्चा व मारवाड़ी समाज के लोग काफी संख्या में जुट गए. फौरन इसकी जानकारी झरिया थाना पुलिस को देते हुए लिखित शिकायत की गई. शिकायत मिलने के बाद झरिया पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवकों के घर पर दबिश दी. लेकिन सभी युवक अपने घर से फरार थे. घटना के बाद रविवार 6 अगस्त की सुबह झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह दल बल के साथ



घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया. थाना प्रभारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सख़्त कार्रवाई की जाएगी. युवकों की सारी करतूत मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी आरोपियों की तलाश कर रही है. वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर के बाहर प्रतिदिन सुबह शाम असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है.

### डालसा सचिव ने मंडल कारा का किया निरीक्षण

**चाईबासा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने स्थानीय मंडल कारा में संचालित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया. मंडल कारा के बंदियों के बीच वैसे बंदी जिनके पास उनके केश की पैरवी करने के लिए कोई अधिवक्ता नहीं है या जिन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है का भी अवलोकन किया जिससे उन्हें प्राधिकार के माध्यम से विधिक सेवा और निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके. उन्होंने कारा में आए नए बंदियों से भी मुलाकात कर इस संबंध में जानकारी हासिल की. उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के पहले और दूसरे रविवार को यह कार्यक्रम नियमित तौर पर आयोजित किया जाता है. इस दौरान बंदियों के बीच विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया. मौके पर कारा अधीक्षक अजय कुमार प्रजापति भी मौजूद थे.

### मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चाईबासा।** सदर थाना पुलिस ने मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. मारपीट के आरोपी मधु बाजार निवासी मनीष खिरवाल के विरुद्ध सदर थाना में 12 जुलाई को प्रज्ज्वल साहू ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया था. प्रज्ज्वल साहू छोटा नीमडीह का रहने वाला है. दर्ज मामले में प्रज्ज्वल साहू ने मनीष खिरवाल पर रॉड से मार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है. पीड़ित के आवेदन के आधार पर सदर थाना में भादवि के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

### चाईबासा : पांच लाख की लागत से आईटीआई कॉलेज में बना ओपन जिम

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा के आईटीआई कॉलेज परिसर में पांच लाख की लागत से ओपन जिम तैयार कराया गया है. ओपन जिम बनने से विद्यार्थियों काफी खुश है. आईटीआई के विद्यार्थी इस जिम में एक्सरसाइज कर सकेंगे. इसके अलावा कॉलेज में अलग से बास्केटबॉल का कोर्ट भी तैयार किया गया है. यह कोर्ट छात्राओं के हॉस्टल परिसर में बनाया गया है. उसके के बगल में जिम भी बनाया गया है. जिम का उद्घाटन भी कर दिया गया है. अब रोजाना विद्यार्थी जिम और बास्केटबॉल का अभ्यास कर रहे है. विद्यार्थी बॉस्केटबॉल और ओपन जिम खोलने के लिए लगातार मांग कर रहे थे. विद्यार्थियों ने प्रशासन से मांग करते करते हुए कहा कि नियमित रूप से जिम व बास्केटबॉल कोर्ट की मरम्मति करवाया जाए.

**अच्छी सोच** | डीपीएस रांची में इंडियाज मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस झारखंड कांफ्रेंस आयोजित

# छात्रों को समाज के प्रगति के प्रति योगदान देना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल राँची एवं इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस द्वारा दिनांक 04 से 06 अगस्त, 2023 तक आई.आई.एम.यू.एन झारखंड 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को तीन मुख्य वर्गों में विभाजित किया गया था- पहले दिन, उद्घाटन समारोह विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया जिसमे डॉ. आशा लकड़ा (भाजपा राष्ट्रीय सचिव और पूर्व मेयर, राँची, झारखंड), कर्नल रंजीत सिंह (सेवानिवृत्त), भारतीय सेना के मेजर जनरल मनोज कुमार (सेवानिवृत्त), जो अति विशिष्ट सेवा पदक विजेता हैं, डॉ पवन दिवेदी (कैरियर कोच और मोटिवेशनल स्पीकर) एवं डॉ



राम सिंह, प्राचार्य, डीपीएस राँची मुख्य अतिथियों के रूप में उपस्थित थे । उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों के प्रेरक भाषणों ने सभा में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। आई.आई.एम.यू.एन झारखंड 2023 में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। समारोह के मुख्य अतिथियों ने डीपीएस राँची द्वारा अपने परिसर में इस प्रकार का सम्मेलन शुरू करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की और प्राचार्य डॉ राम सिंह को ऐसे नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयो द्वारा इस प्रकार के प्रयास निश्चित रूप से छात्र जीवन के स्तर को ऊपर उठाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को समाज के प्रगति के प्रति अपना योगदान देना चाहिए। ये पहल युवाओं को गंभीर रूप से सोचने और एक ऐसी दुनिया की कल्पना करने के लिए सशक्त बनाएगी जहां सहयोग और समझ कायम हो। यह छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास, विश्लेषणात्मक क्षमता और समस्या सुलझाने की क्षमता भी विकसित करेगा। इसके अलावा, ऐसे पहल के वजह से विद्यार्थीगण दुनिया के बारे में जानेंगे क्योंकि वे अपने देशों के अलावा अन्य देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे और वैश्विक समस्याओं के संभावित समाधान प्रस्तुत करेंगे। मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन वैश्विक नागरिकों को तैयार करने में एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है। इस अन्योन्याश्रित दुनिया में, मॉडल यूनाइटेड नेशन जैसे कार्यक्रमों का संचालन वैश्विक नागरिकों का निर्माण करता है जो न केवल अपने राष्ट्र द्वारा लिए गए निर्णयों को समझते हैं बल्कि यह भी समझते हैं कि ऐसे परिवर्तन क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर राजनीति को कैसे प्रभावित करते हैं। उन्होंने पब्लिक सर्विसेज के महत्व के बारे मे भी बताया। आई.आई.एम.यू.एन झारखंड 2023 के सत्र के दूसरे दिन सभी प्रतिनिधियों विविध वैश्विक मुद्दों और वर्तमान रुझानों पर वाद-विवाद करने के लिए एकत्र हुए। सम्मेलन के दौरान कुल 11 समितियों और कार्यसूचियों का गठन किया गया था।

### पीएम ने किया अमृत भारत स्टेशन योजना 2023 का ऑनलाइन उद्घाटन

# हाईटेक-आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा रामगढ़ का बरकाकाना स्टेशन

**बस भाड़ा से भी कम भाड़ा में रेल यात्रा कर पाएंगे रेल यात्री :जयंत सिन्हा**




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत भारत योजना 2023 के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बरकाकाना स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाये जाने की योजना का शिलान्यास किया। योजना के तहत देशभर के 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारतीय रेल के इतिहास में नये अध्याय की शुरूआत हो रही है अमृत भारत स्टेशन योजना । जिसके तहत पूरे भारत में 1309 स्टेशनों का क पुनर्निर्माण का काम शुरू हो रहा है। इस योजना के लिए रेलवे द्वारा 25 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसका लाभ विभिन्न राज्यों को मिलेगा। इस मौके पर बरकाकाना स्टेशन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम में रेल अधिकारियों ने सांसद को बुके देकर स्वागत किया गया। सांसद जयंत सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे विकास के काम भारत के लिए अतुलनीय है। रामगढ़ जिले का बरकाकाना स्टेशन राज्य और देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अमृत भारत स्टेशन के तहत लगभग 33 करोड़ के राशि से बरकाकाना में व्यापक सुधार होने जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से लिफ्ट और एसक्लेटर लगाया जा रहा है। रेलवे यहां हर सुविधा देनेवाली है। इसके साथ ही उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस का चर्चा करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस का भाड़ा कुछ अधिक है। जब आप इस पर बैठकर यात्रा करेंगे तो न्यूयॉर्क और बर्लिन में होने का अनुभव प्राप्त करेंगे। रेलवे द्वारा बहुत जल्द क्षेत्र के लोगों को कई ट्रेनों की सौगात दी जाएगी। रेलवे द्वारा आयोजित भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले केंद्रीय विद्यालय व एसबीडी विद्यालय के छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि बरकाकाना जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन से कई नई गाड़ियों की परिचालन जल्द शुरू होगा ।जिसके तहत गिरीडीह से कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना भाया रांची इट्टर सिटी ट्रेन चलाई जाएगी। जिसका बस के भाडा से भी कम भाड़ा पर सफर कर पाएंगे। सांसद जयंत सिन्हा द्वारा बताया गया कि बरकाकाना स्टेशन से गुजरने वाली राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन कुछ समय पूर्व बंद कर दिया गया था। जिस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से वार्ता के बाद इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। तारीख निर्धारित होती ही कोडरमा हजारीबाग बरकाकाना भाया रांची रेलवे ट्रैक पर भी सप्ताह में 2 दिन राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जाएगा। सांसद द्वारा बताया गया कि पतरातू रेलवे ओवरब्रिजज का टेंडर निकल चुका है। जल्द ही ओवरब्रिज बनकर तैयार हो जाएगा। इस ओवर ब्रिज के निर्माण में राज्य सरकार की तरफ से कोई योगदान नहीं दिया गया है। जनता की मांग को देखते हुए। प्रधानमंत्री ने निर्णय लिया है कि पतरातू में बनने वाले ओवर ब्रिज के निर्माण में लगने वाले राशि का सौ प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार देगी। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य वाणिज्य प्रबंधक दयानंद, डीटीएम कुमार अंकित, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रकाश मिश्रा, डॉ. संजय सिंह, कुमेल उरांव, जगतार सिंह, सुमन सिंह, सत्यजीत चौधरी,प्रवीण कुमार सोनू आदि उपस्थित थे ।

## चरही घाटी में पलटी टमाटरों से भरी पिकअप वैन, लोगों में मची 'लूट'



**हजारीबाग।** हजारीबाग के चरही घाटी में रविवार की सुबह करीब पांच बजे टमाटर लदा एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया. महंगे भाव होने के कारण वहां टमाटर लूटने के लिए भीड़ लग गई. लोग अपनी-अपनी टोकरी लेकर वहां पहुंच गए और भर-भर टोकरी टमाटर ले गए. चालक और खलासी इसका विरोध कर रहे थे. लेकिन जिसे जो हाथ लगा, उतना टमाटर लेकर चलते बने. इससे कुछ देर तक आवागमन बाधित हो गया. पुलिस ने मौके पर पहुंच पिकअप को रास्ते से हटवाया, तब जाकर आवागमन सामान्य हो पाया.

## सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल एवं लिटिल एंजल विंग्स में फूड फेस्टिवल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल एवं लिटिल एंजल विंग्स में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों स्कूलों के बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किया। साथ ही इस बात का संदेश दिया कि हमें भोजन का सम्मान करना चाहिए। फूड फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन के सचिव डॉ राहुल बंते ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अन्न हमारे जीवन का आधार है। इसका अपमान मानव जाति का अपमान है। किसान काफी मेहनत से खेतों में फसल उगाते हैं, तब जाकर लोगों का पेट भरता है। उन्होंने कहा कि जब भी हम अपने जीवन में लापरवाह होते हैं तो सबसे पहले अन्न को ही नष्ट करना शुरू करते हैं। बच्चों में यह प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए। उतना ही भोजन अपनी थाली में ले, जितना कि खा सकें। बच्चों में इस बात का ज्ञान भरने के लिए ही फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। साथ ही कहा कि अभी बरसात का मौसम है। बाहर का खाना बीमारी को दावत देने जैसा है।

## समस्याओं के प्रति जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने उपायुक्त को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जिला परिषद भाग 7 के क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया जिले के उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर पत्र सौंपा। उन्होंने उपायुक्त से क्षेत्र के समस्या को जल्द समाधान करने का अनुरोध किया। जिसमें जिला परिषद क्षेत्र के सभी ग्रामों के जर्जर सड़कों को जल्द निर्माण करवाने , एनएच2 बण्डासिंगा से जमुवा सड़क निर्माण, गोरहर थाना एनएच 2 से शिलाडीह सड़क निर्माण , पहाड़पुर, चेचकप्पी, अलपिटो व अन्य क्षेत्रों की जर्जर सड़क शामिल है।साथ ही एनएच2 बरकट्ठा में तोड़े गए भवनों का जल्द मुआवजा राशि देने ,सूर्यकुण्ड में पेयजल की सुविधा,बरकट्ठा प्रखण्ड मुख्यालय में बने करोड़ो के जलमीनार जल्द शुरू करने ,सभी पंचायत में खेल मैदान बनवाने, सभी जर्जर 11 हजार तारों एवं छतिग्रस्त पोल को जल्द बदलने समेत कई समस्याओं से अवगत कराया। पत्रकारों से बातचीत में प्रेरणा प्रिया ने बताया, उपायुक्त नैंसी सहाय ने जरूरत के अनुसार जल्द समाधान करने का आदेश सबंधित विभाग को दिया है।

### जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर हूं : सीके पांडेय

जिप सदस्य प्रतिनिधि सी के पाण्डेय ने कहा कि जनता की सेवा हर वक्त करता रहूँगा।चाहे परिस्थिति कुछ भी हो।कहा कि सैकड़ो छात्र हमारे हजारीबाग स्थित सी के मैथमेटिक्स सेंटर से लाभान्वित हुए हैं, जिन्हें निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य लगातार कर रहा हूँ। वहीं जिप प्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की तमाम समस्याएं हमारे संज्ञान में है जिसे दूर करने का प्रयास में निस्वार्थ भाव से लगा हूं।

### अग्रगति संस्था ने किया बैठक आयोजित

**रामगढ़ ।** पंचायत भवन कुर्से में रविवार को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था द्वारा चयनित मुखिया एवं वार्ड सदस्यों के साथ बैठक किया गया। इस दौरान रामगढ़ जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने को लेकर चर्चा हुई। बाल विवाह,बाल तस्करी एवं यौन शोषण पर चलाये जा रहे ऐक्सिस टू जस्टिस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि पतरातू प्रखण्ड के तीस गावो में इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। इसमें स्वयं सहायता समूह,बाल सांसद, शिक्षक अभिभावक ,माता समिति में जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक ,जागरूकता रैली आदि का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से कार्यक्रम सफल हो सकेगा। बाल विवाह के अधिकतर मामले गरीबी एवं अशिक्षा के कारण हो रहे है।

## गर्रीकला में मृतका के परिजन से मिलीं विधायक अंबा प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के गर्रीकला निवासी पूर्व मुखिया लक्ष्मीकांत कुमार की पुत्री सृष्टि कुमारी का विवाह 13 मार्च को रांची जिले के हटिया अपर टोला कोरी मोहल्ला में सुभाष कुमार से हुआ था. विगत 31 जुलाई को रांची के गुरुनानक अस्पताल में सृष्टि कुमारी की मृत्यु हो गई. परिजनों ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है. विधायक अंबा प्रसाद ने सूचना पाकर मृतका के परिजनों से मुलाकात की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढ़स बंधाया. विधायक ने कहा कि रांची में मृतका सृष्टि कुमारी के परिजनों को लेकर संबंधित क्षेत्र के डीएसपी एवं थाना प्रभारी से मिलकर समुचित जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी. मौके पर मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया हित नारायण साव, कंडाबेर पंचायत के मुखिया दिनेश साव, पंचायत अध्यक्ष सुरेश राम, बालेश्वर राणा, राजेंद्र महतो, कैलाश महतो आदि मौजूद थे.

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष (एससी मोर्चा)की बैठक आज



**बरही ।** अनुसूचित जाति विभाग के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान सोमवार को अपराह्न दो बजे बरही कांग्रेस कार्यालय में अपने कार्यकताओं के साथ बैठक करेगे. उक्त जानकारी पीसीसी प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने दी. उन्होंने बताया कि संगठन की मजबूती, केंद्र की दमनकारी और तानाशाही नीति, बढ़ती मंहगाई आदि विभिन्न मुद्दों को लेकर यह दौरा किया जा रहा है. कार्यकर्ताओ को जनहित के मुद्दे को सामने लाने, और उसके खिलाफ जननंदोलन करने आदि विभिन्न आवश्यक मुद्दो पर चचाएं की जा रही है. उन्होंने यह भी बताया कि बैठक के दौरान आगमी लोकसभा और विधानसभा के तैयारियो से संबंधित भी चर्चा होने की संभावना है. इस बैठक में बरही प्रखंड के सभी कार्यकताओं से बैठक में उपस्थित रहने की अपील किया गया है.

### हाथी से प्रभावित क्षेत्र का विधायक ने किया दौरा



**चलकुशा।** प्रखंड के मनैया आंगनबाड़ी केंद्र एवं सेवाटांड पंचायत के पदनाटांड में हाथियों के झूंड के आने से ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। हाथियों के झूंड ने देवनंदन मोदी, रंजीत रजक, पुनीत रजक, रामकिशन रजक, सुखदेव मांझी, गणेश साव, किशुन साव, मोटका मांझी एवं अन्य लोगों का मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी मिलने के उपरांत विधायक अमित कुमार यादव ने अंचल अधिकारी के साथ अवलोकन कर सीओ शशिकांत सिंकर को निर्देश दिया की अविलंब चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के द्वारा लोगों को किए गए क्षतिग्रस्त का रिपोर्ट बनाकर जल्द वन विभाग को रिपोट करे ताकि लोगों को जल्द मुआवजा मिल सकेगा। इसके साथ ही विधायक ने अपने स्तर से वैसे गरीबी रेखा के पात्र लोगों को आर्थिक सहयोग भी किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल,भोला प्रसाद,इंद्रदेव यादव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### हजारीबाग : धूमधाम से नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय

**हजारीबाग।** नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने के लिए आदिवासी बालक छात्रावास के सभा कक्ष में अंतिम तैयारी बैठक हुई. सविता खाखा की अध्यक्षता में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया. संचालन पप्पू एक्का ने किया. विश्व आदिवासी दिवस नगर भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, विशिष्ठ अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग एवं समाज कल्याण पदाधिकारी होंगे कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य-गान होगा. इसमें हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों के गांव-टोलों से आये आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे. बैठक में मुख्य रूप से सुशील ओड़िया, केंद्रीय उपाध्यक्ष आदिवासी छात्र संघ, महेंद्र बेक अध्यक्ष आदिवासी केंद्रीय सरना समिति, सचिव सुनील लकड़ा, रमेश कुमार हेम्ब्रोम संयोजक आदिवासी समाज, महेंद्र टोप्पो आदि ने भाग लिया.

## राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस कार्यक्रम शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** सीएचसी अंतर्गत बरकट्ठा पंचायत भवन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस कार्यक्रम मुखिया प्रमिला देवी एवं पंचायत समिति सदस्या प्रीति गुप्ता की उपस्थिति में मनाया गया। संचालन सहिया साथी सुनीता देवी ने किया। इस कार्यक्रम में बीटीटी प्रकाश पंडित के द्वारा आरकेएसके प्रोग्राम के 6 कंपोनेंट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। एएनएम जयंती कुमारी एवं उषा कुमारी के द्वारा सभी बच्चों को ऊंचाई का मापी एवं वजन लिया गया तथा हिमोग्लोबिन जांच किया गया। मौके पर मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्या ने सभी बच्चों को पोषण संबंधी एवं एनीमिया के बारे में बताया। वहीं वर्तमान में 10 तारीख से चल रहे हैं एमडीए फलेरिया प्रोग्राम के बारे में डब्ल्यूएचओ की टीम के द्वारा बताया गया। सभी बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता कराया गया जिसमें 6 प्रतिभागियों को डबल चैन, बैग देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 55 किशोर एवं किशोरी उपस्थित थे। जिसमें पार्वती देवी ,मंजू देवी, काजल देवी ,रेनू देवी, सोनाली देवी शिवानी देवी सायरा खातून एवं अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया।

### पूर्व विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**चलकुशा।** प्रखंड के ग्राम बरियौन में के जी एन क्लब की ओर से क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ,जिप सदस्य सविता सिंह ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच तेतरौन बनाम पलमा के बीच खेला गया। इस मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह अनुज रवि इस्लाम अंसारी राजू यादव तस्लीम रजा एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**अपील** 13 से 15 अगस्त तक हर घर में लगाएं तिरंगा, डाक विभाग घर पहुंचाएगा झंडा

# डाक विभाग ने 'हर घर तिरंगा' को लेकर निकाली रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** डाक विभाग अपने कर्मचारियों के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। रविवार को डाक विभाग के कर्मचारियों ने हर घर तिरंगा लगाने को लेकर एक रैली निकाली। शहर के सुभाष चौक से प्रधान डाकघर तक निकली इस रैली के माध्यम से लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की गई। हजारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा के निर्देश पर रामगढ़ सब डिविजन के सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में, रामगढ प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनोज कुमार के संचालन में जिले भर के सभी डाककर्मी रैली में शामिल हुए। प्रभात फेरी का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त को जिले के सभी घरों में हमारे देश की आन, बान और शान तिरंगा झंडा को फहराना है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जिले के सभी घरों के लिए डाक विभाग द्वारा तिरंगा झंडा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के सभी डाकघरों में मात्र 25/रुपया में तिरंगा झंडा प्राप्त किया जा सकता है। डाकघर का तिरंगा झंडा बहुत ही आकर्षक, सुंदर और टिकाऊ है। जिले के सभी डाकघरों से ऑनलाइन बुकिंग करके भी इसे अपने घर में प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन बुकिंग चार्ज मात्र 25/रुपया ही लग रहा है। मंगवाने के लिए कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। पोस्टमैन झंडे को घरों तक ऑनलाइन बुकिंग के बाद पहुंचा देंगे। इसे ऑनलाइन बुकिंग के लिए www.epostoffice.gov.in पर लॉगिन करना है। अब घर बैठे ही तिरंगा झंडा को प्राप्त कर हर घर तिरंगा झंडा को फहराना है। प्रभात फेरी में डाक परिवार द्वारा भिन्न भिन्न चौराहों पर देश के सपूतों को माल्यार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाक सहायक रविशंकर राय, छोटन राम, दिलीप कुमार, सर्वेश कुमार, सैलेंद्र सिंह, राकेश कुमार, अरुण कुमार सिंह, अभिजीत, आलोक मिश्रा, बृजनंदन, जगरनाथ भगतिया, रामकुमार मुंडा, मो शमीम, नसीम अख्तर, सुबोध कुमार, अनिल कुमार, अभय तिर्की, आनंद कुमार, अविनाश कुमार, रजनीकांत सिंह समेत कई डाक विभाग के कर्मचारी उपस्थित हुए।

### गरजामो में जलसा का आयोजन



**बरही ।** इमाम हाफिज तैयब के सदरती में गरजामो में आजीमोशन जलसा का आयोजन हुआ. जिसमे कई दिग्गज शामिल हुए. कोलाकाता के कारी निसार साहब ने इमामे हसन एवं हुसैन के त्याग और बलिदान पर जानकारी दी और कसीदे पढ़े. वही मस्केडीह के प्रिंसिपल ने भी अपने कसीदे से लोगो को आगाह कराया. भदोही उत्तरप्रदेश के शोएब रजा खान, साजिद रजा साजिद, मुफ्ती मुजाहिद साहब के सरपरस्ती में जलसा का आयोजन हुआ. जिसका जनाब दानिश इकबाल ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि अल्प संख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम सहित हाजी हासिम, पप्पू खान, पंचायत समिति रमजान अंसारी, मो मंसूर आलम आदि शामिल हुए.

### पीएम ने देशभर के 508 प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

# कोडरमा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए किया ऑनलाइन शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 508 प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधार शीला रखी. कोडरमा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए भी ऑनलाइन शिलान्यास किया गया. पुनर्विकास योजना कार्यक्रम में स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई. वही विशेष अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी उपस्थित रहे. डॉ नीरा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोडरमा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास के लिए चयन किया. यह एक सुखद एहसास है. उन्होंने कहा कि पुनर्विकास के बाद कोडरमा वासियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त रेलवे स्टेशन मिलेगा. इस मौके पर रेलवे के पदाधिकारी, स्थानीय नेता, शहर के गणमान्य समाजसेवी, विद्यालय के छात्र सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे. बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारत के 1309 स्टेशनों का चयन किया गया है. जिसमें झारखंड के 20 स्टेशन भी शामिल हैं. पहले चरण में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 508 स्टेशनों का ऑनलाइन शिलान्यास किया. कोडरमा स्टेशन का 30 करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य किया जायेगा. इके बाद रेलवे स्टेशनों में वह सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो वर्ल्ड क्लास स्टेशनों में होता है.

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के 3 बच्चों को मिला पुरस्कार



**झुमरी तिलैया।** रेलवे द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को रविवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन पर विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने पुरस्कृत किया। बता दें कि रेलवे के द्वारा सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों के बीच देश और रेलवे में क्या-क्या अच्छा हो रहा है विषय पर भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया था। भाषण प्रतियोगिता में वंदना कुमारी को प्रथम, गौरव राज को द्वितीय और मयंक पांडेय को तृतीय स्थान मिला था। रविवार को कोडरमा रेलवे पर जब देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कर रहे थे, उसी कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक डॉ नीरा यादव ने बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स को सराहा और कहा कि ये सभी पेंटिंग्स रेल मंत्रालय को भेजा जाएगा। इस मौके पर रेलवे के कई अधिकारी के अलावा सेक्रेड हार्ट स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, कुंतल जेठवा, विशाल आनंद और आशुतोष गौतम समेत सेक्रेड हार्ट स्कूल के लगभग 25 बच्चे मौजूद थे।

### कोडरमा डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन का चुनाव सभा संपन्न

## गिरधारी अध्यक्ष और नवीन बने सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया के डॉक्टर गली स्थित केडीएए, कोडरमा डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन के कार्यालय में सत्र 2023 - 24 हेतु आम चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव सभा में कोडरमा ज़िले के सभी गायक, वादक, नर्तक, मंच संचालक एवं साउंड ऑपरेटर उपस्थित थे। बैठक में संरक्षक के रूप में लड्डू गोपाल राजगढ़िया, सुनील देबनाथ, धीरेन्द्र मिश्र, अर्चना धर, नंदकिशोर शर्मा, बी एम प्रसाद, सुशील द्विवेदी, प्रेम पाण्डेय, विजय सिंह, जवाहर वर्मा दिलीप रॉय, बक्शी सिंजन प्रसाद,अशोक विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, चंद्राणी सरकार, विजय पाण्डेय, रणजीत कुमार सिंह, रवि दाहिमा, मुन्ना भदानी, अध्यक्ष गिरधारी सोमानी, उपाध्यक्ष, संजीत भारती, बबलू सिंह, सचिव नवीन पाण्डया,सह सचिव जूही दासगुप्ता, शशि राज, कोषाध्यक्ष विशाल कप्सिमे, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार,अनूप कुमार बर्णवाल, न्यायिक सलाहकार सुशील द्विवेदी, विवेक सिंह, सुधांशु पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, सुमन सोनकर को बनाया गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शशि चंदेल, धीरज पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, असीम मुखर्जी, राजेश भदानी, राजा चौरसिया, आराधना सिंह, सुमन सोनकर सुधीर पाण्डेय, सूरज प्रताप, मनोज माथुर, सुरेश यादव, अभिषेक शर्मा, सोनाली बर्णवाल के नाम शामिल हैं। यह जानकारी सचिव नवीन पांड्या ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## आदिवासियों पर अत्याचार करना बंद करे केंद्र सरकार :अजय एक्का



**ठेठाईटांगर।** प्रखंड के रेंगारीह में राष्ट्रीय ईसाई महासंघ, काथलिक यूथ मूवमेंट, काथलिक सभा और काथलिक महिलासंघ के संयुक्त तत्वावधान में मणिपुर में हुए हिंसात्मक घटना को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मौन जुलूस एवं जनसभा का आयोजन किया गया। मौके पर दो मिनट मौन होकर मणिपुर के हिंसात्मक घटना में शिकार होकर जान गवाने वालों के लिए शांति एवं देश में शांति की कामना की गई। मौके पर इंडियन काथलिक यूथ मूवमेंट सिमडेगा धर्मप्रान्त के अध्यक्ष सह ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार तरह तरह की साज़िश रचकर आदिवासियों को खत्म करना चाहती है। मणिपुर की घटना पुरे मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना है जिसमें केंद्र सरकार का तीन महीने तक मौन रहकर तमाशा देखना आदिवासीयों के खिलाफ साजिश ही प्रतीत होती है। आज देश में आदिवासी कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

## जलडेगा शैलपुत्री मंदिर में चोरों ने किया हाथ साफ



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा में चोरों के अंदर शायद पुलिस का कोई डर नहीं रहा है। यहीं कारण है कि अब वो पुलिस की नाक के नीचे से भी चोरी करने से नहीं डरते हैं। ऐसे ही एक मामला जलडेगा शैलपुत्री मंदिर से सामने आया है, जहां चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ कर साउंड सिस्टम पर अपना हाथ साफ कर लिया। आश्चर्य की बात यह है कि ये मंदिर जलडेगा थाना से चंद कदमों की दूरी पर है। बाबजूद इसके चोरों को कोई भय नहीं है और यही कारण है की जलडेगा में अपराधिक ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। मामले की जानकारी तब हुई जब रविवार सुबह मंदिर के समिति सदस्य संजय अग्रवाल मंदिर पूजा करने पहुंचे तो उन्होंने मंदिर का ताला टूटा हुआ देखा। इसके बाद समिति सदस्यों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही एक एक कर के समिति के लोग इक्कठा हुए और पता चला की मंदिर से चोरों ने साउंड सिस्टम को चुरा का ले गए है।बता दें कि शैलपुत्री मंदिर से 28 जुलाई की रात को चोरों ने मंदिर में लगे आहूजा के दो साउंड बॉक्स को चुरा कर ले गए थे, पूजा समिति के सदस्यों ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी और सुरक्षा बढ़ने की मांग की। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी ही थी, इससे पहले कि पुलिस के हाथ कुछ आता शनिवार को फर्ज चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर आहूजा का दो एम्प्लीफायर, स्ट्रेंजर का साउंड मिक्सर मशीन, चिप, बॉक्स आदि चुरा कर ले गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मंदिर में पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। जलडेगा थाना प्रभारी हिरालाल महतो, एसडीपीओ डेविड ढोडराय, पुलिस निरीक्षक विद्याशंकर मंदिर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

### संत जॉन मेरी वियन्नी फुटबॉल खस्सी टूर्नामेंट का आयोजन

**सिमडेगा।** सामटोली काथलिक युवा संघ समिति सामटोली के द्वारा सामटोली पारिश मैदान में संत जॉन मेरी वियन्नी फुटबॉल खस्सी टुनामेंट और खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।फुटबॉल टुनामेंट सामटोली बनाम कुबीटोली के बीच खेले गए फाईनल मैच में सामटोली गाँव ने जीत दर्ज कर खस्सी पर कब्जा जमाया। खेलकूद प्रतियोगिता के तहत बच्चों के लिए 100 मीटर रेस, बिस्कुट रेस,बैलून रेस खेलाया गया। वहीं महिलाओं के लिए घडा फोड , रस्सा-कस्सी खेल प्रतियोगिता में भाग लिया।फुटबॉल खस्सी टूनामेंट में कुल 30 टीमों ने भाग लिया था। बच्चों अंडर 10के खेलकूद में 200 मीटर बालकों के प्रतियोगिता में सैमसोन टोप्पो, आयुष खाखा,जैतुन मिंज तथा 200 मीटर बालिका रेस में अमिषा जोजो, रोमिषा केरकेट्टा तथा अमृता एक्का को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बच्चों के बैलून रेस में शिल्पा कन्डुलना, शिल्पी सोरेंग तथा प्रतिभा तिग्गा ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर जीत हासिल किया। महिलाओं के घडा फोड प्रतियोगिता में मार्था कुल्लु एवं उसुर्ला खलखो प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। रेफरी की भूमिका फा. यूजीन ने निभाया। लाईनमैन के तौर पर रिचर्ड एवं अल्बर्ट ने निभाया।

## नकटीकछार गांव में हाथियों ने किया मकान ध्वस्त, एनोस एक्का ने किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखंड के नकटीकछार गांव में जंगली हाथियों ने दो ग्रामीणों के घर को ध्वस्त किया। बताया गया की दाऊद कीड़ो एवं अगुस्ता डुंगडुंग का घर को तोड़ा है। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का और झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का गांव पहुंचे और प्रभावित ग्रामीणों से मिलकर नुकसान की जानकारी ली। एनोस एक्का ने प्रभावित परिवार को आर्थिक सहयोग करते हुए वन विभाग से भी मुआवजा दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि लगातार 3 सालों से जंगली हाथियों का आतंक क्षेत्र में बरकरार है लेकिन इसके बावजूद ना तो वन विभाग इस पर विशेष ध्यान दे रही है और ना ही सरकार इस पर कोई समुचित ठोस कदम उठा रही है जिसका खामियाजा यहां के स्थानीय ग्रामीणों को हो रहा है .लगातार कई बार ग्रामीण रात भर जगने पर विवश है बारिश का मौसम में लोग पहले से ही परेशान है लेकिन हाथियों के आतंक की वजह से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय क्षेत्र में दिखते हैं लेकिन अभी लोगों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है .सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर राजभोग रही है लेकिन जनता खून के आंसू रो रही । लेकिन अगर इसी प्रकार का रवैया रहा तो झारखंड पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी और लोगों के हक अधिकार दिलाने का कार्य करेगी इस क्षेत्र में हाथियों को भगाने के लिए समुचित प्रयास करने का झारखंड पार्टी प्रयास करें । संदेश एक्का ने कहा कि लोगों को हक अधिकार के लिए एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है ताकि ऐसे लोग जो जनप्रतिनिधि होकर लोगों को दरकिनार कर रहे हैं इन्हें सत्ता से बेदखल कर सके ।मौके पर एनोस ने कहा कि वन विभाग की टीम प्रभावित इलाकों में हाथी भगाने के लिए आवश्यक सामग्री का वितरण करें ताकि ग्रामीण हाथी से अपनी रक्षा कर सकें।मौके पर आशीष सिंह,रवि बड़ाईक,मो लाइस, सुदीप लुगुन,रसाल खलखो,अंकित सुरीन उपस्थित थे।

### मोबाइल सिम विक्रेताओं के साथ जलडेगा पुलिस ने की बैठक, लेखा-जोखा रखने का निर्देश

**जलडेगा।** वर्तमान आधुनिक युग में मोबाईल में फर्जी सिम के उपयोग से हो रहे लगातार साइबर क्राईम पर अंकुश लगाने पुलिस अधिक्षक ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना स्तर पर सिम विक्रेताओं की बैठक कर वैलिड आईडी प्रूफ के सिम विक्रय न करने के लिए सुझाव दें। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के पर रविवार को जलडेगा एस आई बिरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में समस्त सिम विक्रेताओं की बैठक हुई। इस दौरान एस आई शर्मा ने सिम विक्रेताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आए दिन लगातार फर्जी सिमों से धमकाना, डराना, अश्लील मैसेज करना, धोखाधड़ी करना जैसे अपराध घटित हो रहे है जिस पर अंकुश लगाना है। इसलिए उन्होंने सिम कार्ड विक्रेताओं को किसी भी व्यक्ति को बिना वैलिड आईडी प्रूफ, ओरिजनल आईडी एवं फोटो मिलान किये बिना सिम कार्ड न बेचने की हिदायत दी। उन्होंने सिम विक्रेताओं को एक रजिस्टर रखकर सिम विक्रय से संबंधित समस्त जानकारियों का लेखा-जोखा रखने का निर्देश दिया। इस दौरान जलडेगा के सिम विक्रेता संदीप कुमार, भोला साहू, सुरेन्द्र सिंह, दिपक बडाईक, मो शबीर अहमद, छोटू साहू, सोमित नाग, पिन्टू साहू, राजू पाल, जितेंद्र प्रसाद, अरुण नाग, बिरजू साहू उपस्थित थे।

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड कमेटी का हुआ चुनाव, नौशाद परवेज बने अध्यक्ष



**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड उपाध्यक्ष ब्रह्मदत्त नायक के अध्यक्षता एवम जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा की उपस्थित एवम संगठन मंत्री राजकुमार राम के देख रेख में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर नौशाद परवेज एवम सचिव के पद पर रोहित कुमार को चुना गया।इस अवसर पर दोनो नवनियुक्त पदाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकों को संगठन के प्रति निष्ठा से कार्य करने एवम सभी शिक्षकों को सहयोग करने का वचन दिए इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने नव नियुक्त पदाधिकारी को बधाई दिए एवम संगठन के महत्व को बताया उन्होंने सभी एक जुट होकर कार्य करने का अनुरोध किए।संगठन मंत्री राजकुमार राम ने नवनियुक्त पदाधिकारी को उनके कार्य एवम दायित्व को बताया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सलीम तिर्की,जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रंजन ,नौशाद परवेज ,संजय वर्मा ,संजय बड़ाइक, रोहित कुमार,अविनाश कुमार, अमृत प्रमेंद्र तिर्की, विमला कुमारी, सुलेंदर कुमार साहू ,संजय कुमार, राखी ,सुमन चंद्र महतो,अमर कुमार सिंह, संजय कुमार उपस्थित हुए।

### बानो डिग्री कॉलेज बानो में वन महोत्सव मना



**बानो।** डिग्री कॉलेज बानो में वन महोत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन डीएफओ अरबिंद कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल राम कुमार ,बानो जिला परिषद बिरजो कंडुलना, जलडेगा सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ,विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया । डीएफओ अरबिंद कुमार गुप्ता ने कहा पेड़ के बिना मानव जीवन अधूरा है।जीवन के हर पल हमेशा पेड़ो की आवश्यकता पड़ती है।इस समय सावन का महीना है बेलपत्र, नारियल, फूल आदि पूजन सामग्री पेड़ो से मिलते है । जंगल मे हाथी रहते हैं उसे न छेड़े ।घर मे शराब न बनाए। जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा हर साल कमसेकम एक पेड़ जरूर लगाएं । पेड़ पौधों से ही हमारा जीवन स्वस्थ्य है।मौके पर जलडेगा सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ,विधायक प्रतिनिधि बानो शंकर सिंह ने अपने विजार व्यक किया हमारा जिला सिमडेगा अब भी बचा हुआ है कि प्रदूषण मुक्त है पर ध्यान दे पेड़ो को न काटे ।

**प्रतियोगिता** — सिमडेगा 24वां अंतर्राज्य वीर शहीद थॉमस सोरेग फुटबॉल टूर्नामेंट

# सरगुजा ने छत्तीसगढ़ को हराया, पहुंची सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 24 वां अंतरराज्य वीर शहीद थॉमस सोरेग फुटबॉल टूनामेंट रविवार को खेला गया ।पहला मैच सुंदरगढ़ फुटबॉल क्लब सुंदरगढ़ ओडिसा बनाम संत जोन्स रांची झारखण्ड के बीच हुआ। खेल में मुख्य अथिति के रूप में सीओ ठेठाइटांगर समीर कच्चप,सीओ सिमडेगा प्रताप मिंज ,अधिवक्ता भूषण सिंह, दिलीप तिर्की,ठेठाइटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं पतरस एक्का थे। अतिथियों का स्वागत के बाद कोषाध्यक्ष ललन प्रसाद साथ में अमित डुंगडुंग अध्यक्ष एवं संरक्षक बिद्या बड़ाईक के द्वारा खिलाडियों का परिचय कराया।पहले मैच में दोनों ही टीम खेल में बराबरी में रहे। अंतिम में पेनाल्टी के माध्यम से संत जोन्स रांची की टीम 2-0 से जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में प्रवेश किया वही दूसरा खेल सरगुजा फुटबॉल क्लब छत्तीसगढ़ बनाम जय दुर्गा क्लब सुंदरगढ़ ओडिसा के बीच हुआ ।इस खेल में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा सीओ प्रताप मिंज, ठेठईटांगर सीओ समीर कच्छप, संत जेवियर के फादर ब्रूनो के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरूआत की। मौके पर सीओ सिमडेगा ने कहा सिमडेगा हमेशा से खेल के नगरी के रूप में जाना जाता है यहां के खिलाड़ी देश विदेश में जाकर नाम रोशन कर रहे हैं खेल को खेल भावना के साथ खेले ताकि यहां से निकलकर देश-विदेश में परचम लहरा सके यह आयोजन शहीद के नाम पर है जो कि 24 वर्षों से हो रहा है और लगातार दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ रही है हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले दिनों में हर संभव प्रयास किया



जाए। दूसरी पारी की खेल में सरगुज्जा फुटबॉल क्लब छत्तीसगढ़ की टीम 1-0 से बढ़त बनाते हुए अगले चक्र में प्रवेश की।वही 7 अगस्त का खेल किंगिफ्शर टाइगर क्लब सिमडेगा झारखण्ड बनाम संत जोन्स रांची झारखण्ड के बीच 4 बजे होगी खेल को सफल बनाने में भूमिका में आयोजक राजेश कु सिंह, अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, सचिव मोनू बड़ाईक , संरक्षक विद्या बड़ाईक, उपाध्यक्ष बिकास बेशरा, प्रताप बड़ा, संदीप मिंज, अजित नवरंगी, कल्याण मिंज, रिंकू अग्रवाल, बिकास साहू, कमल शर्मा, शिशिर मिंज उर्फ पप्पू ,कोषाध्यक्ष ललन प्रसाद, , उपसचिव विनोद बड़ाईक, खेल प्रभारी, सुबास महतो, एडवर्ड कमाण्डो, ,कंचन कबीर, डेनियल मिंज, गणेश नायक, बलदेव सिंह, बासुदेव, रोशन डुंगडुंग, अनमोल तिर्की, अमन निएल सोरेंग, खुश्बू किंडो,समसुल अंसारी, दीपक बड़ाईक, अहमद अली सफल मंच संचालक स्याम सुंदर मिश्रा शामिल है।

# धन के लालच में किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिये : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि धन के लालच में किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए। हो सकता है थोड़े से धन में काम चलाना पड़े या थोड़ी सी परेशानी उठानी पड़े यह सही है। लेकिन सुख भोगने के लालच में अगर किसी मित्र साथी के साथ या किसी भी व्यक्ति के साथ धन के लोभ में विश्वासघात किया जाए यह कदापि उचित नहीं है। इसे बहुत बड़ा दोष लगता है। भागवत कथा अनुष्ठान पूर्वक सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय संसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है। यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती।

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है। ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या और विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है। शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की संपत्ति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते हैं। उन्होंने कहा कि मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं। मांस खाने के लिये परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए। मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है। अगर मुनष्य छह माह कच्चा मांस खा ले तो चर्म रोग के साथ ही उसका पाचन तंत्र बुरी तरह कुप्रभावित हो जाएगा। अपने स्वार्थ और गलत इच्छा की पूर्ति के लिए कुतर्क का सहारा नहीं लेनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि कामना युक्त कर्मकांड करने एवं कराने वालों में अहंकार आता है। कर्मकांड अगर करना है तो परमामा की प्राप्ति के लिये करे। किसी कामना की पूर्ति के लिये नहीं।

स्वामी जी ने कहा कि राजा पृथू को जब आत्मज्ञान हुआ तो वे अपने बड़े पुत्र प्राचीन वर्हि को राजा बनाकर जंगल में चले गए। एक बार नारद जी राजा प्राचीनबर्हि को यज्ञ के संबंध में उपदेश दे थे। नारद जी ने कहा कि सभी जीव-जन्तु प्रभु की संतान आप यज्ञ में पशुओं की बलि नहीं दें। पशु बलि के साथ किया गया यज्ञ अपावन होता है। नारद जी ने अपने तपोबल से उन पशुओं को दिखाया, जिन्हें प्राचीन वर्हि ने यज्ञ में बलि दी थी। सभी पशु क्रोधित नजर आए और अपना बदल लेने के लिये उद्यत थे। यह देख पाचीन वर्हि को ज्ञान हुआ और भूल पर पश्चताप हुई। स्वामी जी ने कहा कि विष्णु का अर्थ अहिंसा, प्रेम,सदाचार एवं सदविचार है। सविधार है। हिंसा युक्त यज्ञ विष्णु का यज्ञ नहीं हो सकता है। बलि यज्ञ से कल्याण संभव नहीं है।



## पेयजल व स्वच्छता विभाग के सचिव व डीसी ने किया महाराज का दर्शन

**श्री बंशीधर नगर।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सचिव डॉ मनीष रंजन, गढ़वा जिले के डीसी शेखर जमुआर एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गढ़वा के ईई प्रदीप सिंह ने रविवार को जीयर स्वामी महाराज का दर्शन किया। महायज्ञ समिति की ओर से दोनों अधिकारियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और पुस्तक प्रदान कर स्वागत किया गया। डीसी ने समिति के पदाधिकारियों को यज्ञ के दौरान आवश्यक प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिया। मौके पर सीओ अरुण मुंडा, बीडीओ श्रवण राम, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, संरक्षक मंडल के सदस्य पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव उर्फ राजा बच्चा, अखिलेश पांडेय, विंध्याचल शुक्ला, अध्यक्ष वीरेन्द्र चौबे, उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे, सह कोषाध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, उप सचिव नवनीत शुक्ला, बिमलेश शुक्ला, मनोज शुक्ला, सत्यजीत चौबे आदि उपस्थित थे।

## पेयजल स्वच्छता विभाग के सचिव पहुंचे बाबा बंशीधर मंदिर



**श्री बंशीधर नगर।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव डॉक्टर मनीष कुमार रंजन तथा गढ़वा डीसी शेखर जमुवार ने रविवार दोपहर श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन कर झारखंड की खुशहाली की कामना की। रंजन वर्ष 14-15 में तीन महीने गढ़वा के डीसी के पद पर आसीन रह चुके हैं। रंजन ने बताया कि गढ़वा डीसी बनने के बाद बंशीधर मंदिर से उनका गहरा लगाव रहा है और आज कई वर्षो के बाद फिर ऐसा संयोग बना की श्री बंशीधर नगर आने का मौका मिला। इस अवसर पर पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव ने बाबा बंशीधर की तस्वीर देकर रंजन को सम्मानित किया। वहीं श्री बंशीधर नगर बीडीओ ने डीसी शेखर जमुवार को तस्वीर व मंदिर विवरण किताब देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, बीडीओ श्रावण राम, इंस्पेक्टर रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार, हजारी प्रसाद आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास कार्यों का ऑनलाइन किया शिलान्यास

# बदले नजर आयेंगे गढ़वा-नगर उंटारी स्टेशन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रविवार को गढ़वा एवं नगरउंटारी रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण एवं यात्री सुविधाओं के विकास कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया। इस योजना के तहत गढ़वा रेलवे स्टेशन पर 25 करोड़ एवं नगरउंटारी रेलवे स्टेशन पर 26 करोड़ रुपये की लागत से विकास के कार्य किये जायेंगे। गढ़वा रेलवे स्टेशन पर इस मौके पर आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में उपायुक्त शेखर जमुआर, एसडीओ राज महेश्वरम सहित भाजपा नेताओं एवं गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। पीएम द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किये जाने के पश्चात उपायुक्त एवं अन्य लोगों ने भी औपचारिक रूप से रेलवे स्टेशन पर शिल्लापट्ट हटाकर शिलान्यास किया। इस दौरान लोगों ने पीएम का ऑनलाइन उद्बोधन भी एलईडी स्क्रीन पर सुना।




इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि आज का दिन यात्रियों के साथ-साथ रेलवे के कर्मियों के लिये भी ऐतिहासिक है। पहले गढ़वा रेलवे स्टेशन में सिर्फ एक लाइन हुआ करती थी। इससे यात्री ट्रेन एवं मालगाड़ियों को आवागमन करने में काफी समय लग जाता था। इससे वे अपने गंतव्य पर देर से आया करती थी, लेकिन अब यहां काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। कई लाइनें हो जाने की वजह से ट्रेनों के देर से आने का समय काफी कम हो गया है। लोग अपने निर्धारित स्थल पर समय से पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जो शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया है, उसके बाद से आनेवाले दिनों में गढ़वा रेलवे स्टेशन पूरी तरह से बदला हुआ नजर आयेगा। सफर करने के लिये रेल से बेहतर साधन दूसरा नहीं है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच भारत देश के छोटे शहरों को भी विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने की है। भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि 508 रेलवे स्टेशनों पर अब वह असुविधा नहीं रहेगी, जो अब तक वे सभी झेलते रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन यातायात निरीक्षक विजय प्रकाश ने किया। मौके पर यातायात संकेत एवं दूरसंचार अभियंता शंभूनाथ सिंह, सहायक विद्युत अभियंता कुमार मयंक, स्टेशन प्रबंधक चंदूभूषण कुमार, उपेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, भाजपा नेता ओमप्रकाश तिवारी, विजय केसरी, सुरज गुप्ता, जवाहर पासवान, विवेकानंद तिवारी, संतोष दूबे, चंदन जायसवाल, रविंद्र जायसवाल, अंजली गुप्ता, मीना देवी, गौरीशंकर बिंद, उदय मेहता, झामुमो नेता कंचन साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालयों के बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## अव्यवस्था के कारण ऐतिहासिक पल के साक्षी नहीं पाये गणमान्य लोग

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य के ऑनलाइन शिलान्यास के अवसर पर भारी अव्यवस्था देखने को मिली। व्यवस्था से जुड़े रेल विभाग के अफसरों की लापरवाही के कारण श्री बंशीधर नगर के गणमान्य लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी नहीं बन पाये, जिससे लोगों में काफी क्षोभ और मायूसी देखी गयी। बताते चलें कि नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत विकसित करने के लिये चयनित किया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम में गणमान्य लोगों की बैठने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।



मंच और पूरे कार्यक्रम को कुछ खास लोगों द्वारा हाईजैक कर लिया गया था। यहां तक कि कार्यक्रम का साक्षी बनने गये चैंबर ऑफ कॉमर्स के तमाम पदाधिकारी खड़े-खड़े बैरंग वापस लौट गये। यहां तक की पत्रकारों को भी बैठने की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। मंच पर कुछ खास लोगों का जमावड़ा रहा। यहां तक कि पुलिस अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई थी। पुलिस पदाधिकारी भी खड़े खड़े कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे, जबकि रेल विभाग की ओर से शहर के गणमान्य लोगों को आमंत्रित करने के लिये आमंत्रण पत्र वितरित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मंगाई गई कुर्सियां सुरक्षित स्टेशन पर ही रखी रह गयी। लोगों का कहना था कि जब व्यवस्था नहीं थी तो लोगों को आमंत्रित करने का कोई मतलब नहीं था। गणमान्य लोगों को बुलाकर रेल विभाग ने अपमानित करने का काम किया है।

# घर में घुसा बारिश का पानी अनाज बर्बाद, मदद मांगी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड के अंतर्गत मेढ़ारी गांव के सीताराम खेरवार के घर में बारिश की पानी घुस जाने से घर पर रखे अनाज समेत अन्य सामान बर्बाद हो गये। साथ ही मिट्टी घर होने से घर को काफी नुकसान पहुंचा है। इस परिवार के लिए सोने का भी जगह नहीं बचा है। उत्पन्न हुई समस्या को लेकर सीताराम खेरवार ने महुआडांड़ के जिला परिषद सदस्य एस्तेला नगेसिया से मदद की गुहार लगाई। इस्तेला नगेसिया द्वारा क्षति का आकलन किया गया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया। इस्तेला नागेसिया ने बताया कि ओरसा रोड का निर्माण हो रहा है।



इसके कारण सड़क की मिट्टी कोड़ दी गई है। चार दिन पूर्व हुई मूसलाधार बारिश के बाद पहाड़ से उतरे पानी को जगह नहीं मिलने पर पानी घर के अंदर घूस गया। प्राकृतिक आपदा कोष से इस गरीब को मदद मिले इसे लेकर अंचल कार्यालय को आवेदन दिया गया है। साथ ही उपायुक्त लातेहार को आवेदन दिया जाएगा।

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर की बैठक आयोजित

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार की एक मासिक बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में मासिक दानपात्र खोला गया और आय व्यय का ब्यारों प्रस्तुत किया गया। सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि मंदिर परिसर में एक उद्यान का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने उद्यान निर्माण में आर्थिक सहयोग करने की अपील लोगों से की है। बैठक में उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, संतोष कुमार दुबे, पंकज कुमार, संजय प्रसाद, राजेश पाठक, धनेश्वर प्रसाद व धर्मवीर प्रसाद आदि मौजूद थे।

# वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर खेती करने वालों पर जल्द की जायेगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

वन क्षेत्र के वन भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा वन संपदा को क्षति पहुंचाने के आरोप में वन विभाग ने टीम बानालात गांव पहुंच कर जांच की। सब बिट ऑफिसर संतोष ने जानकारी देते हुए बताया की डीएफओ लातेहार के निर्देशानुसार फारेस्टर सहित चार सदस्यीय टीम ने बनालात के सोहरवाटांड में वन क्षेत्र में अतिक्रमण कर खेती करने के मामलों को लेकर स्थलीय जांच की गयी, जहां कई लोगों द्वारा वन अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। जांच में पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि वन क्षेत्र को नुकसान



पहुंचाने वाले पर जल्द ही कार्रवाई होगी। फारेस्टर ने बताया कि जांच रिपोर्ट को लातेहार डीविजन भेजा जायेगा। उपस्थित लोगों से वन कर्मियों ने अपील करते हुए कहा कि वन क्षेत्र को नहीं उजाड़ें। वन हमलोगों को सब कुछ बिना मांगे देता है। प्रकृति को बचाएं तभी आने वाला भविष्य बच सकता है। अन्यथा मानव जीवन सहित जीव जंतु के लिए घातक साबित होगा। लगातार पेड़ कटाई के कारण वर्षा नहीं होती है, गर्मी में असहनीय तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है यह चिंता का विषय है। आप सभी वन कटाई की जगह पेड़ रोपाई करें। ज्ञात हो कि वन कटाई वन अतिक्रमण के विरुद्ध सुकरा भुइयां के ऊपर मुकदमा होने की भी बात बताई। मौके पर समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार पाठक, सदस्य संगीता देवी, महेश भुइंया के अलावे बरकुटे के ब्रह्मापिता ब्रह्माकुमारी के कार्यकर्ता रामकुमार साहू, महेश भुइंया, मुकेश भुइंया, शुक्र भुइंया, सुरेश भुइंया, कोमल भुइंया एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### राहुल गांधी को न्याय मिलने पर खुशी का इजहार



**श्री बंशीधर नगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मिलने पर युवा कांग्रेस कमेटी के महासचिव रोहित पांडेय के नेतृत्व में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह जिला मुख्य संगठक कांग्रेस सेवा दल ईश्वरी चौधरी, जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, संतोष कुमार, मनदीप प्रसाद, शाहिद अंसारी, शशि भूषण पांडेय,संजीव पांडेय, मोहित पांडेय, शुभम पांडेय, गयासुद्दीन, लियाकत अंसारी, बबलू पांडेय, आलोक कुमार, अनुज पांडेय, उपेंद्र चौधरी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मदरसा शिक्षक भर्ती में अनियमितता का आरोप

**डंडाई।** प्रखंड के तसरार मदरसा सिराजुल उलूम में हाफिज/ शिक्षक भर्ती में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा गया है कि मदरसा सिराजुल उलूम तसरार में शिक्षक बहाली हो या अन्य मामला मदरसा के सेक्रेटरी द्वारा हमेशा मनमानी की जाताी है। ग्रामीणों को कभी किसी मामले में सूचना नहीं दी जाती है। इधर 17 जुलाई को मदरसा में शिक्षक बहाली के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। इसमें मदरसा सेक्रेटरी द्वारा कुछ दिनों के लिए रिजल्ट को रोककर परीक्षा विशेषज्ञ एवं मदरसा प्रबंधन समिति के मिलीभगत से उत्तर पुस्तिका को बदलकर अपने रिश्तेदार का चयन किया गया है, जबकि आवेदक शिक्षक भर्ती में अहर्ता भी पूरी नहीं करता। आवेदक का डीएलएड सर्टिफिकेट भी फर्जी है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मदरसा सिराजुल उलूम तसरार में प्रबंधन समिति की कभी बैठक नहीं की गई है। ग्रामीणों ने शिक्षक बहाली को रद्द करते हुए अनियमितता बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से इमामुद्दीन अंसारी, सोहराब अंसारी, इम्तियाज अंसारी, हसनैन अंसारी, मोहम्मद साकिब अंसारी, नौशाद अंसारी, मंसूर अंसारी, जुनैद अहमद, आसिफ अंसारी, वसीम अंसारी, मंदिर ठाकुर, इमामुद्दीन अंसारी, तनवीर अहमद आदि के नाम शामिल हैं।

### भाजपा नेता की ब्रेन हेमरेज से हुई मौत, शोक

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के चिरका गांव निवासी सह भाजपा नेता तुलसी भूइयां (55) की मौत शनिवार रात करीब 2 बजे ब्रेन हेमरेज से हो गई। पार्टी कार्यकर्ता दुख की इस घड़ी में परिजनों के साथ दिखायी दिये। मृतक तुलसी भूइयां के बड़े बेटे ने बताया कि देर शाम उन्हें घबराहट हुई तथा और वे गिर पड़े। हम लोग आनन-फानन में वाहन की व्यवस्था कर उन्हें इलाज के लिए संगबरिया हॉस्पिटल ले ही जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौके पर भाजपा नेता कपिल प्रसाद, रामसकल कोरवा, राजकुमार शाह उर्फ गरीबा, शिवलाल सिंह, झामुमो नेता बंशीधर यादव, रामवृक्ष सिंह, अनिल सिंह, धर्मेंद्र भुइयां सहित सैकड़ों सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## अनियमितता | धुरकी-विलासपुर रोड की गुणवत्ता पर सवाल

# नवनिर्मित सड़क में पड़ गयीं दरारें

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

धुरकी से विलासपुर 92करोड़ रुपये की लागत से बनायी गयी नवनिर्मित सड़क में दो स्थानों पर दरार पड़ जाने से इसके निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया जा रहा है। विदित हो कि उक्त पथ का निर्माण वीआरएस कंपनी के द्वारा छह माह पूर्व किया गया था। कंपनी कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल शुरू से ही उठाये जा रहे थे परंतु पदाधिकारी के उदासीन रवैये के कारण कोई सुधार नहीं हो सका।



परिणामस्वरूप धुरकी राजा बांध पर तथा खाला स्कूल से पश्चिम घटगवा पुल के समीप मुख्य सडक के कालीकरण में दरार पड़ गयी है। इससे खाला धुरकी के ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधि काफी रोष व गुस्से में है। स्थानीय निवासी तोराब अंसारी खाला ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखकर आनन फानन में कार्य पूरा कर कंपनी के भागने का आरोप लगाया है। उन्होंने जेई, एई तथा ईई की मिलीभगत से घटिया निर्माण करने का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। वहीं अब्दुल जलील अंसारी ने भी सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच की मांग सरकार से करते हुए कहा कि गुणवत्ता तथा मानक का ख्याल नहीं करते हुए मनमाने तरीके से निर्माण किया गया तथा सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। सुनिता कुमारी जिला परिषद सदस्य धुरकी ने कहा कि पथ में दो जगह दरारे पड़ गयी है। भविष्य में और बढ़ेगी। सरकार से जांच करवाने तथा कार्रवाई की मांग करूंगी। निर्माण में मानक का खयाल नहीं रखा गया है। महबूब अंसारी सदर पंचायत धुरकी मुखिया ने कहा कि संवेदक तथा अधिकारी की मिलीभगत से पथ का निर्माण निम्न स्तर का हुआ है। इसकी गुणवत्ता व मानक की जांच होनी चाहिए। सरकारी राशि दुरुपयोग किया गया है।

# प्रखंड आवास की बाउंड्री पहली बारिस में धराशायी

## 20सूत्री अध्यक्ष ने संवेदक पर घटिया कार्य करने का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड कार्यालय के समीप नव निर्मित अंचल तथा प्रखंड आवास भवन के बाउंड्री बरसात के पहली वारिश में गिर गया। कुछ दिन पूर्व ही ग्रामीण विकास विभाग से उक्त भवन का निर्माण कार्य कराया गया था। इसमें भवन के साथ बाउंड्री तथा नाली निर्माण कराया गया है। प्रखंड में पिछले चार पांच दिनों से रुक रुककर बारिश हो रही है। बारिश का पानी नाली बाहर नहीं निकल पाया, जिससे कैंपस में पानी जमा हो गया। पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बाउंड्री गिर गयी। इधर बाउंड्री गिरने से जनप्रतिनिधियों ने संवेदक पर भवन का घटिया निर्माण करने का आरोप लगाया है। 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा कि प्रखंड तथा अंचल के पदाधिकारी तथा कर्मियों के रहने के लिए प्रखंड कार्यालय के समीप करोड़ों रुपये की लागत से आवास का निर्माण कराया गया है। मानसून की पहली बारिश में ही भवन का बाउंड्री गिर गयी, जबकि पूरी बरसात अभी बाकी है।



पहली बारिश में बाउंड्री के गिर जाने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भवन का निर्माण गुणवता पूर्ण नहीं कराया गया है। संवेदक भवन का निर्माण कराने में संबंधित विभाग के निर्देश का पालन नहीं किया। पदाधिकारी की मिलीभगत से भवन निर्माण में घटिया ईट, बालू, सीमेंट तथा छड़ लगाया गया। भवन का बाउंड्री अत्यधिक कमजोर होने की वजह से गिर गया। अभी तक इस भवन को संवेदक विभाग को हैंडओवर भी नहीं किया गया है। भवन की गुणवत्ता की जांच एवं विभाग के पदाधिकारी तथा संवेदक पर कार्रवाई के लिए ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री, मुख्यमंत्री तथा उपायुक्त गढ़वा से जल्द आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करेंगे। इस दौरान युवा समाजसेवी अजीत कुमार यादव उपस्थित थे। वहीं प्रमुख आभा रानी ने कहा कि संबंधित संवेदक तथा विभाग के पदाधिकारी पर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई संवेदक घटिया निर्माण नहीं करा सके। वहीं संवेदक शशिकांत दुबे ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से होने वाली बारिश के पानी का निकास भवन का नाली नहीं कर पाया। ज्यादा पानी बाउंड्री के अंदर जमा हो गया। पानी जमा होने से बाउंड्री गिरी है। एक सप्ताह में इसका निर्माण पूर्ण करा लिया जायेगा।

'अगर आप सही है तो आपको गुस्सा होने की कोई जरूरत नही है, और अगर आप गलत है तो आपको गुस्सा होने का बिल्कुल भी हक नही है।' - अज्ञात



# कौन हैं एजेलीना तिग्गा?

**विश्व** आदिवासी दिवस 9 अगस्त को मनाया जायेगा। इसकी तैयारी जारी है। ऐसे में आदिवासी समाज की स्थिति और उसे मान देने वालों को याद करना जरूरी है। साथ ही यह भी देखा जाना चाहिए कि आज यह समाज कहां खड़ा है। हालांकि यह गौरव की बात है कि इस समाज का युवा अभी इस राज्य का मुख्यमंत्री है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि वर्तमान समय में इस समाज की स्थिति क्या है? बहरहाल इस दिन आदिवासियों के रहन-सहन, प्रकृति के साथ उनके मेल-जोल की तारीफ होगी। आदिवासी नेताओं की उपलब्धियों, जल-जंगल-जमीन के बारे में उनकी समझ, उनके विचारों का बखान होगा। आदिवासी मनीषियों को याद करने के लिए साल में एक-दो मौके ही आते हैं। भगवान बिरसा मुंडा को छोड़ दें, तो किसी और आदिवासी वीर या वीरांगना को देश भर में याद तक नहीं किया जाता। झारखंड की धरती ने बिरसा मुंडा के अलावा सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो और न जाने कितने लड़ाके दिये, जिन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये। झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में कई वीर-वीरांगनाएं हुईं, जिन्होंने अभूतपूर्व काम किये, लेकिन इतिहास के पन्नों में उनके कार्यों को आज तक दर्ज नहीं किया गया। एजेलीना तिग्गा देश की पहली महिला आदिवासी सांसद होने के बावजूद गुमनाम नेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों की लिस्ट में हैं। भारत की पहली आदिवासी महिला सांसद एंजेलीना तिग्गा। सुशीला समद अगर भारत की पहली आदिवासी महिला हिंदी विदुषी थीं, तो एंजेलीना तिग्गा को देश की पहली महिला आदिवासी सांसद होने का गौरव प्राप्त है। रांची के पत्थलकुदवा की एंजेलीना तिग्गा का जन्म 3 अगस्त 1909 को हुआ। वह उरांव समुदाय से थीं। कहा जाता है कि प्रखर वक्ता और प्रभावशाली महिला नेता एंजेलीना तिग्गा में संगठन खड़ा करने की अद्भुत क्षमता थी। आजादी के पहले और आजादी के बाद उन्होंने आदिवासी महिलाओं में राजनीतिक चेतना जगाने में अहम भूमिका निभायी। बिहार सरकार ने एंजेलीना तिग्गा के खिलाफ कई केस दर्ज करवाये। इसमें लोगों को भड़काने, सरकार के खिलाफ आंदोलन करने समेत कई अलग-अलग केस थे। लेकिन, एंजेलीना तिग्गा ने जनता की आवाज उठाना बंद नहीं किया। अपनी पूरी क्षमता के साथ जनता के साथ खड़ी रहीं और उनके मुद्दों को और जोर-शोर से उठाया। बता दें कि एंजेलीना तिग्गा ने 1940 से 1960 तक कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ मोचाबंदी की। 1939 में वह आदिवासी महिला संघ की अध्यक्ष बन चुकीं थीं। इसके बाद उनकी संगठनात्मक क्षमता के अन्य लोग भी कायल हो गये। एजेंलीना तिग्गा 3 अप्रैल 1952 से 2 अप्रैल 1954 तक झारखंड पार्टी की राज्यसभा सांसद रहीं। इस प्रखर आदिवासी महिला नेता के बारे में आज भी बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। राज्यसभा के पास भी उसकी पहली आदिवासी महिला सदस्य एंजेलीना तिग्गा के बारे में सटीक जानकारी तक उपलब्ध नहीं है। यहां तक कि उनके जन्मदिन की तारीख भी गलत है। राज्यसभा की साइट पर आप सदस्यों की सूची खंगालेंगे, तो पायेंगे कि इस लिस्ट में एंजेलीना का नाम तो है, लेकिन 1952 से 1954 तक सांसद रहीं तत्कालीन बिहार की इस आदिवासी नेता की जन्मतिथि गलत अंकित है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि इस समाज को आज सहेजने की जरूरज है।

**झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में कई वीर-वीरांगनाएं हुईं, जिन्होंने अभूतपूर्व काम किये, लेकिन इतिहास के पन्नों में उनके कार्यों को आज तक दर्ज नहीं किया गया। एजेलीना तिग्गा देश की पहली महिला आदिवासी सांसद होने के बावजूद गुमनाम नेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों की लिस्ट में हैं।**

# चिट्ठी न कोई संदेश ना जाने कौन सा देश जहां तुम चले गये





किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर आदि-अनादि काल से ज्ञात अज्ञात, चिन्हित अदृश्य ऐसे हजारों की संख्या में महामानव महापुरुष हुए हैं जिनका गुणगान सारी दुनियां में किया जाता है क्योंकि उन्होंने अपना जीवन केवल खुद और अपने परिवार और अपने राष्ट्र के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनियां के लिए निछावर कर दिया, जिससे मानवीय जीवो को अनगिनत फायदे हुए जिसमें से कई को हम जानते हैं परंतु दुर्भाग्यपूर्ण कि अनेकों अज्ञात व अदृश्य भी ऐसे महामानव हो सकते हैं जिनकी सेवाएं पटल पर ज्ञात नहीं हो सकी जिसके कारण वे वैश्विक परिपेक्ष में अदृश्य रहे। महामानव की सेवाओंको चिन्हित कर अंतरराष्ट्रीय मंचों संस्थाओं द्वारा उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों, अवार्डों से नवाजा जाता है, इनमें नोबेल पुरस्कार एक ऐसा है जो दुनियां का सबसे बड़ा अवार्ड है। ठीक उसी तरह हर देश राज्य जिला शहर और सामाजिक स्तरपर भी अनेक सेवाभावी महामानव होते हैं जो अपने देश राज्य जिले और शहर समाज के लिए अपना पूरा जीवन निछावर कर देते हैं जिससे उनकी उस सेवा स्तर पर उस राज्य से समाज तक चैनल में उनका बड़ा योगदान होता है। हालांकि वह किसी अवार्ड या पुरस्कार या सम्मान के मोहताज नहीं होते उनका धर्म कर्म सिर्फ सेवा ही रहता है। ऐसे ही हमारे गोंदिया शहर के सिंधी समाज की सेवा में जमीनी स्तर से जुड़ा नाम स्वर्गीय सनमुखदास जी भावनानी हैं, जिन्होंने अपनां जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया उन्हें समाज में उस्ताद के नाम से जाना जाता है। चूंकि 7 अगस्त 2023 को उनकी 21वीं पुण्यतिथि है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से उनकी सेवाओं की चर्चा करेंगे कि मानवीय जीव की पहचान धन दौलत से नहीं बल्कि सामाजिक व मानवीय सेवा से आदि अनादि काल तक उनके गुणगान से होती है ताकि सेवा क्षेत्र में समर्पित रहने वालों को एक प्रेरणा मिल सके और सेवा रूपी फूलों में से कोई एक फूल लेकर अपने जीवन में अपनाकर लोक परलोक को सफल बनायें। साथियों बात अगर हम किसी भी क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा के गुणों की शुरूआत की करें तो मेरा मानना है कि वह बड़े बुजुर्गों से फ्लो होती है। स्वर्गीय सनमुखदास जी को भी इन की प्रेरणा प्रख्यात समाजसेवी काका चोइथराम गलानी से मिली और फिर उनके ही सानिध्य में उन्होंने एक अनोखा सेवा कार्य शुरू किया जिसमें समाज के किसी जीव की अगर मृत्यु हो जाती है तो उनकी जानकारी सभी समाज बंधुओं को उनके घर घर में जाकर देना कि उनकी मृत्यु हुई है एवं उनका अंतिम संस्कार इतने बजे है। दूरदृष्टि से दूर के लोगों को टेलीफोन द्वारा इसकी सूचना भी दी जाती थी प्राथमिक स्तरपर उन्होंने अकेले कार्य शुरू किया फिर काका चोइथराम से मिलकर कुछ समाजसेवियों को साथ लेकर पूरे शहर के समाज में शुरूआत की सूचना निशुल्क सेवा भाव से पहुंचाते थे। स्वाभाविक रूप से यदि हम कोई सेवा इतनी विशालता से करते हैं तो हमारे खिलाफ चार विरोधी भी खड़े हो जाते हैं, जिसमें हमें अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलता है, इसी वाक्यात के साथ उन्होंने सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष पद का नामांकन भरा तो स्वाभाविक रूप से कुछ लोगों के रोंगटे खड़े हो गये क्योंकि एक गरीब अगर तन मन से सेवा करता है तो अच्छे-अच्छे उसके साथ खड़े हो जाते हैं परंतु यहां कुछ विपरीत हुआ कि वह सिर्फ 66 वोटों से चुनाव हार गए परंतु उन्होंने सेवा कार्य नहीं छोड़ा बल्कि एक संगठन सिंधी सेवादारी मंडल की स्थापना की जिसका काम किसी की मृत्यु हो जाने पर उसकी सूचनाएं पूरे समाज तक पहुंचाना और उसका पूरा क्रियाकर्म उसके परिवार के साथ मिलकर कराना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य था, जिसमें स्व काका चोइथराम गलानी, स्व बुध्रमल चुगवानी, स्व गामनदास पयार्नी स्व गुलाब छतानी स्व आरके साइकिल, धर्मदास चावला, कमल लालवानी इत्यादि अनेक सेवादारों से मिलकर उत्साह पूर्वक सफलताओं की बुलंदियों तक पहुंचाया पर, होनी को कौन टाल सकता है, 7 अगस्त 2002 को वह काल के ग्रास में समा गये। उसके कुछ वर्षों बाद उनके अनेक सेवादारी सहयोगी भी काल के ग्रास में समा गये। परंतु सिंधी सेवादारी मंडल आज भी उसी जोश और सेवाओं के साथ अपनी सेवाएं युवा सेवादारियों के साथ उसी सेवा समर्पित भाव के साथ जारी रखे हुए है जो समाज के सामने एक मिसाल है, इसका संचालन आज के युवा साथी कर रहे हैं। साथियों उस्ताद के भजन कीर्तन के भाव की करें तो कुछ मंदिरों आश्रम विशेष रूप से भाई किशनचंद् के टिकाने में भजन कीर्तन करते थे परंतु विशेषता यह थी कि उन्होंने वहां से कभी भी एक रुपया भी नहीं उठाया। कीर्तन के दौरान उनके साजों पर जो भी पैसे आते थे वह आश्रम या मंदिर की दान पेटी में डाल देते थे। विशेष यह कि अपनी कोई भेटा भी नहीं लेते थे उनके साथ साज भी निशुल्क बजाते थे। बड़े बुजुर्गों का कहना है कि किसी भी परिवार खानदान की जो अच्छाई या बुराई है होती है वह आगे की पीढ़ियों में भी झलकती है, यह हम अपनी आंखों से देख रहे हैं कि उनके भजन और कीर्तन की स्तुति उनके पोतेनिखिल भावनानी में समाई है जो मात्र 4 वर्ष की उम्र से ही बिना किसी तकनीकी रूप से सीखने के गॉड गिफ्टेड के रूप में उनको मिली है। हारमोनियम से लेकर ढोलक तक अच्छे से से बजा लेते हैं। शब्द कीर्तन भजन करते हुए देखा जा सकता है। उनके अपने पैतृक गुरु के सत्संग घर हरे माधव दरबार में उनकी सेवाएं को देखा जा सकता है। वहां अपने पैतृक धरोहर कि एक रुपया भी नहीं उठाना है सभी दान पेटी में डालना है वाली प्रथा को कायम रखे हैं। साथियों बात अगर हम समाज में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर सेवाओं की करें तो भले ही इसकी शुरूआत उस्ताद नें की परंतु इस दिशा में आज समाज में अनेक संस्थाएं शुरू होकर कार्य कर रही है जिसमें सेवाओं का अपना अपना दायरा है। किसी के परिवार में मृत्यु होती है तो एक संस्था उसका अंतिम संस्कार तक भोजन की व्यवस्था, एक दिशा संगठन चाय पानी की सेवा करती है, सिंधी सेवादारी मंडल दाह संस्कार की व्यवस्था, एक संस्था द्वारा उस परिवार के आंगन में शेड की व्यवस्था की जाती है। एक संस्था द्वारा पगड़ी रस्म की व्यवस्था की जाती है, मुखी साहब नारी चांदवानी द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से मृत्यु की सूचना पूरे समाज में देने की व्यवस्था सहित अनेक अनेक संस्थाएं हैं जो अपनी अपनी सेवाएं दे रही है, जो तारीफ के काबिल है। मेरा मानना है कि इन सेवाओं को देश के हर समाज द्वारा अपने-अपने स्तर पर मृतक जीव के शोक संतप्त परिवार वालों तक पहुंचाना श्रेष्ठ मानवीय सेवा है, जिससे इस लोक में तो सुख समृद्धि के रूप में फल प्राप्त होता ही है बल्कि परलोक में भी इसका पुण्य मिलने की कहावत को नकारा नहीं जा सकता।

**स्वाभाविक रूप से यदि हम कोई सेवा इतनी विशालता से करते हैं तो हमारे खिलाफ चार विरोधी भी खड़े हो जाते हैं, जिसमें हमें अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलता है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा गुरु द्रोणाचार्य की

**राजा** द्रुपद का गर्व चूर-चूर करके द्रोणाचार्य ने उसे ससम्मान वापस भेज दिया। द्रुपद वापस तो चला गया, परंतु उसके हृदय में कसक बनी रह गई। उसने संकल्प किया कि वह ऐसी संतान उत्पन्न करेगा जो द्रोण से उसके अपमान का बदला ले सके। बाद में द्रुपद के यहां धृष्टद्युम्न नाम का पुत्र हुआ। द्रुपद ने अपनी तपस्या के बल पर एक कन्या को भी जन्म दिया। उस कन्या का नाम द्रोपदी था। धृष्टद्युम्न दैवीय शक्तियों से संपन्न वीर युवक था। वह बड़ा साहसी और क्रोधी था। उसने आचार्य द्रोण से ही शिक्षा प्राप्त की थी।

*(समाप्त)*

### आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की

**ईसा** से साढ़े तीन सौ वर्ष पूर्व की बात है। मगध की राजधानी पाटलिपुत्र का एक अहीर जब अपने बाड़े में गाय-भैंसों को चारा-पानी देने के लिए घुसा तो एक शिशु का रुदन स्वर सुनाई दिया। वह उसी आवाज की ओर दौड़ा गया। देखा एक नवजात शिशु पड़ा हुआ बिलख रहा था। शायद अपने उस दुर्भाग्य पर जिसके कारण उसे जन्म के तुरंत बाद ही अपनी मां से बिछड़ना पड़ा था। अहीर ने आस-पास देखा। शायद उसकी मां यहीं कहीं हो, तो देखा पीछे के दरवाजे में एक स्त्री तुरंत मुड़ी और बड़ी तेजी से चली गयी। अहीर ने फिर भी उस स्त्री का मुंह देख लिया और पहचान गया कि यह मगध के एक सरदार की धर्मपत्नी है। जिसका पति युद्ध में मारा गया था। कुछ ही दिन पूर्व की तो बात थी। तब वह स्त्री अपना वैधव्य काटने के लिए अपने भाई के पास आयी थी। भाई ने अपनी एकमात्र बहन को संरक्षण और सम्मान दिया। उसका प्रसव काल निकट ही था तब भाई को चिंता होने लगी। बेचारा अपना पेट ही तो बड़ी मुश्किल से भर पाता था फिर बहन के बच्चे का भार कैसे उठाता। परंतु उसने अपनी चिंता को व्यक्त नहीं किया।

*(क्रमशः)*

# सड़क निर्माण में पर्यावरण मित्र समझ जरुरी



कुलभूषण उपमन्यु

**इस** साल जुलाई के दूसरे सप्ताह में ब्यास घाटी में आई भयानक बाढ़ ने पूरे प्रदेश को हिला दिया। हजारों करोड़ रुपये की आर्थिक हानि के साथ 100 से ज्यादा निरपराध लोग काल का ग्रास बन गये। आवागमन के साधनों के चौपट हो जाने और आसन्न खतरे की चिंताओं ने जन सामान्य के जीवन को सदमे जैसी स्थिति में ला खड़ा कर दिया। सैकड़ों आशियाने ध्वस्त हो गये। इस विभीषिका को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग उठी। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहनमंत्री नितिन गडकरी हिमाचल प्रदेश में हुई तबाही का जायजा लेने ब्यास घाटी के दौरे पर आये। उनसे प्रदेश की जनता को बहुत उम्मीद थी कि वे अवश्य पूरी परिस्थिति का आकलन करने की दिशा में कोई सार्थक कदम उठाने की पहल करेंगे जिससे हिमालय क्षेत्र में सड़क निर्माण में पर्यावरण मित्र समझ का समावेश हो सकेगा ताकि आगे चल कर हिमालयी क्षेत्रों में अवैज्ञानिक रूप से बनाई जा रही सड़कों को उपयुक्त तकनीक से बनाने की दिशा में पहल हो सकेगी। सुना गया है कि गडकरी जी भूगर्भ विज्ञान की बुनियादी समझ भी रखते हैं, इसलिए यह अपेक्षा और भी बलवती हो गई थी। हिमालय की तासीर को पढना बिना भू-वैज्ञानिक समझ के संभव ही नहीं है। किंतु खेद है कि हमारी ये योजनाएं इंजनीयरिंग समझ से बनाई जाती हैं जो इस समझ पर कार्य करती है कि हमारे पास सभी निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं के समाधान मौजूद हैं। किंतु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। प्रकृति की अपनी चाल है और अपनी ताकत भी, जिसके सामने इन इंजीनयरिंग की गणनाएं ओछी पड़ जाती हैं। यह ब्यास घाटी की विभीषिका में उनकी बनाई फोरलेन की दुर्गति ने सिद्ध कर दिया। हमें सोचने पर मजबूर कर दिया कि यहां इंजीनयरिंग की समझ नाकाफी है और इसके अलावा भूगर्भ विज्ञान से जुड़े तत्व भी ध्यान देने योग्य हैं। यहां-वहां सड़क निर्माण का मलबा किस तरह नदी तल के साथ ही खपाया गया, वह वैज्ञानिक सड़क निर्माण जो हिमालय की जरूरतों के मुताबिक हो इसकी बुनियादी समझ की भी अनदेखी करता प्रतीत होता है। अपनी गलतियों से सीखने के लिए पहले उनको मानना जरूरी होता है, किंतु हम उसके लिए जरूरी नम्रता को शायद अपमान मानते हैं और इसलिए टाल मटोल करके निकल लेते हैं। ऐसे में आगे आने वाले समय में और भी बड़ी गलतियां करते जाने की संभावना बन जाती है। मंत्री जी इस विपरीतगामी प्रक्रिया को बदल सकते हैं। पहाड़ी नदी के तटीकरण की बात तो कुछ हद तक समझ आती है किंतु उसे खोद कर गहरा करने की धारणा हिमालय के बिलकुल भी अनुकूल नहीं है। नदी का तल पत्थर, रोड़ी, बजरी, रेत की मोटी तह से ढका रहता है और नीचे की कच्ची मिट्टी को पानी की मार से बचा कर भू-क्षरण को रोकता है। एक बार यदि नीचे की कच्ची मिट्टी सामने आ गई तो बाढ़ के पानी के कटान से गहरी होती जायेगी, जिससे नदी के किनारे लगे तटबंध भी गिर सकते हैं। नदी हमेशा घुमावदार होकर ही बहती है, क्योंकि पानी कभी सीध में नहीं बहता है। उसको तटीकरण द्वारा यदि सीधा करने के प्रयास किये गये तो वह अपनी घुमावदार चाल को तटबांध तोड़ कर पुनः हासिल कर लेगा। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रश्न यह भी है कि आखिर इतना मलबा नदी में आया कहां से। सड़क निर्माण में अवैज्ञानिक डंपिंग के कारण ही यह मलबा आया। इस बात का जिक्र करने से क्यों बचा जा रहा है। इस गलती को समझे बिना हिमालय में जहां भी भारी निर्माण कार्य होंगे वहां इस तरह की तबाहियां होंगी।

**प्रकृति की अपनी चाल है और अपनी ताकत भी, जिसके सामने इन इंजीनयरिंग की गणनाएं ओछी पड़ जाती हैं। यह ब्यास घाटी की विभीषिका में उनकी बनाई फोरलेन की दुर्गति ने सिद्ध कर दिया।**

प्रकृति

## फोटो की दुनिया




फेसबुक वॉल से




# ओवरबर्डन से रेत का उत्पादन अनूठी पहल

**भले** ही अपने उपभोक्ताओं के लिए कोयला/ लिग्नाइट का उत्पादन और वितरण करने का ही शासनादेश हो, फिर भी कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोयला और लिग्नाइट सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने लीक से हटकर ओवरबर्डन से बहुत कम कीमत पर रेत का उत्पादन करने वाली एक अनोखी पहल की है। इस पहल से न केवल ओवरबर्डन के कारण रेत गाद से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिल रही है, बल्कि निर्माण के लिए सस्ती रेत प्राप्त करने का विकल्प भी मिल रहा है।। कोयले का निष्कर्षण एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद के साथ होता है, जिसे ओवरबर्डन के नाम से जाना जाता है। कोयले के खुले खनन के दौरान, कोयले की परत के ऊपर स्थित परत को ओवरबर्डन के रूप में जाना जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सिलिका सामग्री के साथ मिट्टी, जलोढ़ रेत और बलुआ पत्थर शामिल होते हैं। नीचे से कोयला निकालने के लिए ओवरबर्डन को हटा दिया जाता है। बाद में, कोयला निष्कर्षण पूरा होने पर, भूमि को उसका मूल आकार प्रदान करने के लिए ओवरबर्डन का उपयोग बैकफिलिंग के लिए किया जाता है। ऊपर से ओवरबर्डन निकालते समय, मात्रा का स्वेल फैक्टर 20-25 प्रतिशत होता है। इस ओवरबर्डन को परंपरागत रूप से अपशिष्ट या बोझ माना जाता है और अक्सर इसके संभावित मूल्य को पहचाने बिना इसे ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। हालांकि, सतत अभ्यास और सर्कुलर इकोनॉमी पर बढ़ते फोकस के साथ, ओवरबर्डन के लिए वैकल्पिक उपयोग की खोज करने और इसे कचरे से कंचन में बदलने की दिशा में बदलाव आया है।

**प्रथम पहल:** इस तरह के रूपांतरण की पहली व्यावसायिक पहल सीआईएल की सहायक कंपनी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने 2016-17 के दौरान अपनी खदान में की थी। महाराष्ट्र के नागपुर जिले के भानेगांव खदान में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था, जहां विभाग की ओर से स्थापित की गई मशीनों के जरिये रेत निकाली जाती थी। इस मशीन की क्षमता 300 घन मीटर प्रतिदिन थी। निकाली गई रेत का गहन परीक्षण किया गया और अंततः उसे नदी तल से मिलने वाली रेत से बेहतर पाया गया। इसकी कीमत लगभग 160 रुपये प्रति घन मीटर थी, जो बाजार की तत्कालीन कीमत का लगभग 10 प्रतिशत थी। यह रेत प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत कम लागत वाले घर बनाने के लिए नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट को दी गई थी। यह इकाई बाजार मूल्य से लगभग आधी कीमत पर प्रतिदिन 2500 घन मीटर रेत का उत्पादन करती है। सरकारी इकाइयों के साथ साझेदारी और स्थानीय बिक्रीः नागपुर के सबसे बड़े रेत उत्पादक संयंत्र से उत्पादित रेत का बड़ा हिस्सा बाजार मूल्य के एक तिहाई पर एनएचएआई, एमओआईएल, महा जेनको जैसी सरकारी इकाइयों और अन्य छोटी इकाइयों को दिया जा रहा है। बाकी रेत को बाजार में खुली नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी सस्ती कीमत पर रेत मिल रही है। कचरे से कंचन...आदर्श बदलावः ओवरबर्डन, जिसे कभी अपशिष्ट या बेकार पदार्थ समझा जाता था, अब उसे एक मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। रेत प्रसंस्करण इकाइयां भी जबरदस्त रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में स्थानीय आबादी न केवल उत्पादन इकाई में, बल्कि ट्रकों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक रेत को ले जाने के लिए उसकी लोडिंग और आपूर्ति जैसी कार्यों में शामिल हो रही है।

**समाज पर प्रभाव:** इस सकारात्मक दृष्टिकोण और ओवरबर्डन के वैकल्पिक उपयोग की खोज के एक भाग के रूप में, सीआईएल ने देश के पूर्वी और मध्य भाग में अपनी सहायक कंपनियों में कई ओवरबर्डन प्रसंस्करण संयंत्र और रेत उत्पादन संयंत्र चालू किये हैं। इस स्थायी प्रयास के हिस्से के रूप में, कोयला सार्वजनिक उपक्रम में ओवरबर्डन से नौ रेत उत्पादन/ प्रसंस्करण संयंत्र पहले से ही उत्पादन में हैं, जिनमें से चार एससीसीएल में, तीन डब्ल्यूसीएल में और एक-एक एनसीएल और ईसीएल में हैं।

■ राजीव आर. मिश्रा

**कोयले का निष्कर्षण एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद के साथ होता है, जिसे ओवरबर्डन के नाम से जाना जाता है। कोयले के खुले खनन के दौरान, कोयले की परत के ऊपर स्थित परत को ओवरबर्डन के रूप में जाना जाता है।**

उत्पादन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

## तेज रफ्तार बस ने कार को मारी टक्कर, दंपती की मौत

**भिंड।** ग्वालियर-इटावा नेशनल हाइवे 719 पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बस ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार ग्वालियर एसएएफ 14वीं वाहिनी में पदस्थ हवलदार और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटे के हाथ में फ्रेक्चर आया है। हवलदार अपने परिवार के साथ चाचा के निधन पर अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए भिंड जा रहे थे। जानकारी अनुसार घटना मेहगांव थाना अंतर्गत बरहद गांव के पास रविवार सुबह करीब छह बजे की है।अनुरुद्धसिंह यादव (50 वर्ष) पुत्र दयाराम यादव निवासी चकरनगर 14वीं बटालियन ग्वालियर में हवलदार के पद पर पदस्थ थे। अनिरुद्ध अपने परिवार के साथ ग्वालियर में रहते थे। शनिवार रात को अनुरुद्ध सिंह के चकरनगर भिंड निवासी चाचा श्रीकृष्ण का निधन हो गया था। रविवार सुबह अनुरुद्ध अपनी कार से पत्नी मीरा यादव (45), बेटा अभिषेक यादव (20) और बेटी प्रीती यादव (18) के साथ चरकनगर जा रहे थे। इस दौरान मेहगांव-बरहद के पास भिंड से ग्वालियर जा रही आदिशक्ति ट्रेवल्स की बस ने कार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार चला रहे हवलदार अनुरुद्ध सिंह और आगे की सीट पर बैठी उनकी पत्नी मीरा यादव की मौके पर ही मौत हो गई।

## अलीनगर में सड़क हादसा, दो महिलाओं सहित तीन की मौत

**चंदौली।** चंदौली जनपद के अलीनगर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर रविवार को दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पाते ही मृत महिलाओं के परिजनों में कोहराम मच गया। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के काली महाल निवासी शंकर राम का 20 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार अपनी मां सावित्री देवी (45 वर्ष) और नानी रमावती देवी (70 वर्ष) को लेकर घर से अलीनगर के लिए निकला था। पुराने जीटी रोड से तीनों जैसे ही आलमपुर पुलिस पिकेट के समीप पहुंचे अचानक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में अनिल और उसकी नानी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सावित्री गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से रिटायर्ड दरोगा की मौत

**औरैया।** शहर के एसपी आवास स्थित कांशीराम कॉलोनी के पास रहने वाला सेवानिवृत्त दरोगा सुबह घर से टहलने निकला था। जैसे ही वह हाईवे स्थित ओवरब्रिज पर दीपू सिंह की मिल के सामने पहुंचा ही था, कि तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर 50 शैया युक्त जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। एसपी आवास स्थित कांशीराम कॉलोनी के पास रहने वाले सेवानिवृत्त दरोगा राम प्रकाश (69) पुत्र रामभरोसे रविवार को घर से टहलने के लिए निकले थे। जैसे ही वह हाईवे स्थित ओवरब्रिज पर पहुंचकर दीपू सिंह की धान मिल के सामने पहुंचे , तभी पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उन्हें जबरजस्त टक्कर मार दी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गए। इसी बीच पुल पर मौजूद कुछ लोगों ने जब वृद्ध को टक्कर लगते देखा तो दौड़कर मौके पर पहुंचे। जहां लोगों ने घायल को

### राज्यपाल पटेल अमृत भारत स्टेशन योजना शिलान्यास के कार्यक्रम में शामिल हुए, कहा

# समय पर पूरे हों निर्माण कार्य

**एजेंसी। भोपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आभासी माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के स्थानीय कार्यक्रम में रविवार को शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन संत हिरदा राम नगर भोपाल में किया गया था। स्थानीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के द्वारा आभासी माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के पुनर्विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबा कर शिलान्यास किया गया। ऑनलाईन संबोधित किया गया।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्थानीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम-जन को रेलवे के कायाकल्प की छप्पर फाड़ सौगात दी है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में यह पहला प्रसंग है, जिसमें 25 हजार करोड़ रुपए के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्यों का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के 34 रेलवे स्टेशनों के शिलान्यास किये जाने के लिए




मध्यप्रदेश की समस्त जनता के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत समस्त कार्य उच्च गुणवत्ता और निश्चित समय सीमा में पूरे किए जाये। अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित स्टेशनों के भवन सुधार और सौंदर्यीकरण में स्थानीय कला तथा संस्कृति के तत्वों का समावेश किया जाना चाहिए। पैदल पथ, पार्किंग तथा सुगम यातायात की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही, यात्रियों की सुविधाओं की सतत निगरानी के प्रबंध अवश्य किए जाने चाहिए। रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए विशेष शौचालय, रैम्प इत्यादि के साथ ही उनके उचित देख भाल की व्यवस्था की जाए। राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने एक के बाद एक ऐतिहासिक निर्णयों से बड़े बदलाव किए है। देश की विकास यात्रा को नई गति और दिशा दी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकप्रिय और विश्व के अद्वितीय राजनेता के रूप में उनकी दुनिया में विशिष्ट पहचान बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ॠ20 की अध्यक्षता में वैश्विक चुनौतियों के समाधान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि मोदी जी के नेतृत्व में सरकार हर भारतीय परिवार के कल्याण और संतुष्टि के लिए कार्य कर रही है, यही कारण है कि आज सामान्य भारतीय परिवार की सवारी भारतीय रेल दुनिया का श्रेष्ठ रेल नेटवर्क है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सहित देश के 11 राज्यों में रेलवे ट्रेक का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है, 6 हजार रेलवे स्टेशन वाई-फाई हैं। तकनीक का प्रयोग कर शिकायतों का निराकरण करने के साथ ही, रेल यात्री सुविधा को मेड इन इंडिया कवच प्रणाली से लैस किया है। वन स्टेशन-वन प्रोडक्ट योजना से देश में कारीगरों के कपड़े, कलाकृतियों, पेंटिंग्स, बर्तन इत्यादि के 600 से अधिक आउटलेट रेलवे स्टेशन पर खोल कर, लाखों लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया।स्थानीय कार्यक्रम में विधायक रामेशवर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम आदमी की बहुत चिंता करते है। उनकी जरूरतों को पूरा करने के कार्य अभूतपूर्व गति से हो रहे है। भोपाल की व्यापारिक गतिविधियों के केन्द्रीय स्थल के रेलवे स्टेशन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने की सौगात के लिए आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए, रेलवे स्टेशन का नाम संत हिरदाराम नगर किया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत,मचा कोहराम

**नवादा।** नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के कहुआरा गांव में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक कहुआरा निवासी लटन महतो का 29 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार बताया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दिया गया है। बताया जाता है कि लटन महतो का पुत्र पिंटू कुमार रविवार को अपने खेत को देखने के लिए बधार में गया था। खेत में धान की रोपनी करना था,उसी खेत में पानी करने के लिए गया था। इसी बीच रिमझिम वर्षा शुरू हो गई।तभी वह वर्षा से बचने के लिए सोंच रहा था कि अचानक आकाशीय बिजली चमककर भूमि पर गिर पड़ी।उसकी चपेट में आने से पिंटू की मौत घटना स्थल पर हो गई। खेत में काम कर रहे आसपास के लोगों की नजर पड़ी, तो दौड़ पड़े, तो देखा कि युवक की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना उसके स्वजन को दिया। सूचना मिलते ही स्वजन के अलावा काफी संख्या में लोग पहुंचे। मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी ,दो पुत्र क्रमशः तीन वर्षीय प्रियांशु कुमार व एक वर्षीय अंकुश कुमार समेत अन्य परिजनों का हाल बेहाल हो रहा था। करुण क्रंदन से आसपास का माहौल गमगीन हो रहा था।

# एनआईए का छापा, कई संदिग्ध हिरासत में




**एजेंसी। भोपाल**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार अलसुबह भोपाल में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस कार्रवाई को छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार एक नक्सली की देश विरोधी गतिविधियों से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल एनआईए ने प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियों को इस कार्रवाई को लेकर किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी है। हिरासत में लिए गए संदिग्धों को अज्ञात स्थानों पर ले जाकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार दिल्ली में दर्ज एक पुराने मामले से जुड़े एक संदिग्ध को एनआईए ने गत दिनों छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार किया था और उससे पूछताछ में भोपाल में कुछ लोगों के देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी मिली थी। इसी इनपुट के आधार पर रविवार सुबह एनआईए की टीम उसे लेकर भोपाल पहुंची और यहां पुराने शहर के अशोकागार्डन, ऐशबाग और जहांगीराबाद में छापेमारी की। एनआईए की टीम ने भोपाल के जहांगीराबाद इलाके में दबिश देकर समीना नाम की एक महिला और उसके देवर शोएब समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार इस बार एनआईए ने कार्रवाई की जानकारी स्थानीय पुलिस से भी साझा नहीं की है। उनकी टीम ने ही कार्रवाई की है। इस मामले में रायपुर और दिल्ली की एनआईए की टीम इस आपरेशन में शामिल है। अभी एनआईए की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। एनआईए पूरे घटनाक्रम की जानकारी सीधे दिल्ली में अधिकारियों को दे रही है।

# अधीर रंजन ने ममता से कहा, निर्वाचित कांग्रेस पंचायत सदस्यों को डराना बंद करें

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कहा है कि राज्य में पंचायत बोर्डों के गठन से पहले निर्वाचित विपक्षी उम्मीदवारों को डराने-धमकाने और उनका अपहरण करने से बाज आएं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सीएम ममता को एक पत्र लिखा जिसमें कहा है कि ऱमैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले और बाद में हर बार लगातार हिंसा, हत्याएं और खून-खराबा होता रहा है। हिंसा के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत हुई है। पुलिस,



नेता और गुंडे उन पर हत्या और अन्य आरोप लगाकर उन्हें धमका रहे हैं एवं उन्हें टीएमसी की सदस्यता स्वीकार कर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। चौधरी ने मुख्यमंत्री से यह सवाल भी किया कि क्या पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने का यही सभ्य तरीका है? चौधरी ने पत्र में यह भी कहा कि मैं आपसे ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि टीएमसी के प्रभुत्व पर एकाधिकार करने के लिए अन्य पार्टी के उम्मीदवारों और समर्थकों को प्रताड़ित करने, आतंकित करने तथा मजबूर करने में पुलिस एवं गुंडों का इस्तेमाल करने से बचें।

चौधरी ने हाल ही में मुर्शिदाबाद जिले के नबाग्राम में एक व्यक्ति की हिरासत में मौत का भी जिक्र किया। उन्होंने पत्र में कहा कि इन परिस्थितियों में आपसे अनुरोध है कि पंचायत बोर्डों के गठन से पहले पश्चिम बंगाल में जो कुछ चल रहा है उसे रोकने के लिए इस मामले को व्यक्तिगत रूप से देखें।

# उप्र विधानसभा के मानसून सत्र से पहले मुख्यमंत्री योगी ने की सर्वदलीय बैठक

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से एक दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विधानसभा में सर्वदलीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनसमस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने कहा कि सात अगस्त से शुरू हो रहे मानसून सत्र का आयोजन संसदीय मयार्दाओं के



अनुरूप होना चाहिए। सदन एक सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदस्य सदन में केवल हाजिरी न लगाएं, बल्कि सदन में उपस्थित भी रहें, जिससे प्रदेश का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि सदन में जनहित में सामूहिक चर्चा करनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन चलने पर ही सभी समस्याओं का निदान होता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद, समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार पांडेय, कांग्रेस की आराधना मिश्रा और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। सोमवार से शुरू हो रहा विधानसभा का मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। सत्र प्रारम्भ होने से पहले ही विधान भवन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को ही विधान भवन की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को नम्बर-1 बनाना है : केशव प्रसाद मौर्य

**एजेंसी। प्रयागराज**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है भारत को नम्बर-1 बनाना। वह इसके लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं। इसी प्रयास में आज जो व्यवस्था हवाई जहाज में है वह अब रेलवे स्टेशनों पर मिलेगी। यह बातें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को प्रयागराज जंक्शन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये पूरे भारत में पुनर्विकास के शिलान्यास के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर के 1309 रेलवे



स्टेशनों का अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। इन स्टेशनों में से 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा आज रखी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। देश भर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय स्टेशनों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। तीन स्टेशनों पर काम पूरा हो गया है। इनमें मध्य प्रदेश का रानी कमलापति स्टेशन, कर्नाटक के बेंगलुरु का सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल स्टेशन और गुजरात का गांधीनगर स्टेशन हैं। ये स्टेशन आधुनिक भारत की भव्य तस्वीर पेश करते हैं। इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने अपने जनपद के विकास के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी। सांसद केशरी देवी पटेल ने वन्दे भारत की बात करते हुए बधाई दी।

# अगले चुनाव में मप्र की जनता भाजपा की करेगी बत्ती गुल : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बिजली के बढ़कर आ रहे बिलों को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है और कहा है कि राज्य की जनता आने वाले चुनाव में भाजपा को करंट देने की तैयारी में बैठी है। बिजली के बढ़े बिल भाजपा की बत्ती गुल कर देंगे।

कमलनाथ ने टवीट कर कहा, डबल इंजन की भाजपा सरकार ने पहले से ही महंगाई से त्रस्त मध्यप्रदेश की जनता पर बढ़े हुए बिजली बिलों से महंगाई का डबल वार किया है। अब मुख्यमंत्री कह



रहे हैं कि बढ़े हुए बिलों की जांच कराएंगे। सच तो ये है कि जब तक वो जांच कराएंगे तब तक वो चले जाएंगे।

कमलनाथ ने आगे कहा, सच्चाई ये है कि भाजपा न तो जनविश्वास का 'जेनरेशन' कर पा रही है, न विकास का ट्रांसमिशन और न ही कल्याणकारी योजनाओं का सच्चे जरूरमंद लोगों तक डिस्ट्रीब्यूशन कर पा रही है।दरअसल भ्रष्टाचार के लगातार बढ़ते जाने की वजह से भाजपा के दिखावटी सुशासन का ट्रांसफार्मर उड़ गया है।अब उल्टे जनता ही भाजपा को आगामी चुनावों में करेंट देने के लिए तैयार बैठी है। बिजली के बढ़े बिल भाजपा की बत्ती गुल कर देंगे।

**राजनीति** | विपक्षी गठबंधन की बैठक में सीताराम येचुरी ने ममता के साथ मंच साझा की

# बंगाल माकपा ने केंद्रीय नेतृत्व को भेजी रिपोर्ट

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल माकपा के राज्य नेतृत्व ने रविवार को केंद्रीय समिति को पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी द्वारा हाल ही में बेंगलुरु में विपक्षी गठबंधन की बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मंच साझा करने के बाद पार्टी में पनप रहे आंतरिक असंतोष से अवगत कराया।

माकपा के सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय समिति को विशेष रूप से हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में कथित तौर पर तृणमूल कार्यकताओं द्वारा की गई हिंसा और नरसंहार की पृष्ठभूमि से अवगत कराया।

सूत्रों ने कहा कि स्पष्ट कर दिया




गया है कि पार्टी नेतृत्व के स्पष्टीकरण से भाजपा और तृणमूल के साथ एक जैसा व्यवहार करने के पार्टी के रुख पर कोई असर नहीं पड़ेगा। केंद्रीय नेतृत्व को इस बात से भी अवगत कराया गया है कि कैसे भाजपा का राज्य नेतृत्व विशेषकर विपक्ष के नेता माकपा कार्यकताओं को या तो भाजपा में शामिल होने या पार्टी छोड़ने के बाद तृणमूल के खिलाफ एक अलग मंच बनाने का आह्वान करके स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी कार्यकताओं ने तर्क दिया है कि यदि महागठबंधन के मंच पर उपस्थिति आवश्यक थी तो महासचिव अपने किसी साथी पोलित ब्यूरो सदस्य को तैनात कर सकते थे। न केवल पार्टी सदस्य बल्कि कट्टर पार्टी समर्थक भी परेशान हैं। राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा, ये समर्थक अभी भी सत्तारूढ़ दल के हमलों का मुकाबला करने के लिए राज्य में माकपा के सत्ता में वापस आने का सपना देखते हैं। हम इस भावना को नजरअंदाज नहीं कर सकते।"

हालाँकि, ऐसे सदस्य भी हैं जो बंगाल की मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करने वाले सीताराम येचुरी का समर्थन करते हैं। केंद्रीय समिति के एक सदस्य ने कहा, केरल में राज्य नेतृत्व भी कांग्रेस के साथ मंच साझा करने पर समान नाराजगी व्यक्त कर सकता है क्योंकि माकपा और कांग्रेस तटीय राज्य में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। पश्चिम बंगाल में कम से कम हम कांग्रेस के साथ समझौता कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि मुद्दा पेचीदा है लेकिन सभी को यह समझना चाहिए कि राष्ट्रीय और राज्य के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं।

## मुर्शिदाबाद में मिला युवती का धड़, सिर की तलाश जारी

मुर्शिदाबाद। मुर्शिदाबाद के बड़वान इलाके में जंगल से एक युवती का सिर विहीन शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। जिन जंगलों से युवती का शव बरामद किया गया है उनके बगल में एक तालाब है। रविवार को पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उस तालाब में युवती के सिर की तलाश शुरू कर दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात मुर्शिदाबाद के बड़वान थाना अंतर्गत बिशुर गांव के लोगों ने एक युवती को कुछ युवकों के साथ घूमते देखा था। कुछ देर एक बाद युवती का शव गांव के खेत के पास जंगल से बरामद हुआ। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि 20 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार किया गया और सिर काटकर उसकी हत्या कर दी गई। फिर शव को जंगल में फेंक दिया। लेकिन, कटा हुआ सिर कहां फेंका गया, उसका पता नहीं चल सका। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन में उप विजेता रहे एचएस प्रणय



**एजेंसी। सिडनी**

भारत के एचएस प्रणय को रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग से तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हार का सामना करना पड़ा। केरल के रहने वाले 31 वर्षीय प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में वह पांच अंक की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी वेंग से 9-21, 23-21, 20-22 से हार गए। कोरिया ओपन (2022) और चीन ओपन (2019) का खिताब जीतने वाले यांग ने इस जीत के साथ ही मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में इस भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच इससे पहले केवल एक मुकाबला हुआ था। प्रणय ने उस मैच में तीन गेम में जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता था। प्रणय ने इस सत्र में आठ में से छह मैचों में शुरूआती गेम में शिकस्त का सामना करने के बाद जीत दर्ज की है। उन्होंने इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज एंथोनी गिंटिंग के खिलाफ भी पहला गेम गंवाने के बाद जीत दर्ज की थी। पहले गेम को आसानी से गंवाने वाले विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज प्रणय के पास निर्णायक गेम में पांच अंक (19-14) की बढ़त थी लेकिन वेंग ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। प्रणय ने मैच में अच्छी शुरूआत की लेकिन वेंग ने दमदार स्मैश से स्कोर 6-6 कर दिया। चीन के खिलाड़ी ने इसके बाद दबदबा बनाते हुए 12 गेम प्वाइंट हासिल किये और प्रणय ने शटल को नेट पर खेल कर उनका काम आसान कर दिया। पहले गेम को बड़े अंतर से गंवाने के बाद दूसरे गेम की शुरूआत में भी प्रणय 0-3 से पिछड़ने के बाद दबाव में थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए स्कोर को 2-4 और फिर 7-7 किया।

# 'मानसा की तीरंदाज परनीत कौर को विश्व चैंपियन बनने पर बधाईयां'



**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने रविवार को मानसा की तीरंदाज परनीत कौर को विश्व चैंपियन बनने पर बधाईयां दी। बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के फाईनल में भारतीय महिला कम्पाउंड टीम ने मैक्सिको को 235-229 से हरा कर स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता टीम में पंजाब के मानसा जिले के गांव मंढाली की परनीत कौर भी शामिल थी। खेल मंत्री ने समूची टीम को इस ऐतिहासिक प्राप्ति के लिए बधाईंयां देते हुए कहा कि गौरवान्वित लड़कियों ने तीरंदाजी खेल में देश का नाम रोशन किया है। हेयर ने इस प्राप्ति का श्रेय खिलाड़ियों, उनके कोच और अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि इस प्राप्ति में पंजाब के मानसा जिले के गांव मंढाली की परनीत कौर का भी योगदान था जो स्वर्णिम प्राप्ति वाली टीम की अहम सदस्य थी।

## लखनऊ में हॉकी लीग चैम्पियनशिप आज से

**लखनऊ।** बालक और बालिका सीनियर हॉकी लीग चैम्पियनशिप की शुरूआत आज से होगी। पद्मश्री मो. शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जाने वाली यह प्रतियोगिता दो सितम्बर तक होगी। यह जानकारी हाकी संघ के सचिव अविनाश श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि यह चैम्पियनशिप बालक वर्ग में सुपर लीग के आधार पर खेली जाएगी। सुपर लीग में चार टीमों को सीधे प्रवेश दिया गया है। सीधे प्रवेश पाने वाली टीमों में स्पोर्ट्स हास्टल (गत वर्ष विजेता), एस.एस. बी. (गत वर्ष उप विजेता), एस.ए.आई. (गत वर्ष के सेमी फाइनलिस्ट), गुरुगोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज (गत वर्ष सेमी फाइनलिस्ट) हैं। इसके अलावा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, के.डी. सिंह स्पोर्ट्स कालेज, के.के. कालेज की टीम इस प्रतियोगिता में खेलेगी। लीग की चैम्पियनशिप की दो टॉप टीमों को सुपर लीग में जगह दी जाएगी, फिर छह टीम की सुपर लीग चैंपियनशिप खेली जाएगी। बालिका वर्ग में चार टीमों ने खेलने की पुष्टि की है। यह चैम्पियनशिप राउंड रोबिन के आधार पर खेली जाएगी।

# बीसीसीआई को युवा और सीनियर खिलाड़ियों में संतुलन बनाने की जरुरत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे भारतीय वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भले ही कमजोर वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शतक बनाए हों, लेकिन ऐसा लगता है कि टीम प्रबंधन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र को ध्यान में रखते हुए विश्व क्रिकेट की आगामी प्रतिभाओं को निखारने के एक महत्वपूर्ण पहलू से चूक गया। डब्ल्यूटीसी 2023 में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की जोरदार जीत के बाद, यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए उन युवा खिलाड़ियों को मौका देने का एक सही समय था, जिन्होंने घरेलू सेटअप में अपनी क्षमता साबित की थी। इसके अलावा कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी अपने करियर के अंत के करीब हैं, यह टीम प्रबंधन के लिए कमजोर वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ न्यूनतम अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले खिलाड़ियों को मौका देने का सही समय था। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ और जून में वेस्टइंडीज टेस्ट श्रृंखला के लिए पूरी ताकत वाली टीम चुनी गई, जिसमें चेतेश्वर पुजारा एकमात्र अपवाद थे। 18 महीने के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले रहाणे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रभावित किया था, लेकिन तब से दाएं हाथ के बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो पारियों में सिर्फ 11 रन बनाए हैं। इसके अलावा, रहाणे को टीम का उप-कप्तान बनाया गया। पिछले 18 महीनों में सिर्फ 1 टेस्ट मैच खेलने के बाद, इसने भारतीय क्रिकेट के भविष्य के प्रति बीसीसीआई के दृष्टिकोण पर कुछ गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यंग गन्स टीम की दीर्घकालिक सफलता में एक निवेश है। एक ठोस कोर बनाने के लिए, किसी को मेगा इवेंट से कम से कम दो साल पहले बोल्ड कॉल लेना शुरू करना होगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर, जिन्हें हाल ही में सीनियर पुरुष चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, को भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है अन्यथा टीम को पिछले दो डब्ल्यूटीसी फाइनल की तरह ही भाग्य का सामना करना पड़ सकता है। दूसरे टेस्ट में पदार्पण करने वाले गेंदबाज मुकेश कुमार ने भी कुछ लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, क्योंकि उन्होंने कर्क मैकेंजी को आउट करके भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच में बहुत जरूरी सफलता दिलाई। जब डब्ल्यूटीसी 25 का आयोजन किया जाएगा, तब रोहित 38 साल के होंगे, कोहली 36 साल के होंगे और रहाणे 37 साल के होंगे, सरफराज खान और अर्शदीप सिंह जैसे युवा कुछ शानदार प्रदर्शन के दम पर चयनकताओं का दरवाजा खटखटा रहे होंगे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, अगर भारत लगातार दो फाइनल हारकर टेस्ट गदा उठाना चाहता है तो टीम प्रबंधन को कुछ कठोर कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही युवा खिलाड़ियों को मौके देने को प्राथमिकता देना टीम की दीर्घकालिक सफलता में एक निवेश है। एक ठोस कोर बनाने के लिए, किसी को मेगा इवेंट से कम से कम दो साल पहले बोल्ड कॉल लेना शुरू करना होगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर, जिन्हें हाल ही में सीनियर पुरुष चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, को भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है अन्यथा टीम को पिछले दो डब्ल्यूटीसी फाइनल की तरह ही भाग्य का सामना करना पड़ सकता है। प्रबंधन को उभरते खिलाड़ियों और नियमित अंतिम एकादश के बीच संतुलन बनाना चाहिए ताकि युवाओं को वरिष्ठों के अनुभव से सीखने और विश्व मंच पर भारत की सफलता में योगदान देने का पर्याप्त अवसर मिले।

## टीम में वापसी के लिए योग्य बनाती है अश्विन की बहुमुखी प्रतिभा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

2023 एकदिवसीय विश्व कप शुरू होने में ठीक दो महीने बचे हैं, मेजबान भारत अभी भी इस मेगा इवेंट के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ संभावित 15 खिलाड़ियों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है और अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को टीम में शामिल करने की चर्चा भी चल रही है। 36 वर्षीय, जिन्होंने पिछले 18 महीनों में 50 ओवर का मैच नहीं खेला है, वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे। हालांकि, उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखते हुए अभी भी एकदिवसीय विश्व कप के लिए उनके नाम पर विचार किया जा सकता है। खेल के एक महान विचारक, अश्विन एकदिवसीय मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी कर सकते हैं, निचले क्रम में एक बहुत ही उपयोगी बल्लेबाज हैं और उनके पास वर्षों का अनुभव है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में हाल ही में कहा गया था कि चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन के बीच अश्विन के नाम पर चर्चा हो रही है क्योंकि वे अपने स्पिन विभाग में विविधता चाहते हैं। फिलहाल, भारत के पास रवींद्र जडेजा (बाएं हाथ के स्पिनर), अक्षर पटेल (बाएं हाथ के स्पिनर), कुलदीप यादव (बाएं हाथ के लेग स्पिनर) और युजवेंद्र चहल (दाएं हाथ के लेग स्पिनर) के रूप में चार स्पिन विकल्प हैं। लेकिन चूंकि जडेजा और अक्षर दोनों के कौशल समान हैं, इसलिए अश्विन अंततः अपनी ऑफ-स्पिन के कारण टीम में जगह बना सकते हैं। यदि अश्विन वास्तव में आते हैं, तो अक्षर के चूकने की संभावना है, लेकिन अंतिम फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि टीम प्रबंधन भारत में होने वाले मेगा इवेंट के लिए कितना संतुलन बनाना चाहता है।

# पाक के पूर्व क्रिकेटरों ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बैट कंपनी पर किया मुकदमा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों मोहम्मद आमिर और कामरान अकमल ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट लीग (एसीएल) में अपने कार्यकाल के दौरान भ्रामक आचरण के लिए क्रिकेट बैट कंपनी तजविन स्पोर्ट्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने 2022 में इस आयोजन में हिस्सा लेने का फैसला किया जिसका उद्देश्य मेलबर्न के उपनगरीय इलाके में क्रिकेट के परिदृश्य को बदलना है। एसीएल को प्रायोजकों की एक श्रृंखला का समर्थन प्राप्त है जिसमें ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण एशियाई समुदाय के व्यवसाय एक क्रिकेट गियर निमार्ता टैजविन स्पोर्ट्स शामिल हैं। हालांकि रिपोर्टों के अनुसार गियर निर्माण कंपनी को अपनी वेबसाइट पर प्रचार सामग्री के हिस्से के रूप में अनधिकृत तस्वीरों का उपयोग करने के लिए आमिर और कामरान द्वारा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने तस्वीरों में और बदलाव किया और कथित तौर पर पाकिस्तान टीम की शर्ट से एक अन्य प्रतियोगिता के प्रायोजक का नाम हटा दिया। पाकिस्तान के दो क्रिकेटरों ने जारी बयान में कहा, टूर्नामेंट के दौरान गियर निमार्ता द्वारा एक निश्चित संख्या में बल्ले वितरित किए गए थे लेकिन उनकी फीस का भुगतान नहीं किया गया था। एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'एसीएल टूर्नामेंट के दौरान तजविन स्पोर्ट्स द्वारा तीन या चार क्रिकेट बैट वितरित किए गए थे हालांकि, 3000 डॉलर की फीस का भुगतान नहीं किया गया था।' अदालत के दाखिल याचिका में कहा गया, 'तस्वीरों के उपयोग से पता चलता है कि वादी ताजविन स्पोर्ट्स के ब्रांड एंबेसडर हैं या अन्यथा ताजविन स्पोर्ट्स के उत्पादों का समर्थन या अनुमोदन करते हैं। वादी का ताजविन स्पोर्ट्स के साथ कोई सीधा संबंध नहीं है और वे ताजविन स्पोर्ट्स के साथ किसी भी प्रचार या विपणन व्यवस्था के लिए सहमत नहीं हैं। यह संभावना है कि वादी भविष्य में प्रायोजन के अवसर खो देंगे।' कामरान ने कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में एक अन्य ब्रांड के ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए 28,000 डॉलर का वार्षिक प्रस्ताव खो दिया जिसमें खेल उपकरण के रूप में 7000 डॉलर भी शामिल थे।

**महिला विश्व कप 2023**

## द.अफ्रीका को हराकर नीदरलैंड क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



**एजेंसी। सिडनी**

नीदरलैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जिल रूर्ड और लिनेथ बीरेनस्टीन ने सिडनी फुटबॉल स्टेडियम में प्रत्येक हाफ में गोल करके 2019 के उपविजेता को अंतिम आठ में जगह दिलाई। टूर्नामेंट में उलटफेर भरी जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में पहुंचने वाले दक्षिण अफ्रीका ने नीदरलैंड को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। नीदरलैंड की गोलकीपर डाफ्ने वान डोमसेलर की तारीफ करनी होगी जिन्होंने थेम्बी कगाटलाना के कई हमलों को नाकाम किया। नीदरलैंड क्वार्टर फाइनल में स्पेन से भिड़ेगा लेकिन उसकी स्टार खिलाड़ी वान डी डोन्क दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएगी।

# एशियाई खेलों में शामिल जुडोका जसलीन सैनी डोप टेस्ट में फेल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशियाई खेलों के संभावित खिलाड़ियों में शामिल जुडोका जसलीन सिंह सैनी पिछले महीने ताइपे ओपन के दौरान किए गए डोप परीक्षण में प्रतिबंधित दवा के सेवन के दोषी पाए गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने के शुरू में ताइपे एशिया ओपन में पुरुषों के 66 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले टीम के एक कोच ने कहा, वह ताइपे ओपन के दौरान एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी द्वारा किए गए डोप परीक्षण में विफल रहा है। इसलिए वह एशियाई खेलों की टीम में शामिल नहीं होगा।' अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ के लिए परीक्षण और परिणामों का प्रबंधन करती है। सैनी को 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के लिए संभावित खिलाड़ियों में चुना गया था। भारतीय जूडो महासंघ ने अप्रैल में दिल्ली में चयन ट्रायल किया था लेकिन अभी तक अंतिम टीम का चयन नहीं किया गया है। सैनी पिछले दो महीनों में डोप परीक्षण में नाकाम रहने वाला पांचवां जुडोका है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा पिछले महीने भोपाल में राष्ट्रीय शिविर और दिल्ली में चयन ट्रायल के दौरान किए गए परीक्षण में हर्षदीप बरार (81 किग्रा), गुलाब अली मोहसिन (60 किग्रा), राहुल सेवता (81 किग्रा) और अक्षय (66 किग्रा) को प्रतिबंधित दवाओं के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था। इन चारों खिलाड़ियों को अस्थाई रूप से निलंबित किया गया है।

**क्रिकेट मैच**

## नियमित मौके नहीं मिलने पर बोले युजवेंद्र चहल

# टीम संयोजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता



**एजेंसी। गयाना**

भारत के सबसे सफल स्पिनरों में से एक रहे युजवेंद्र चहल को हाल के दिनों में टीम में नियमित जगह नहीं मिल पाई है, लेकिन इससे उन्हें कोई परेशानी नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम संयोजन प्राथमिकता में सबसे ऊपर है और यह कोई नई बात नहीं है।

33 वर्षीय स्पिनर, जिन्हें तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, ने वापसी की और पहले टी20 में सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग और काइल मेयर्स को आउट कर अपनी छाप छोड़ी और 2/24 के आंकड़ों के साथ समापन किया।

लेग स्पिनर इस बात पर जोर देते हैं कि आसन्न एशिया कप और विश्व कप अभियानों (दोनों एकदिवसीय प्रतियोगिताओं) को देखते हुए उन्होंने व्यक्तिगत मोर्चे पर बहुत आगे के बारे में नहीं सोचा है, इसके बजाय वे आदर्श एकादश खोजने के महत्व पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, भले ही वह इसमें फिट बैठते हों या नहीं।

चहल ने दूसरे टी20 से पहले संवाददाताओं से कहा, फिलहाल मुझे चार मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। मैं एक समय में एक कदम के बारे में सोचता हूं। इस सीरीज के बाद हमारा कैंप होगा और फिर टीम की घोषणा की जाएगी। मैं अभी एशिया कप या विश्व कप के बारे में नहीं सोच रहा हूं।

सातवें नंबर पर हम आम तौर पर रवींद्र जड़ेजा या अक्षर पटेल को खिलाते हैं। तीन स्पिनर तभी खेल सकते हैं जब विकेट स्पिन के अनुकूल हों। कुलदीप वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, वह शानदार लय में हैं और यही कारण है कि टीम उनका समर्थन कर रही है। मैं नेट्स पर काम करता रहता हूं ताकि जब भी मुझे मौका मिले मैं उसका फायदा उठा सकूं। उन्होंने कहा, "टीम संयोजन हमारी प्राथमिकता है और यह कोई नई बात नहीं है।"

चहल ने यह भी कहा कि क्रिकेट एक टीम खेल है और इसमें सभी मैच खेलने का मौका मिलना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा, हम पेशेवर क्रिकेटर हैं। मैं दो महीने बाद खेल रहा था, आखिरी बार मैंने आईपीएल में खेला था। यह सब तैयारी के बारे में है। यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है, आप यहां अपनी टीम के लिए खेल रहे हैं। कई बार खिलाड़ियों को ऐसा करना पड़ता है दो श्रृंखलाओं के लिए बाहर बैठना, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे टीम का हिस्सा नहीं हैं।" मैं बहुत खुश हूं कि मुझे हर रोज नीली जर्सी पहनने को मिल रही है। मैं घर पर नहीं बैठा हूं। मैं टीम के साथ यात्रा कर रहा हूं। मैं टीम का हिस्सा हूं।

"मैंने शतरंज खेला है, यह एक व्यक्तिगत खेल है लेकिन क्रिकेट एक टीम खेल है। टीम में पंद्रह लोगों में से केवल ग्यारह ही खेल सकते हैं। पिछली कुछ श्रृंखलाओं में, जब मैं खेल रहा था तो कुलदीप को मौके नहीं मिल रहे थे।

भारत त्रिनिदाद में मेजबान टीम के खिलाफ चार रन से हार गया, धीमी तारौबा सतह पर 150 रन का पीछा करने में असमर्थ, मेजबान टीम के चतुर तेज आक्रमण के कारण, जिसने पर्यटकों के छह विकेट लिए।

चहल का मानना है कि प्रोविडेंस की परिस्थितियों के बारे में सीमित जानकारी होने के बावजूद गयाना में टी-20 में आना बेहतर है। उन्हें भरोसा है कि टीम दूसरे गेम में वापसी करेगी।

हमें अभी भी चार मैच खेलने हैं। मुझे लगता है कि हमें वेस्टइंडीज को भी श्रेय देना चाहिए क्योंकि उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला। हम हमेशा सोचते हैं कि अगर आप वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रहे हैं, तो आप 5-0 से जीतेंगे। ऐसा नहीं है सच है। यह सब इस बारे में है कि दिए गए दिन कौन बेहतर प्रदर्शन करता है।"



## 2014-15 से 22-23 के बीच देश में निवेश 65 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश में निवेश 2014-15 और 2022-23 के बीच 65 फीसदी बढ़कर 32,78,096 करोड़ रुपये से 54,34,691 करोड़ रुपये हो गया है। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर अर्थव्यवस्था में निवेश करते हैं, इसका संकेत भारतीय अर्थव्यवस्था में सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) से मिलता है। 2014-15 में यह जीएफसीएफ 32.78 लाख करोड़ रुपये (2011-12 की स्थिर कीमतें) था, जो 65 फीसदी बढ़कर 32.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2022-23 में 54.35 लाख करोड़ (अनंतिम अनुमान के अनुसार)। देश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए विशेष सहायता की योजना और पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता की योजना भी लागू करती है। केंद्र ने पूंजीगत परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष सहायता को मंजूरी दी है और जारी की है, इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और बिजली आदि क्षेत्रों से संबंधित पूंजीगत परियोजनाएं शामिल हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी 2014-15 से लगातार बढ़ा है। 2014-15 और 2021-22 के बीच पिछले सात वित्तीय वर्षों में देश में 443 अरब डॉलर से अधिक का एफडीआई प्रवाह आया है।

## वैश्विक मेमोरी चिप व एआई की दौड़ में चीन के पिछड़ने का खतरा

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित माइक्रोन प्रौद्योगिकी पर बीजिंग के प्रतिबंध और चीन के साथ तकनीक साझा करने पर अमेरिकी कंपनियों पर जो बिडेन प्रशासन द्वारा निर्यात प्रतिबंधों के बीच चीन वैश्विक मेमोरी चिप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की दौड़ में पिछड़ सकता है। मीडिया ने रविवार को यह खबर दी। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीन को हाल ही में उन्नत 3डी नंद फ्लैश और डीआरएएम मेमोरी चिप्स के क्षेत्र में वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं के साथ तेजी से आगे बढ़ते हुए देखा गया था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है, चैटजीपीटी के युग में अंतर फिर से बढ़ गया है, क्योंकि यांग्त्जी मेमोरी टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन (वाईएमटीसी) और चांगएक्सिन मेमोरी टेक्नोलॉजीज (सीएक्सएमटी) अमेरिकी निर्यात प्रतिबंधों के कारण प्रयासों को आगे बढ़ाने में असमर्थ हैं। इससे बड़े कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल विकसित करने की चीन की क्षमता में गंभीर बाधा आ सकती है, क्योंकि सैमसंग और एसके हाइनिक्स जैसी दक्षिण कोरियाई कंपनियां इसका नेतृत्व कर रही हैं। सैमसंग ने पिछले महीने कहा था कि उसने एआई अनुप्रयोगों के लिए जीडीआरएम7 का विकास पूरा कर लिया है, और यह एआई अनुप्रयोगों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2024 में हाई-बैंडविड्थ मेमोरी को दोगुना कर देगा। रिपोर्ट में कहा गया है, ₹इस बीच, प्रतिद्वंद्वी एसके हाइनिक्स, जो 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ वैश्विक एचबीएम बाजार में शीर्ष पर है, अगले साल एआई सर्वर के लिए अपने एचबीएम उत्पादन को दोगुना करने के लिए भी तैयार है। माइक्रोन, सैमसंग और एसके हाइनिक्स कई डाउनस्ट्रीम खरीदारों के लिए डिफॉल्ट विकल्प बने हुए हैं और माइक्रोन पर बीजिंग के प्रतिबंधों से ज्यादातर उसके दो दक्षिण कोरियाई प्रतिस्पर्धियों को फायदा हुआ। चीन के सर्वर डीआरएएम बाजार में माइक्रोन की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अलीबाबा ग्रुप, टेनसेंट और जेडी.कॉम जैसी बिग टेक चीनी कंपनियां जेनरेटिव एआई मॉडल विकसित करने की इच्छुक हैं।

### इंफोसिस की स्थापना साल 1981 में एनआर नारायण मूर्ति ने की थी

# 10 हजार से की थी शुरूआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंफोसिस आज देश की दिग्गज आईटी कंपनियों में से एक है। इसकी स्थापना एन आर नारायण मूर्ति और उनके साथ इंजीनियरों ने साल 1981 में की थी। कंपनी में लाखों कर्मचारी काम करते हैं। इंफोसिस साल 1999 में अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्ट हुई और यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय कंपनी थी। साधारण मिडिल क्लास फैमिली से ताल्लुक रखने वाले नारायण मूर्ति ने अपनी पत्नी सुधा मूर्ति से 10,000 रुपये लेकर इस कंपनी की नींव रखी थी। नारायण मूर्ति ने इंफोसिस की शुरूआत कैसे हुई इसका एक दिलचस्प किस्सा बीते दिनों शेयर किया था। नारायण मूर्ति ने बताया कि उन्होंने 19 अगस्त, 1976 को उनके जन्मदिन पर इस्तीफा दे दिया था और सुधा मूर्ति को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी थीं। इस दौरान उन्होंने सुधा मूर्ति को बताया था कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। इस दौरान सुधा मूर्ति मुस्कुराईं और कहा था कि कोई बात नहीं है। सुधा मूर्ति ने कहा था कि हमारे पास जो भी साधन हैं हम उसमें रहेंगे। वह पूरा सपोर्ट करेंगी और नारायण मूर्ति जरूर सफल होंगे। सुधा मूर्ति के मुताबिक, पति नारायण मूर्ति ने साल 1981 में इंफोसिस की शुरूआत की थी। इस दौरान वह मुंबई के बांद्रा में एक किराए के अपार्टमेंट में रह रहे थे। नारायण मूर्ति का कहना है कि उनके लिए उनकी पत्नी सुधा मूर्ति सबसे बड़ी ताकत हैं। हर मुश्किल में वो उनके साथ खड़ी रहीं। इन्फोसिस के लिए उन्होंने अपनी पत्नी सुधा मूर्ति से 10 हजार रुपये उधार मांगे। एक इंटरव्यू में सुधा मूर्ति ने बताया कि कैसे उनके पति ने उन्हें पैसे देने के लिए मनाया। बताया कि उन्होंने दस हजार रुपए अपने पति के हाथ में रख दिए। यह वह पैसे थे जो उन्होंने अपनी पति की जानकारी के बिना एक टिन के डिब्बे में जमा किए थे। इसमें से 250 रुपये अभी भी छिपाकर रखे थे ताकि इमरजेंसी में काम आ सके। मौजूदा समय में इंफोसिस में 314,000 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। नारायण मूर्ति के साथ नंदन निलेकणी, एन एस राघवन, एस गोपालकृष्णन, एस डी शिबूलाल, के दिनेश और अशोक अरोड़ा इन्फोसिस के को-फाउंडर थे। ये सभी लोग पटनी कम्प्यूटर में साथ काम करते थे। इन लोगों ने सीमित संसाधनों के दम पर देश की सबसे सफल आईटी कंपनियों में से एक इन्फोसिस की नींव रखी।



### टाटा मोटर्स की बिक्री मजबूत करने पर जोर

## ईवी की मांग काफी बढ़ी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा मोटर्स अपनी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टियर-दो और टियर-तीन शहरों में बिक्री बुनियादी ढांचे का विस्तार करने पर विचार कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इन स्थानों से इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ रही है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में लगभग 19,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे और वह आगे चलकर अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो के लिए एक अलग बिक्री बुनियादी ढांचे की स्थापना पर विचार कर रही है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने विश्लेषकों के साथ एक बातचीत में कहा कि ईवी की मांग अब देश के शीर्ष 20 शहरों से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ''अब इसकी मांग देश के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ रही है... यह एक अच्छा संकेत है कि यहां से ईवी की बिक्री किस तरह बढ़ेगी।'' चंद्रा ने कहा कि टियागो ईवी की पेशकश के साथ अब इसक बाजार में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि टियागो ईवी की 49 प्रतिशत से अधिक बिक्री अब शीर्ष 20 शहरों के अलावा अन्य शहरों से हो रही है।

## स्विगी के बाद अब जोमैटो ने भी लगाई प्लेटफॉर्म फीस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के बाद अब जोमैटो से भी खाना मंगाना महंगा पड़ने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि जोमैटो भी अब अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी स्विगी की राह पर चल पड़ी है। स्विगी के बाद जोमैटो ने भी ग्राहकों से प्लेटफॉर्म फीस वसूलना शुरू कर दिया है। यह प्लेटफॉर्म फीस अभी चुनिंदा यूजर्स से ही वसूली जा रही है। वहीं, जोमैटो के क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट को इससे दूर रखा गया है। कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 2024 की पहली तिमाही में 2 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ है। यह पहला मौका है जब कंपनी ने मुनाफा दर्ज किया है। स्विगी ने करीब चार महीने पहले फूड ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म फीस वसूलनी शुरू की थी। देश में पहली बार किसी फूड डिलीवरी कंपनी ने इस तरह की फीस लेनी शुरू की थी। कंपनी प्रत्येक ऑर्डर पर दो रुपए फीस लेती है। कंपनी की एवरेज ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू करीब 415 रुपए है। इस हिसाब से दो रुपए की फीस इसका 0.5 फीसदी होती है। यह आपके लिए भले ही मामूली सी रकम होगी लेकिन इससे कंपनी को बड़ा फायदा हो सकता है। जून तिमाही में कंपनी को 17.6 करोड़ ऑर्डर मिले।

### टॉप 10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप घटा

## एसबीआई को ज्यादा नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,09,947.86 करोड़ रुपए घट गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स में 438.95 अंक या 0.66 फीसदी की गिरावट हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एसबीआई, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस नुकसान में रहे, जबकि टाटा कंसल्टेंसी




सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस के बाजार मूल्यांकन में वृद्धि हुई। एसबीआई का मूल्यांकन 38,197.34 करोड़ रुपए घटकर 5,11,603.38 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 17,201.84 करोड़ रुपए घटकर 6,79,293.90 करोड़ रुपए हो गया। आईटीसी का मूल्यांकन 16,846.18 करोड़ रुपए घटकर 5,66,886.01 करोड़ रुपए और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 14,366.34 करोड़ रुपए घटकर 4,32,932.18 करोड़ रुपए रह गया।

## 12 साल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची चावल की कीमत

**नई दिल्ली।** भारत ने हाल ही में गैर बासमती सफेद चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। देश में चावल की बढ़ती कीमत को थामने के लिए सरकार ने यह फैसला किया था लेकिन इससे दुनियाभर में चावल की कीमत में भारी तेजी आई है। यूएन की फूड एजेंसी एफएओ (ऋअड) के मुताबिक जुलाई में राइस प्राइस इंडेक्स 2.8 फीसदी की तेजी के साथ करीब 12 साल के हाई पर पहुंच गया है। इसमें पिछले साल जुलाई के मुकाबले 20 फीसदी तेजी आई है और यह सितंबर 2011 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। मजबूत मांग और भारत के बैन से चावल की कीमत बढ़ी है।

## विदेश

## जनसंख्या के नए आंकड़े देख शहबाज भी घबराए

**इस्लामाबाद।** गरीबी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी, महंगाई और आतंकी खतरों जैसी कई चुनौतियों से जूझ रहे पाकिस्तान की आबादी में बड़ा इजाफा हुआ है। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने शनिवार को पाकिस्तान की जनसंख्या में हुई वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स की पहली डिजिटल जनगणना से पता चला है कि पाकिस्तान की जनसंख्या में 2.35 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। जनसंख्या में वृद्धि के आंकड़े ऐसे समय पर सामने आए हैं जब पाकिस्तान में गरीबी और बेरोजगारी अपने चरम पर है और बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रह है। शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में 'काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट' (सीसीआई) की हुई बैठक में योजना मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान की आबादी 24.01 करोड़ हो गई है।

### अचानक हथियारों की फैक्ट्री में पहुंचे किम जोंग उन

# अपनी सेना को दिया युद्ध की तैयारियां तेज करने का ऑर्डर

**एजेंसी। प्योंगयांग**

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने तोपखानों और परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए लॉन्चिंग व्हीकल बनाने वाली फैक्ट्रियों समेत देश के अहम हथियार उत्पादन केंद्रों का दौरा किया है। उन्होंने अपनी सेना को आधुनिक हथियारों से लैस करने के प्रयास और युद्ध से जुड़ी तैयारियां तेज करने का संकल्प लिया है। किम का यह तीन दिवसीय दौरा ऐसे वक्त में हुआ है, जब उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया इस महीने संयुक्त सैन्य अभ्यास के अगले चरण की शुरूआत के लिए तैयार हैं। उत्तर कोरिया के



मिसाइल परीक्षण और अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के कारण कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव चरम पर है। किम इन सैन्य अभ्यासों को आक्रमण का अभ्यास बताते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि किम का हथियार फैक्ट्रियों का दौरा रूस के साथ संभावित सैन्य सहयोग से जुड़ा हो सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अन्य देशों से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहयोग देने की अपील की है, जिसके तहत उत्तर कोरिया मॉस्को को हथियार और गोला-बारुद की आपूर्ति कर सकता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार, किम ने बड़े कैलिबर की तोपें बनाने वाली एक अज्ञात फैक्ट्री का निरीक्षण करने के दौरान 'उत्तर कोरिया की युद्ध संबंधी तैयारियों में फैक्ट्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों और कार्यों' पर जोर दिया। केसीएनए के मुताबिक, किम ने गोलों की गुणवत्ता में सुधार लाने, प्रणोदक ट्यूब के निर्माण की अवधि घटाने और विनिर्माण की गति बढ़ाने के लिए 'वैज्ञानिक और तकनीकी कदम' उठाने के फैक्ट्री के प्रयासों की सराहना की, लेकिन नए प्रकार के गोले बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### महायुद्ध — रूस के राष्ट्रपति पर भड़के जापान के पीएम, कहा

# परमाणु हमले का दुनिया में बढ़ा खतरा

**एजेंसी। टोक्यो**

छह अगस्त 1945 को जापान के हिरोशिमा ने पहला परमाणु बम झेला था। अमेरिका की तरफ से हुए इस हमले में करीब 140,000 लोग मारे गए थे। हमले के 78 साल बाद आज दुनिया फिर रूस यूक्रेन जंग की वजह से परमाणु हमले की खतरे की तरफ बढ़ रही है। हमले की 78वीं बरसी पर जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने रूस पर जमकर भड़ास निकाली है। हिरोशिमा में आयोजित एक कार्यक्रम में किशिदा ने रूस और पूरी दुनिया को याद दिलाया है कि जापान दुनिया का इकलौता देश है जिसने इन हमलों का दर्द झेला है। द्वितीय विश्व युद्ध के खत्म होने के कुछ दिन पहले जापान के दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों ने दुनिया को हिलाकर रख दिया था। पीएम किशिदा ने कहा, ' जापान, युद्ध में परमाणु बमबारी झेलने वाला इकलौता देश था और इस वजह



से परमाणु मुक्त दुनिया की दिशा में प्रयास जारी रखेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'परमाणु निरस्त्रीकरण और रूस के परमाणु खतरे की वजह से अंतरराष्ट्रीय समुदाय में गहराते मतभेदों की वजह से इस दिशा में रास्ता कठिन होता जा रहा है।' किशिदा का कहना था कि इस स्थिति को देखते हुए, परमाणु मुक्त दुनिया को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ाना होगा और यह आज के समय में और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। किशिदा, हिरोशिमा के ही रहने वाले हैं। उनका कहना था कि परमाणु हथियारों से हिरोशिमा और नागासाकी में हुई तबाही कभी दोहराई नहीं जानी चाहिए। किशिदा का बयान ऐसे समय में आया है जब पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने परमाणु हथियारों के प्रयोग पर बड़ा बयान दिया था। मेदवेदेव ने पिछले दिनों कहा था कि अगर यूक्रेन की तरफ से जवाबी हमले जारी रहेंगे तो फिर रूस को परमाणु हथियार का इस्तेमाल करना होगा। मेदवेदेव राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी हैं। खुद पुतिन भी कई बार परमाणु हथियारों के प्रयोग की धमकी दे चुके हैं। किशिदा की तरह ही संयुक्त राष्ट्र के मुखिया एंटोनियो गुटेरेस ने भी ऐसा ही बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'कुछ देश लापरवाही से एक बार फिर परमाणु हथियारों के रास्ते पर चल रहे हैं और विनाश के इन उपकरणों का उपयोग करने की धमकी दे रहे हैं।'

## पाकिस्तान में हजारा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त 15 लोगों की हुई मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रावलपिंडी जाने वाली हजारा एक्सप्रेस की 10 बोगियां रविवार को नवाबशाह के पास पटरी से उतर गईं। इस हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया में ये जानकारी दी गई है। जियो टीवी ने रेलवे मंडल अधीक्षक सुक्कुर महमूदुर रहमान के हवाले से कहा कि ट्रेन दुर्घटना में दस डिब्बे पटरी से उतर गए। घायलों को नवाबशाह के पीपुल्स मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभावित बोगियों से यात्रियों को बाहर निकालने के लिए बचाव प्रयास जारी है। लोको शेड रोहरी से एक ट्रेन घटना स्थल पर पहुंच रही है। रहमान ने कहा, साइट तक पहुंचने में कम से कम तीन घंटे लगेंगे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण अप ट्रैक पर यातायात निलंबित है। ट्रेन के पटरी से उतरने के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। जब मामला साफ हो जायेगा तभी ट्रेनों का आवाजाही शुरू कर दी जायेगी। अभी इसे साफ करने में टीम जुटी हुई है। अभी कुछ कहा जा नहीं सकताा है।

## पेज एक के शेष

### किसानों की उम्मीदों ...

को बढ़ावा देने में लगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के संदर्भ में तो ये और भी जरूरी है क्योंकि यहां के किसान मोनो क्रॉप यानी एक फसल ही उगाते हैं। ऐसे में मोटे अनाज की खेती उनकी आय का एक दूसरा स्रोत बन सकता है। राज्य में मोटे अनाज की खेती करने के लिए सरकार जहां कई कार्यक्रम चला रही है। वहीं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय तकनीकी सहायता के साथ साथ झारखंड की आबोहवा के अनुसार अच्छी उपज देने वाले मोटे अनाजों की बीज विकसित कर किसानों को उपलब्ध करा रही है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे मिलेट्स शोध कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अरुण कुमार कहते हैं कि राज्य में मिलेट्स की खेती की असीम संभावनाएं हैं।आज जिस तरह से लोग स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हुए हैं और दुनिया भर में मोटे अनाज और उसके उत्पादों की मांगें बढ़ी है। वैसे में अगर राज्य के किसानों ने मोटे अनाज की खेती को उसी जोश और उत्साह से अपनाया जैसे वह धान की खेती करते हैं तो वह दिन दूर नहीं जब मोटे अनाज के बल पर राज्य के अन्नदाता खुशहाल होंगे।

### आदिवासी ...

को झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 में झारखंडी खान पान,परिधान फैशन शो,आदिवासी व्यंजन के स्टॉल एवं विविध जनजातीय सांस्कृतिक संध्या आदि कार्यक्रमों की बानगी छटा बिखेरती नजर आयेगी। सावन मास के रिमझिम फुहारों के बीच इस अलौकिक कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए दिवा रात्रि सभी एक उद्देश्य के साथ आयोजन को अंतिम रुप देने में लगे हुए हैं। आगामी 9-10 अगस्त 2023 विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले झारखण्ड आदिवासी महोत्सव-2023 में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय इतिहास रचने जा रहा है।

### स्कॉलरशिप परीक्षा...

देते हुए 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य किया है। इस योजना के तहत 9वीं से 12वीं तक के चयनित बच्चों को साल में 12,000 रुपये मिलेंगे। विडंबना यह है कि शिक्षा विभाग के द्वारा शुरू की गई इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ लेने में झारखंड के बच्चे उदासीन हैं।शिक्षा विभाग ने इस साल के चयन परीक्षा में राज्यभर के सरकारी स्कूलों के एक लाख बच्चों को शामिल कराने के लिए रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा था लेकिन जैक के द्वारा तीन-तीन बार आवेदन भरने की तारीख बढ़ाए जाने के बावजूद भी लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका। तीन बार आवेदन की तारीख बढ़ाने के बावजूद 60,000 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन ही हुआ है।

### संगठित आपराधिक गिरोहों ...

साथ ही जमानत पर छूटे अपराधियों के वर्तमान गतिविधि पर लगातार निगरानी रखते हुए सीसीए के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने पर बल दिया। संगठित आपराधिक गिरोह के फरार सदस्यों को हर हाल में गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। अंतरजिला-अंतर्राज्यीय आपराधिक गिरोह के सदस्यों पर नकेल कसने के लिए क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। जिले में सक्रिय टॉप 10 अपराधियों को अविलम्ब गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सक्रिय अपराध कर्मियों के विरुद्ध सीसीए के तहत किस जिले से कितने प्रस्ताव भेजे गये, कितने अपूर्व हुए एवं कितने पेंडिंग हैं की जानकारी ली। बैठक में लंबित वारंट कुर्की का त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी एसपी को दिया गया। इसके लिए लगातार अभियान चलाकर वारंटियों को गिरफ्तार करने को कहा गया। इसके अलावा लंबित मामलों, वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चल रहे अभियान, उग्रवादियों की चल- अचल संपत्तियों की जब्ती के प्रस्तावों की स्थिति, फरार नक्सली कमांडरों के खिलाफ इनाम की घोषणा के प्रस्तावों की स्थिति, पांच वर्ष और दस वर्ष से अधिक अवधि से लंबित मामलों की समीक्षा भी की गई। डीजीपी ने कहा कि ड्रग्स (नारकोटिक्स) नेटवर्क और अवैध शराब व्यवसाय से जुड़े अपराधियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। संगठित रूप से किये जाने वाले अवैध उत्खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने और उसपर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने एनटीपीसी के क्षेत्रों में लाइट एवं सीसीटीवी लगाने की बात कही। उन्होंने सभी जिला में समय एवं स्थान बदलकर वाहन चेकिंग कराने तथा बस स्टैण्ड, टेम्पो स्टैण्ड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिये। साथ ही सोशल मीडिया के सभी साधनों पर निगरानी रखने की आवश्यकता पर भी डीजीपी ने बल दिया। बैठक में एडीजी मुख्यालय मुरारीलाल मीना, एडीजी अभियान संजय आनन्दराव लाठकर, आईजी मनोज कौशिक, आईजी मानवाधिकार अखिलेश झा, आईजी अभियान अमोल वेनुकांत होमकर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

### एनडीए को...

उसे मिलना तय है। ओबीसी के आरक्षण की सीमा बढ़ाने का बिल भी हेमंत सरकार ने पास कराया, लेकिन राज्यपाल ने उसमें कमी इंगित करते हुए वापस कर दिया। इसका ठीकरा भी विपक्ष राज्यपाल पर ही फोड़ता है। हालांकि सभी जानते हैं कि ये दोनों कानून बने भी तो वे कोर्ट से खारिज हो जाएंगे। कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू कर हेमंत ने अपना नया वोट बैंक भी खड़ा कर लिया है। झारखंड में दलितों की आबादी 10-12 फीसदी आंकी जाती है। झारखंड विधानसभा में अनुसूचित जाति के लिए 9 सीटें रिजर्व हैं। इनमें 6 सीटों पर बीजेपी के दलित विधायकों का जीतना यह साबित करता है कि बीजेपी के प्रति दलितों का आकर्षण अब भी बना हुआ है। अमर बाउरी, नारायण दास, केदार हाजरा, किशुन दास, समरी लाल जैसे लोग अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीटों से जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। आजसू सुप्रीमो कुरमी जाति से आते हैं। उनके साथ कुर्मी वोटर हमेशा से ही रहे हैं। कुरमी नेताओं का दावा है कि झारखंड में उनकी आबादी 52 फीसदी है। यानी एनडीए की ताकत में इनकी भी बड़ी भूमिका हो सकती है। झारखंड में अभी एनडीए के 12 सांसद हैं, जिनमें एक सांसद आजसू का भी है। बीजेपी के 11 सांसद हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### कुपवाड़ाः सुरक्षाबलों ने एक घुसपैठिया किया ढेर

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में रविवार को सुरक्षाबलों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया है। उसके शव के पास से गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। तंगधार सेक्टर के अमरोही इलाके में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलो ने एक संदिग्ध हरकत देखी। इसी बीच सुरक्षाबलों ने देखा कि एक घुसपैठिया सीमा पार करने की कोशिश कर रहा है। सुरक्षाबलों ने उसे वापस लौटने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद सुरक्षाबलों ने गोलीबारी कर उसे मार गिराया। मारे गए घुसपैठिए के शव के पास से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

### मशहूर शायर अंजुम रहबर कांग्रेस में शामिल

भोपाल। देश की मशहूर शायर अंजुम रहबर ने रविवार को कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर शायरा अंजुम रहबर ने कमलनाथ के सामने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही उन्होंने देश के वर्तमान हालातो पर चिंता जताई और कि वे अब तक शायरी करती रही है अब वे समाजसेवा करना चाहती है और इसीलिए कांग्रेस में शामिल हुई हैं।

### मणिपुर में हिंसा, 15 घर जलाए गए, एक घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में शनिवार शाम को फिर से हिंसा भड़क उठी और इस दौरान 15 मकान जला दिए गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लांगोल गेम्स गांव में आक्रोशित भीड़ सड़कों पर उतर आई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे और स्थिति को काबू में किया। अधिकारियों के मुताबिक, हिंसा के दौरान 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मारी गई, जो उसके पैर में लगी। उसे 'रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस' में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को क्षेत्र में हालात में सुधार आए हैं, लेकिन सुबह के वक्त की पाबंदियां जारी हैं। उन्होंने बताया कि इंफाल ईस्ट जिले के चेकॉन इलाके में भी हिंसा की सूचना मिली है, जहां शनिवार को एक बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान को आग के हवाले कर दिया गया।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शिक्षा पर दिया जोर, कहा-

# शिक्षित महिलाएं अर्थव्यवस्था और समाज में दे सकती हैं बड़ा योगदान

**एजेंसी। चेन्नई**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि शिक्षित महिलाएं ना केवल अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे सकती हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। मुर्मू ने यहां मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस तथ्य पर प्रसन्नता जताई कि इस समय लगभग 1.85 लाख विद्यार्थी विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ रहे हैं और उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि आज स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 105 विद्यार्थियों में से 70 प्रतिशत लड़कियां हैं। उन्होंने कहा, कि मद्रास विश्वविद्यालय लैंगिक समानता का एक ज्वलंत




उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम लड़कियों की शिक्षा में निवेश करके अपने देश की प्रगति में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाएं अर्थव्यवस्था में अधिक योगदान दे सकती हैं, विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व कर सकती हैं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। मुर्मू ने स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र सभ्यता और संस्कृति का उद्गम स्थल रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि 1857 में स्थापित यह विश्वविद्यालय देश के सर्वाधिक पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह गर्व की बात है कि छह पूर्व राष्ट्रपति इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं जिनमें एस राधाकृष्णन, वीवी गिरि, नीलम संजीव रेड्डी, आर वेंकटरमन, केआर नारायणन और ए पी जे अब्दुल कलाम शामिल हैं।

देश के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ीं प्रतिष्ठित महिलाएं सरोजिनी नायडू और दुर्गाबाई देशमुख, नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी वी रमन और एस चंद्रशेखर, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम पतंजलि शास्त्री और न्यायमूर्ति के सुब्बाराव भी कभी मद्रास विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने कहा कि तिरुक्कुरूल सदियों से हम सभी का मार्गदर्शन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भक्ति काव्य की महान परंपरा तमिलनाडु से शुरू हुई और भ्रमण करने वाले संत इसे देश के उत्तरी हिस्से में लेकर गए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मंदिरों की वास्तुकला और उनकी मूर्तियां मानवीय उत्कृष्टता को दशार्ती हैं। इससे पहले मुर्मू को राजभवन में 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

## नाम का एक अक्षर बदलकर या जोड़कर हो रही धोखाधड़ी

**आरएनएम। नई दिल्ली**

तमाम बेरोजगार व जरूरतमंद लोग नौकरी पाने के लिए ऑनलाइन जॉब या पोस्ट लाइक करके धोखेबाजों के जाल में फंस लाखों गंवा रहे हैं । लेकिन अब बीते कुछ माह से नए तरह की धोखेबाजी सामने आने लगी है। धोखेबाजों ने धोखाधड़ी का एक और तरीका ईजाद कर लिया है। वह है आपके परिचित के नाम का एक अक्षर बदल कर ,उसके नाम से ईमेल बना आपको ईमेल करके पैसे मांगने का। एक धोखेबाज ने ऐसे ही डब्लूएचओ के एक सेवानिवृत स्वास्थ्य अधिकारी को डिजिटल ठगी का शिकार बनाकर उनको 3.56 लाख रुपये की चपत लगाई है। डब्लूएचओ के सेवानिवृत स्वास्थ्य अधिकारी को डिजिटल ठगी का शिकार बनाया गया है।

**मदद के नाम पर हुआ स्कैम**

साइबर इकोनॉमिक्स और नारकोटिक्स क्राइम स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार,78 साल के सेवानिवृत स्वास्थ्य अधिकारी (डब्लूएचओ) को धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया है। अपनी शिकायत में सेवानिवृत स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उन्हें एक अकाउंट(johnpmeneze@gmail.com) से ईमेल मिला था, जो उनके दोस्त के नाम से था।मालूम हो कि पीड़ित के दोस्त का ईमेल आईडी johnpmenezes@gmail.com है। यानी दोनों ईमेल में सिर्फ एक 'र' का फर्क है। फर्जी ईमेल में सेवानिवृत अफसर को पहले तो खुद के दादा बनने की जानकारी दी जाती है, जिस पर पीड़ित उसे बधाई देते हैं। इसके बाद पीड़ित को एक और अन्य मेल मिलता है, जिसमें उन्हें लंदन से भारत आने की फ्लाइट छूट जाने का जिक्र किया जाता है , और पत्नी की तबियत खराब होने की बात कही जाती है, साथ ही कुछ पैसों की मदद भी मांगी जाती है। दोस्ती का फर्ज निभाते हुए पीड़ित उनकी मदद करने के लिए तैयार हो जाते हैं और उन्हें पैसे दे देते हैं। पहला ईमेल 26 जुलाई को आता है। ऐसे ही मदद के नाम पर पीड़ित से 26 जुलाई से 31 जुलाई के बीच कुल 3.56 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए जाते हैं। यह राशि उन्होंने कोटक महिंद्रा बैंक अकाउंट से ट्रांसफर की थी, जिसका जिक्र उन्होंने अपनी शिकायत में किया है। बाद में जब पीड़ित को धोखाधड़ी का अंदेशा होता है ,तो वह पुलिस को मामले की जानकारी देते हैं और धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाते हैं। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

## काशी को मांस -मदिरा मुक्त क्षेत्र घोषित करने की मांग



**आरएनएम। वाराणसी**

बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी को मदिरा- मांस मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिए रविवार को आगमन संस्था और ब्रह्म सेना ने संत आग्रह पदयात्रा निकाली। जिसमें 50 से ज्यादा मठों-मंदिरों के पीठाधीशों, शैक्षणिक व सांस्कृतिक संगठनों के संतों-महंतों का समर्थन मिला। सभी ने मांस मदिरा मुक्त हो काशी, इसके हैं हम सब अभिलाषी का नारा बुलंद किया। लेकिन इससे वे लोग खिन्न हैं जो हैं तो घोर भक्त, लेकिन मांस मदिरा सब निवाला बनाते हैं। कश्मीरी गंज स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के भेजे संबोधन पत्र को पढ़ा गया। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी महाराज ने कहा कि यह संत आग्रह पदयात्रा नूतन काशी के पुरातन स्वरूप का एक अभिन्न अंग है। आधुनिकता और विलासिता पूर्ण जीवन के आदि हो चुके लोगों के लिए यह एक चेतावनी है। सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की परिचायक काशी नगरी का मांस-मदिरा से मुक्त होना इसके पौराणिक स्वरूप को बनाए रखने के लिए अत्यंत अनिवार्य है। सुमेरुपीठ के शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती कहा कि वैसे तो सप्तपुरियों में सम्मिलित सभी नगरियों का महात्म्य बहुत ही विशेष है किन्तु काशी का वैशिष्ट इसलिए बढ़ जाता है कि यहां जीवित मनुष्य को ज्ञान और जीवन के उपरांत मोक्ष की प्राप्ति सहज रूप से होती है। इस महाश्मशान भूमि पर आदिदेव महादेव यहां दिवंगत होने वाले व्यक्ति के कान में स्वयं तारक मंत्र देते हैं। इस दृष्टि से संसार की दुर्लभ नगरी होने के नाते काशी में धार्मिक भावनाओं का पूर्ण रूपेण सम्मान होना चाहिए। मांस-मदिरा पर प्रतिबंध लगना चाहिए। यात्रा का प्रारम्भ काशी के संत समाज ने भगवान शिव,प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के विग्रह का विशेष अर्चन पूजन किया। प्रतिबंध के लिए प्रधानमंत्री व काशी के सांसद नरेन्द्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य संबंधित विभागों को भी पत्र व ज्ञापन भेजा गया है। देखिए क्या होता है।

## भारत सरकार ने एलसीए तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमान निर्माण को दी मंजूरी



### जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित करने से रास्ता हुआ साफ

### इंजन की अनुपलब्धता के कारण प्रोटोटाइप का निर्माण अटका हुआ था

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। अभी तक इंजन की अनुपलब्धता के कारण प्रोटोटाइप का निर्माण अटका हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित किये जाने का समझौता होने बाद एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। भारतीय वायुसेना लगभग दो साल पहले स्वदेशी शक्तिशाली लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 की डिजाइन को मंजूरी दे चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने पिछले साल 31 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद इस साल के अंत तक स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इसके लिए इंजन फाइनल न होने से प्रोटोटाइप का विकास अधर में लटका था। अब केंद्र सरकार ने हल्के लड़ाकू विमान मार्क-2 के छह प्रोटोटाइप पर काम शुरू करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।

केंद्र का यह निर्णय वाशिंगटन डीसी में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच हालिया बैठक के बाद आया है, जहां भारत में जीई-414 विमान इंजन का उत्पादन करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ था। भारत में जीई-414 इंजन के निर्माण पर समझौते के साथ सरकार की मंजूरी मिलने से परियोजना साकार होने के एक कदम करीब आ गई है। हालांकि, भारत सरकार ने रास्ता साफ कर दिया है, लेकिन अमेरिकी कांग्रेस से मंजूरी अभी भी लंबित है। इसके बावजूद इस सौदे को अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों से मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रोटोटाइप के विकास में लगभग 5-6 साल लगने का अनुमान है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) 15 साल या उससे अधिक की अवधि में 230 एलसीए मार्क-2 विमानों का निर्माण करेगा। इस व्यापक परियोजना पर हजारों करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। एलसीए मार्क-2 कार्यक्रम से भारत की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ ही वायु सेना का हवाई बेड़ा भी मजबूत होगा। भारतीय वायु सेना शुरूआत में 108 विमानों का ऑर्डर दे सकती है। बाद में इनकी अंतिम गिनती 230 हो सकती है, जिसके बाद 2030 तक बेड़े में लड़ाकू विमान होंगे।




## फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का बॉक्स ऑफिस पे जलवा बरकरार



**हाल** ही में रिलीज हुई फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म की भव्यता, गाने, निर्देशन, दिग्गज कलाकार ये सब फिल्म के पहलू हैं, इसलिए इस फिल्म को बनने में चार महीने लगे हैं। अब इस बात का खुलासा हो गया है कि फिल्म ने रिलीज के नौ दिनों में कितनी कमाई की है। फिल्म "रॉकी और रानी की प्रेम कहानी" को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। इस तरह यह बात सामने आई है कि फिल्म ने 9वें दिन अच्छी कमाई की है। अनुमान है कि रविवार को यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आकंड़ा भी छू लेगी। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट स्टारर इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन यानी 28 जुलाई को 11.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## मां बनीं इलियाना डिक्रूज, साझा की बेटे की पहली तस्वीर...



**अभिनेत्री** इलियाना डिक्रूज ने एक बेटे को जन्म दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर अपने प्रशंसकों को बताया कि वह एक अगस्त को मां बन गईं हैं और उन्होंने अपने बेटे का नाम कोआ फीनिक्स डोलान रखा है। बर्फी, रुस्तम और मैं तेरा हीरो जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं इलियाना (36) ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे की तस्वीर भी साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि अपने प्यारे से बेटे का इस दुनिया में स्वागत करके हमें कितनी खुशी हो रही है।

## 'गदर 2' की रिलीज से पहले सनी देओल, अमीषा पटेल ने अटारी-वाघा बॉर्डर का किया दौरा

**बॉलीवुड** एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल ने अपनी फिल्म 'गदर 2' की रिलीज से पहले पंजाब में अटारी-वाघा बॉर्डर का दौरा किया। 22 साल बाद फिल्म में सकीना अली सिंह की भूमिका निभाने वाली अमीषा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सनी देओल और उदित नारायण के साथ, बीएसएफ जवानों की पूरी टुकड़ी के साथ खड़ी नजर आईं और अटारी की तरफ पूरी सीमा



भरी हुई थी। उन्होंने कैप्शन दिया, गदर 2 की टीम प्रमोशन के लिए भारत-पाक वाघा बॉर्डर पर है। इसके बाद, नेटिजन्स ने कलाकारों की प्रशंसा करते हुए अपना उत्साह साझा किया और देशभक्ति के उत्साह में जय हिंद, वंदेमातरम, हिंदुस्तान जिंदाबाद! और मेरा भारत महान! लिखा। इससे पहले एक्टर 'रिट्रीट सेरेमनी' में भी शामिल हुए थे। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, प्रतिष्ठित बीएसएफ जवानों के साथ अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी को देखकर सम्मानित महसूस हुआ। मुझे वह ऊर्जा और उत्साह पसंद आया जिसके साथ माहौल हिंदुस्तान जिंदाबाद के जोरदार नारों से गूंज उठा।

### आयोजन | राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर जागरूकता बढ़ाने को एकजुट हुए देश के 26 शहर

# एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ का दिया संदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (6 अगस्त 1994 को चेन्नई में गठित) ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस का रविवार को आयोजन किया। इस अवसर पर देश भर के 26 शहरों में अंगविच्छेद मुक्त भारत के थीम पर एक वॉकथॉन का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया - एक मील चलो, मुस्करा कर जीओ। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से शुरू वॉकथॉन इंडिया गेट की परिक्रमा कर वापस नेशनल स्टेडियम पहुंचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया विजन के मद्देनजर वीएसआई ने वॉकथॉन का आयोजन किया जिसका मुख्य लक्ष्य शरीर के अंग विच्छेद की स्थिति पैदा करने वाले कारणों (डायबीटीज,



धूम्रपान, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने) से बचना है। स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल, जागरूकता और किसी अन्य समस्या का समय से निदान कर यह लक्ष्य पूरा होगा। वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपिश साहू ने कहा, हमारा मिशन एम्प्युटेशन फ्री इंडिया बनाने के मकसद से संपूर्ण वैस्कुलर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा सभी समुदायों को अधिक स्वस्थ बनाना है। अभियान में पूरे भारत का उत्साह देख कर हम बहुत प्रोत्साहित हैं। आज राष्ट्रीय वैस्कुलर दिवस पर देश भर के 26 शहरों में एक साथ वॉकथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें 8,000 से अधिक लोगों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस पहल को अपना समर्थन देने के लिए कई अन्य प्रसिद्ध वैस्कुलर सर्जन उपस्थित थे जिनमें डॉ. वी.एस. बेदी, डॉ. कर्नल कुमुद राय, डॉ. राजीव पारख, डॉ. तरूण ग्रोवर, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. अजय यादव, डॉ. रावुल जिंदल और डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष, वीएसआई) खास तौर से उल्लेखनीय हैं। आज के दौर में जब भारत को दुनिया का डायबीटीज कैपिटल कहा जा रहा है इस राष्ट्रीय अभियान की अहमियत बढ़ जाती है। सेहत के लिए हानिकारक जीवनशैली और गलत खान-पान के चलते एक बड़ी आबादी पर अंग-विच्छेद का खतरा है जबकि इसकी रोकथाम मुमकिन है। यह अभियान पूरे देश में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है ताकि जीवनशैली में बदलाव कर लोग अंग-विच्छेद की नौबत नहीं आने दें और यदि जरूरत पड़े तो जल्द इलाज कराएं। इससे उनके जीवन की गुणवत्ता बनी रहेगी। वैस्कुलर रोगों के मरीजों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए स्वीकार्य मानक पूरा करने के लिए नवीनतम तकनीक अपनाना। वैस्कुलर सर्जनों और वैस्कुलर रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ानाः भविष्य की बड़ी चुनौतियों में से एक है - स्वास्थ्य कर्मियों और सर्वसाधारण लोगों में जागरूकता बढ़ाना। वैस्कुलर रोगों के सामान्य लक्षण -पैर में सूजन, पैरों में अचानक दर्द/रंग खराब होना, घाव नहीं भरना, गैंग्रीन, नसें दिखना और फैल जाना। यदि आपको एक भी उपरोक्त लक्षण है, तो जल्द से जल्द अपने नजदीकी वैस्कुलर और एंडोवस्कुलर सर्जन से परामर्श लें।